kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-139 ❒ शुक्रवार, 19 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा समाज बनाने का संकल्प है जो



मानव कल्याण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित हो। **द्रौपदी मुर्मु**

फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले पीएम मोदी 11

उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी 12

## संक्षेप

### बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस के उस फैसले पर कोई अंतरिम आदेश देने से गुरुवार को इनकार कर दिया जिसके तहत टीएमसी के बागी गुट के विधायक ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार करते हुए मामले को अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। तृणमूल विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने विपक्ष के नेता पद के लिए उनकी दावेदारी खारिज किए जाने और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा ऋतब्रत बनर्जी को इस पद पर नियुक्त किए जाने को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया था। राज्य विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार को शुरू हुआ और इसकी कार्यवाही 25 जून को समाप्त होनी है। ऐसे में हस्तक्षेप से अदालत के इनकार का प्रभावी अर्थ यह है कि विधानसभा अध्यक्ष की मंजूरी से नियुक्त बागी तृणमूल गुट के पदाधिकारी फिलहाल अपने-अपने पदों पर काम करते रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने ऋतव्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता, जावेद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा को उपनेता तथा अखरुज्जमां को मुख्य सचेतक नियुक्त करने की मंजूरी दी थी। अदालत ने याचिका में प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति राव ने कहा कि याचिकाकर्ता को इसके बाद दो सप्ताह में उन हलफनामों पर जवाब दाखिल करने का अवसर मिलेगा।

### बसपा ने हापुड़ और हसनपुर सीट पर प्रत्याशी घोषित किए

**अमरोहा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दो सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हापुड़ विधानसभा सीट से विपिन दीवान और अमरोहा जिले की हसनपुर सीट से पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टू को प्रत्याशी बनाया गया है। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने दोनों नामों की पुष्टि करते हुए कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। पार्टी का दावा है कि उसने कई सीटों पर सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत उम्मीदवारों का चयन किया है। सूत्रों के अनुसार, बसपा 22 जून से विभिन्न जिलों में सीटवार प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा का अभियान शुरू करेगी। शिकारपुर, सहारनपुर देहात, पुरकाजी, गढ़मुक्तेश्वर और सरधना समेत कई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम लगभग तय हो चुके हैं। बसपा का मानना है कि समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा से संगठन को चुनावी तैयारी के लिए अधिक समय मिलेगा, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ मिल सकता है।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामला

# जांच में मिले सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के सबूत

एजेंसी

अयोध्या। राम मंदिर दानराशि में गड़बड़ी की जांच लगातार जारी है। एसआईटी ने लगातार चौथे दिन भी संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। बृहस्पतिवार को राम मंदिर के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र से पूछताछ की गई। एसआईटी ने पिछले तीन दिनों में 60 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। दान गणना प्रक्रिया, मंदिर से बैंक तक धनराशि को ले जाने की प्रक्रिया समझी गई। सीसीटीवी कैमरों की जांच हुई।

जांच में सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के भी सबूत मिले हैं। इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच रहे हैं। वे राम मंदिर में दर्शन करने भी जाएंगे। जानकारी के अनुसार एसआईटी




शुक्रवार को जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री को सौंप सकती है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक की जांच में जो दोषी पाए गए हैं उन पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। एसआईटी चंपत राय, गोपाल राव समेत राममंदिर ट्रस्ट के कई अन्य पदाधिकारियों व उनसे जुड़े लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक ये लोग कई सवालों के ● शेष पेज 11 पर

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी नीट यूजी 2026 की परीक्षा

## तनाव और अफवाहों से दूर, मन को रखें शांत

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) 21 जून को नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा आयोजित करेगी। एजेंसी ने अभ्यर्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे अफवाहों और सोशल मीडिया पर चल रही अपुष्ट सूचनाओं से दूर रहें तथा केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी, लेकिन केंद्रों पर प्रवेश और सुरक्षा जांच सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है।

एनटीए ने कहा है कि परीक्षा तय कार्यक्रम के अनुसार होगी। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह की नकल या गड़बड़ी की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पांच लाख से




अधिक सुरक्षाकर्मी, छह हजार से अधिक पर्यवेक्षक और 674 शहर समन्वयक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। ज्ञात हो कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत पेपर लीक और नकल के मामलों में 10 वर्ष तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। अब बैंक विवरण भरे बिना भी प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। बैंक खाते की जानकारी बाद में भी अपडेट की जा सकेगी। जिन अभ्यर्थियों से बैंक संबंधी जानकारी में गलती हुई है, उन्हें परीक्षा के बाद सुधार का एक और मौका मिलेगा। एनटीए ने चेतावनी दी है कि टेलीग्राम, व्हाट्सऐप या फोन पर पेपर दिलाने या रिफंड जल्दी कराने के नाम पर मांगे जा रहे पैसे और लिंक धोखाधड़ी का हिस्सा हैं। एजेंसी कभी भी ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन नहीं मांगती। मानसिक दबाव महसूस करने वाले छात्र 'मानस' मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 14416 पर संपर्क कर सकते हैं। पेपर लीक विवाद के बाद रद्द हुई नीट-यूजी 2026 परीक्षा के दोबारा आयोजन के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। 21 जून को होने वाली परीक्षा में 22.7 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस बार प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर ओएमआर शीट जमा होने तक हर चरण पर निगरानी रहेगी।

### इस बार हुए तीन बदलाव

अभ्यर्थियों को प्रश्न हल करने के लिए पूरे 195 मिनट मिलेंगे। हस्ताक्षर और उपस्थिति जैसी औपचारिकताएं अलग से कराई जाएंगी।

रफ वर्क के लिए पन्नों की संख्या दो से बढ़ाकर चार कर दी गई है।

रफ पेज आगे और पीछे दोनों ओर दिए गए हैं, जिससे बाएं हाथ से लिखने वाले छात्रों को भी सुविधा होगी।

### 21 जून : मिनट-दर-मिनट कार्यक्रम

सुबह 11:00 बजे: केंद्र में प्रवेश और जांच शुरू
दोपहर 1:30 बजे : मुख्य द्वार बंद
दोपहर 1:40 बजे परीक्षा कक्ष में अंतिम प्रवेश
दोपहर 1:55 बजे : टेस्ट बुकलेट वितरण, कोड और पृष्ठों की जांच
दोपहर 2:00 बजे : परीक्षा शुरू
शाम 5:15 बजे : परीक्षा समाप्त

# मेरे लिए पूरा उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ का परिवार : योगी

एजेंसी

उन्नाव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि गत 12 वर्षों में देश में और 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किया, वह कांग्रेस व सपा सरकारें नहीं कर सकीं, क्योंकि भ्रष्ट व क्षमता विहीन ये लोग गरीब के बारे में नहीं, केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार से बाहर कभी नहीं सोचा और सपा के लिए केवल सैफई ही परिवार था। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को घर और 140 करोड़ लोगों को ही परिवार माना है। मेरे लिए उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। उनकी समृद्धि के लिए कार्य करना ही हमारा मिशन है।

मुख्यमंत्री योगी यहां आज 570 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम पंचायत डीह, भवानी खेड़ा चौराहा, हिंदु खेड़ा उन्नाव में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। सीएम ने स्थानीय लोगों को जानकारी दी कि वीर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृति में निर्मित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की क्षमता भी दोगुनी कर दी गई है।

सीएम ने कहा कि सपा सरकार के समय गरीब या अन्य राजनीतिक दल आवाज उठाते थे तो इनके गुंडे व माफिया उनकी आवाज दबाने के साथ ही व्यापारियों का अपहरण कर प्रदेश में अराजकता का तांडव करते थे। रामायण काल में खर-दूषण, मारीच व सुबाहु का आतंक ऐसा ही रहा

## सपा के लिए सैफई ही घर-परिवार : मुख्यमंत्री



### योगी बोले

- ❒ मुख्यमंत्री ने उन्नाव में 570 करोड़ की 101 योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- ❒ सपा-कांग्रेस नेताओं के आंसू गरीबों के लिए नहीं, माफिया के मरने पर निकलते
- ❒ लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल का प्रस्ताव: मुख्यमंत्री योगी

होगा, जैसे सपा सरकार के समय सत्तापोषित माफिया का था। कांग्रेस व सपा के नेताओं को कभी गरीब के लिए आंसू बहाते नहीं देखा होगा। इनके आंसू माफिया के मरने पर बहते हैं।

मुख्यमंत्री ने उन्नाव को अध्यात्म, साहित्य व क्रांति की धरा बताया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय आध्यात्मिक स्थलों, साहित्यकारों, क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की अस्मिता पर संकट के समय गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए राजा रामबख्श सिंह, वीर गुलाब सिंह लोधी ने अपने बलिदान से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें उखाड़ दीं।

मुख्यमंत्री बोले, स्वामी साक्षी महाराज जी कहते थे कि लखनऊ व कानपुर के बीच उन्नाव खुद को उपेक्षित महसूस करता है। तब मैंने कहा था कि विकास की हर योजना उन्नाव में भी आएगी। आज उन्नाव की कनेक्टिविटी हर तरफ से फोरलेन की हो गई है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए उन्नाववासी लखनऊ को बाईपास कर सीधे दिल्ली, प्रयागराज जा सकते हैं। कानपुर के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। उन्नाव व कानपुर की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी में अतिरिक्त ब्रिज की मांग भी पूरी की गई। हम उन्नाव को पिछड़ने नहीं देंगे। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर व गंगा एक्सप्रेसवे पर इंडस्ट्रियल कलस्टर विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण हो चुका है। डिफेंस कॉरिडोर के लिए लगभग 700 एकड़ लैंड और लगभग 200 एकड़ लैंड इंडस्ट्री कलस्टर के लिए उन्नाव जनपद के लिए तैयार है। उद्योग लगने से स्थानीय ● शेष पेज 11 पर

# 'आतंकी गतिविधियों का अड्डा बना टेलीग्राम'

## हाई कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने हाल ही में सिक्योर मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को हफ्ते भर के लिए बैन कर दिया है। टेलीग्राम ने कोर्ट में चैलेंज भी किया है। टेलीग्राम को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा दावा किया है। सरकार ने कोर्ट में कहा है कि टेलीग्राम आतंकवादी गतिविधियों के लिए सबसे आसान और सुविधाजनक प्लेटफॉर्म बन गया है।

मामले की सुनवाई से पहले सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि इस केस में विस्तृत जवाब कोर्ट रजिस्ट्री में दाखिल कर दिया गया है। जैसे ही यह रिकॉर्ड पर आएगा, सुनवाई शुरू होगी। सॉलिसिटर जनरल ने यह भी कहा कि टेलीग्राम को बुलाया गया था और उनकी बात सुनी गई। उनकी दलीलों और उस पर की गई जांच के




निष्कर्ष रिकॉर्ड में दर्ज हैं। सरकार की ओर से बताया गया कि इस मामले की सुनवाई एक कमेटी ने की थी, जिसकी अगुवाई कैबिनेट सचिव ने की। इस दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि अगर इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल किया जाता है, तो 48 घंटे के अंदर सुनवाई का मौका देना जरूरी होता है। इस पर सरकार ने कहा कि इस मामले में सुनवाई का अवसर दिया गया था। अब इस केस में कोर्ट का अगला कदम अहम होगा, क्योंकि यह फैसला तय करेगा कि भारत में टेलीग्राम का भविष्य क्या होगा।

नीट एग्जाम से पहले टेलीग्राम ऐप प्लेटफॉर्म पर अस्थाई बैन लगाने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दाखिल टेलीग्राम की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित किया। बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि क्या आप किसी के राइट को प्रोटेक्ट करने के लिए दूसरे के राइट को ब्लॉक कर सकते हैं? कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल मेहता ने दलील दी है कि अगर टेलीग्राम पर कुछ गलत होता है तो क्या कंपनी इसकी जिम्मेदारी लेगी? उन्होंने कहा कि टेलीग्राम पर बैकडेटिंग फीचर असली खतरा है। ● शेष पेज 11 पर

## 'ईपीएफ में 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज देने का प्रस्ताव मंजूर'

नयी दिल्ली। कर्मचारी भाविष्य निधि योजना (ईपीएफओ) के अंशधारकों को उनके ईपीएफ खाते में 2025-26 के दौरान जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज के भुगतान को सरकार ने मंजूरी दी है। यह जानकारी गुरुवार को यहां सूत्रों ने दी और कहा कि ईपीएफ की जमाओं पर ब्याज की राशि इस माह खातों में हस्तांतरित की जा सकती है। गौरतलब है कि गत 2 मार्च को केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ईपीएफ पर ब्याज 8.25 प्रतिशत रखे जाने का निर्णय लिया गया था और इसे अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा गया था। सूत्रों ने कहा कि सीबीटी ● शेष पेज 11 पर

# झारखंड राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग

एजेंसी

❒ एनडीए समर्थित परिमल नाथवानी जीते, कांग्रेस को झटका

रांची। झारखंड राज्यसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफ़ेर देखने को मिला है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा।

मतगणना से मिली जानकारी के अनुसार, एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को 28 वोट प्राप्त हुए, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। वहीं झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम भी राज्यसभा



पहुंचने में सफल रहे। इस तरह राज्यसभा की दो सीटों में एक सीट झामुमो और दूसरी सीट एनडीए के खाते में गई। महागठबंधन की ओर से कांग्रेस ने प्रणव झा को उम्मीदवार बनाया ● शेष पेज 11 पर

# छह सांसदों ने किया शिंदे खेमे का समर्थन

## शिवसेना (यूबीटी) में टूट की पुष्टि

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के प्रमुख सियासी दल और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के भीतर एक और विभाजन की गुरुवार को उस समय प्रभावी रूप से पुष्टि हो गई, जब पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र सौंपकर अपने समूह का महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय करने की मांग की।

इन छह बागी सांसदों में संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), नागेश पाटिल आष्टीकर (हिंगोली), संजय जाधव (परभणी), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी-अजा) और ओमप्रकाश उर्फ ओम राजे निंबालकर (उस्मानाबाद) शामिल हैं। इस गुट के बगावत के बाद अब शिवसेना



(यूबीटी) में श्री उद्धव ठाकरे के प्रति वफादार रहने वाले तीन सांसद अरविंद सावंत (मुंबई दक्षिण), अनिल देसाई (मुंबई दक्षिण मध्य) और राजाभाऊ वाजे (नासिक) ही बचे हैं। इस राजनीतिक संकट के बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेतृत्व ने पार्टी के संसदीय विंग पर नियंत्रण का दावा करने के बागियों के प्रयास का मुकाबला करने के लिए तेजी से कदम बढ़ाया। शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य सचेतक ने संसदीय दल की बैठक बुलाई है। शिवसेना के राज्यसभा सदस्य और संसदीय दल के नेता संजय राउत ने श्री सावंत और श्री ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर

## अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए 60 दिन का युद्ध विराम लागू

एजेंसी

एवियन (फ्रांस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध विराम को 60 दिन तक बढ़ाने के लिए गुरुवार को एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते का उद्देश्य ईरान-अमेरिका टकराव के चलते बंद पड़े महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार मार्ग को खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांस के वर्साय शहर में ऐतिहासिक वर्साय महल में और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने तेहरान में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारतीय समय के अनुसार आज सुबह पांच बजे से प्रभावी माना गया है। वर्साय पैलेस में हस्ताक्षर समारोह का आयोजन श्री ट्रम्प के सम्मान में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा आयोजित रात्रि-भोज के ठीक पहले किया गया था। दोनों पक्षों ने इसे युद्ध को खत्म करने की दिशा में पहला बड़ा कदम बताया है। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक वीडियो में श्री ट्रंप फारसी भाषा के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए दिख रहे हैं। हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने कलम विदेश मंत्री मार्को रुबियो को थमा दी और निर्देश दिया कि इसे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को सौंप दिया जाए ताकि वे भी इस पर हस्ताक्षर कर सकें। वहां मौजूद लोगों ने इस समझौते पर ताली बजाकर श्री ट्रंप का स्वागत किया। इसके कुछ ही समय बाद तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने भी इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि श्री पेजेशकियन ने इस समझौते पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हस्ताक्षर करने के साथ ही यह समझौता 'तुरंत' लागू हो गया है। 'इस्लामाबाद समझौते' के नाम से जाने जाने वाले इस समझौते पर दोनों पक्षों की महीनों की प्रत्यक्ष और परोक्ष बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गये हैं। इसके जरिए शांति बहाली के लिए एक व्यापक खाका तैयार किया गया है।दोनों देश अगले 60 दिनों में इस व्यवस्था को ठोस रूप देने की कोशिश करेंगे। वर्साय का यह समारोह महीनों के तनाव और संघर्ष के बाद कूटनीति और बातचीत की सफलता का बड़ा अवसर रहा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम और पश्चिम एशिया में सशस्त्र गुटों को ईरान के समर्थन से उत्पन्न विवाद



ने 28 फरवरी युद्ध का रूप ले लिया। युद्ध के पहले दिन अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडरों की मृत्यु हो गयी। यह युद्ध तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया तथा होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग बंद हो गया जो कि दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और गैस के व्यापार का रास्ता है। इस लड़ाई से तेल बाजार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भारी असर पहुंचा है। इसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ी है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने इस हस्ताक्षर को इस वर्ष की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलताओं में से एक बताया, जिसने दशकों से दुश्मन रहे दो देशों के प्रतिनिधियों को एक साथ ला खड़ा किया। प्रारंभिक समझौते में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को फिर से खोलेगा। सहमति पत्र में ईरान में सुधार और आर्थिक स्थिरता के लिए 300 अरब डॉलर की पुनर्निर्माण एवं विकास योजना का भी प्रस्ताव है। अमेरिका ईरान पर लगाये गये सभी प्रतिबंधों को खत्म करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। इसे लागू करने का ब्योरा तय किया जाएगा। ईरान का परमाणु कार्यक्रम विवाद का सबसे बड़ा मुद्दा है और यह अभी पूरी तरह से हल नहीं हुआ है। प्रारंभिक समझौते में परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए 60 दिनों का समय रखा गया है, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया भी जा सकता है। इस दौरान दोनों पक्ष परमाणु सुरक्षा और जांच के उपायों पर एक व्यापक समझौते तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। शुरुआती बातचीत के तहत ईरान ने फिर से भरोसा दिलाया कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। समझौते में यह भी व्यवस्था है कि ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की देखरेख में कम किया जाएगा। अमेरिका पहले कह रहा था कि ईरान से पूरी परिशोधित परमाणु सामग्री को हटाना ● शेष पेज 11 पर

# ओम प्रकाश राजभर अफ़वाही मंत्री : अखिलेश

## टिकटार्थियों के अलावा अधिकारी ठेकेदार लगा रहे 'ढुंढाई' पंचायत घोटाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को भी सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर पर हमला जारी रखा। ओम प्रकाश के दावों के बीच उन्होंने दावा किया कि पंचायती राज विभाग में टिकट लाने वालों के साथ ही तबादलों में बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने ओम प्रकाश राजभर को अफ़वाही मंत्री करार दिया।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंचायती समाचार, टिकटार्थियों के बाद अधिकारी और ठेकेदार मिल 'ढुंढाई पंचायत' कर रहे हैं। कल तक तो 'अफ़वाही' मंत्री को केवल भावी प्रत्याशी ही ढूँढ रहे थे, जिनसे इन्होंने टिकट के नाम पर एडवांस वसूल लिया था, लेकिन अब जो जान गए हैं कि '30 सीट' की बात अफ़वाह है। न तो इन्हें एक भी सीट मिल रही है और ले-देकर मिल भी गई तो भी ये जीतने वाले नहीं हैं।



अखिलेश यादव ने कहा कि इनकी सच्चाई बाहर आते ही अब तो सुना है, वो एई, जेई और एएमए अधिकारी और विभागीय ठेकेदार भी इनको ढूँढने के लिए मिल-बैठकर 'पंचायत' कर रहे हैं, जिनसे ट्रांसफर-पोस्टिंग व कॉन्ट्रैक्ट दिलवाने के नाम पर इन्होंने एडवांस वसूल लिया है। जिस काली-कमाई के पैसे के बल पर इनके 'बड़े बोल' निकल रहे हैं, अब वो पैसा ही इनके ख़िलाफ़ 'पंचायत' बैठा रहा है। दूसरी ओर अखिलेश यादव ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी मुख्यालय पर संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली ताकत है। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट कर रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की जनता सतर्क हैं। इस बार भाजपा का कोई छल, बल, धोखा और चाल कामयाब नहीं होगी। जनता भाजपा के झूठ और लूट को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराध लगातार बढ़ते जा रह है। महिलाएं, बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। कन्नौज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, गाजीपुर, हाथरस, कानपुर समेत तमाम जिलों में बच्चियों की निर्मम हत्याएं हुई है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिला। भाजपा सरकार में दोषियों को बचाया जाता है। निर्दोषों के खिलाफ अत्याचार हुए। भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी सरकार में महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई 1090 सेवा को निष्क्रिय कर दिया। भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउण्टर का डंका पीटा जा रहा है। फर्जी एनकाउण्टर से कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है।

# भाजपा–सपा के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं बसपा के पूर्व सांसद अतुल राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व सांसद अतुल राय 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। हालाकि भाजपा के सूत्रों की मानें तो अतुल राय की सक्रियता पूर्वांचल की आधा दर्जन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ ही समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकती है।

अतुल राय हाल ही में मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से परिवार के किसी सदस्य को चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट से सांसद रह चुके अतुल राय की पूर्वांचल के गाजीपुर, बलिया, वाराणसी और मऊ जिलों की कई विधानसभा सीटों पर मजबूत पकड़ मानी जाती है।

गाजीपुर जिले की मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट पर फिलहाल समाजवादी पार्टी का कब्जा है। पिछले चुनाव में इस सीट पर जीतने के लिए भाजपा भी जोर आजमा चुकी है लेकिन दिवंगत भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय चुनाव नहीं जीत पाई थीं। हालांकि अबकी बार कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय , कृष्णानंद राय के भतीजे और भावरकोल ब्लॉक के प्रमुख आनंद राय उर्फ मुन्ना राय और भाजपा नेता मनोज राय समेत कई नेता अपनी दावेदारी ठोकने में जुटे हैं। ऐसे में इस विधानसभा में अतुल राय की एंट्री से नया समीकरण पैदा हो सकता है। हाल ही में अतुल राय ने गाजीपुर जिले के अपने पैतृक गांव बीरपुर में एक बच्चे के मुंडन संस्कार में करीब डेढ़ लाख लोगों की भीड़ जुटाई थी। सूत्रों की मानें तो इस कार्यक्रम की एलआईयू रिपोर्ट भी शासन को भेजी गई थी। इस भीड़ ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। अतुल राय की नजर पूर्वांचल की मोहम्मदाबाद, मधुबन, घोसी, सेवापुरी, रोहनिया, फ़ेफना और जमानिया सीट पर है। उनके करीबियों का दावा है कि इन सीटों पर पूर्व सांसद 5 हजार से लेकर 25 हजार वोट तक प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा का प्रदेश नेतृत्व भी अतुल राय और उनके कार्यक्रमों पर पूरी नजर रख रहा है। इन सात सीटों में से मोहम्मदाबाद, फ़ेफना, जमानिया, घोसी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी 2022 में चुनाव जीते थे जबकि सेवापुरी और रोहनिया में भाजपा के सहयोगी दल अपना दल के विधायक हैं। भाजपा इस बार पूर्वांचल में अपना समीकरण सही करने के लिए पूरा ज़ोर लगा रही है। अतुल राय की भूमिहार बिरादरी के साथ ही अन्य समाज में भी अच्छी पैठ मानी जाती है। अगर इन सीटों पर अतुल राय अपने करीबियों को मैदान में उतारते हैं तो भाजपा के साथ ही समाजवादी पार्टी के लिए बड़ा संकट पैदा हो सकता है। पूर्वांचल में वैसे भी भाजपा की राह आसान नहीं है। गाजीपुर और आजमगढ़ जैसे कई जिले हैं जहां भाजपा अब तक खाता नहीं खोल पाई है। अतुल राय के करीबियों का दावा है कि कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान जब सिस्टम ने काम करना लगभग बंद कर दिया था, तब अतुल राय ने अपने साथियों के माध्यम से गांव गांव तक सेवा पहुंचाई थी जिसकी वजह से लोग उनके साथ खड़े रहते हैं। कोरोना में किए गए कार्यों को लेकर किए जा रहे दावों को लेकर पूर्व सांसद अतुल राय ने ठगक्र से कहा, कोरोना के दौरान मेरी टीम द्वारा जरूरतमंद परिवारों तक 52 दिनों तक लगातार राशन पहुंचाया गया। 80,000 लोगों को आईसीएमआर गाइडलाइन के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। मऊ सीएमओ को 200 मेगा जंबो ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध कराए गए।

# यूपी बोर्ड ने 465 वित्तविहीन विद्यालयों की मान्यता की समाप्त

❒ दो वर्षों से एक भी विद्यार्थी नामांकित न होने पर हुई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने प्रदेश के 465 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता समाप्त कर दी है। यह जानकारी गुरुवार को बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निर्धारित मानकों एवं मान्यता संबंधी शर्तों का अनुपालन न करने तथा लगातार दो वर्षों तक विद्यालयों में एक भी विद्यार्थी नामांकित न पाए जाने के आधार पर की गई है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (मान्यता प्रदान करने तथा विनियमावली) के तहत मान्यता प्राप्त थे। विभिन्न स्तरों पर कराई गई जांच एवं सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि इन विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो रही थीं तथा निर्धारित मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। बोर्ड ने कार्रवाई से पूर्व संबंधित विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया था। प्राप्त स्पष्टीकरणों का परीक्षण करने के बाद संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनकी मान्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि बोर्ड गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों के लिए निर्धारित मानकों एवं नियमों का पालन करना अनिवार्य है। जिन विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नहीं हो रही थीं तथा लगातार दो वर्षों तक एक भी छात्र नामांकित नहीं था, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है।

# धर्म और सेवा के मार्ग पर चलकर ही समरस बनेगा समाज : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुरुषोत्तम मास के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने गोदौलिया चौराहे पर श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क फल एवं शरबत का वितरण किया। इसके उपरांत चौखंबा स्थित षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर में आयोजित भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि पुरुषोत्तम मास सेवा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का पावन अवसर है। उन्होंने कहा, ''धर्म और सेवा के मार्ग पर चलकर ही हम सशक्त, संस्कारवान एवं समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। काशी की पावन भूमि से निकला भक्ति और सेवा का संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज में परोपकार, सेवा और धार्मिक आस्था की भावना को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने योग और आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मंदिर के महाराज षष्ठ पीठाधीश्वर श्री श्याम मनोहर जी एवं षष्ठ पीठ युवराज श्री प्रियंदू बावा ने अधिक मास में आयोजित विविध मनोरथ एवं श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वैष्णव समाज के योगदान की सराहना की। वैष्णव समाज ने सेवा, समर्पण और धर्म के प्रति अपनी निष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। आयुष मंत्री ने गोपाल मंदिर प्रबंधन एवं वैष्णव समाज द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में पार्षद संजय विश्वंभरी, गौरव राठी, कन्हैया लोहिया, उमेश जोगइ, सर्वेश वर्मा, पार्षद जितेंद्र कुशवाहा, 'भईयो भैया', मनोज कपूर, अरुण पारिख, मनोज 'मुनीम', प्रमोद राय, मधुसूदन दास , अतुल शाह, सौरभ राय, राजेश वर्मा, आकाश सेठ, सुनील मिश्रा, सौरभ पाठक, दीपेश चौधरी, संजय शाह, मक्खन , बालकृष्ण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोसंरक्षण और प्राकृतिक खेती से ही समृद्ध होगा किसान : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग गाय का दूध लेने के बाद उसे बेसहारा छोड़ देते हैं और जब वही गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचाता है तो सरकार को दोष देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि गोमाता की रक्षा की जाएगी और देश की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक कृषि प्रोत्साहन कार्यशाला को संबोधित करते हुये उन्होने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी गोमाता को परिवार का हिस्सा मानता है। गो-आधारित प्राकृतिक खेती कृषि को सशक्त बनाने के साथ-साथ गोसंरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों को विकास का आधार बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान अधिक लागत और कम आय की समस्या से जूझ रहा था, लेकिन केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने उसकी स्थिति में सुधार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की लागत कम करने और स्वास्थ्यवर्धक कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों को उर्वरकों और कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 34 जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गंगा तटवर्ती 27 जिलों और बुंदेलखंड के सात जिलों को इसके लिए चिन्हित किया गया है। प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों के प्रमाणन, पैकेजिंग और विपणन की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 7700 से अधिक गोशालाओं में 14 लाख से ज्यादा गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोवंश पालन करने वाले किसानों को प्रति पशु 1500 रुपये प्रतिमाह सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ लाख किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने किसानों से पराली जलाने के बजाय बायोगैस और एथेनॉल उत्पादन में योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी और देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत निरंतर प्रगति कर रहा है, जबकि विपक्ष केवल आलोचना करने में लगा हुआ है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान समेत अनेक जनप्रतिनिधि और किसान मौजूद रहे।

# पत्रकारिता ने हमेशा जनभावनाओं को स्वर दिया : दयाशंकर मिश्र

## पराड़कर स्मृति भवन के सौंदर्यीकरण के कार्य का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पत्रकारिता केवल समाचारों का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज को उसका वास्तविक स्वरूप दिखाने का दायित्व भी निभाती है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता ने सदैव जनभावनाओं को स्वर दिया है और सत्ता तथा समाज के बीच सेतु का कार्य किया है। ऐसी ही गौरवशाली पत्रकारिता परंपरा की साक्षी रही काशी की धरती पर स्थित पराड़कर स्मृति भवन आज भी पत्रकारिता के मूल्यों और आदर्शों का प्रतीक बना हुआ है।



यह बातें प्रदेश के आयुष एवं औषधि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने गुरुवार को कहीं। पराड़कर स्मृति भवन में अपने विधायक निधि से कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी से निकली आवाज़ों ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। पत्रकारों की इस तीर्थस्थली के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। आयुष मंत्री ने कहा कि काशी सदियों से मनीषियों, चिंतकों और ज्ञान परंपरा की धरती रही है। यही वह भूमि है जिसने अनेक राष्ट्रीय विचारों को जन्म दिया और जननेताओं के सपनों को उड़ान दी। उन्होंने काशी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नगरी ने उन्हें भी सार्वजनिक जीवन में नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की है। इस मौके पर काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। काशी पत्रकार संघ को वाटर कूलर देने के लिए मंत्री ने मालवीय मार्केट व्यावसायिक संघ के पदाधिकारियों अभिषेक केसरी, विनय अरोड़ा, ऋषि आहूजा और गुरमीत सिंह बग्गा को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के महामंत्री जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, आभार कोषाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ अत्रि भारद्वाज, पूर्व महामंत्री अखिलेश मिश्र, उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला, कैलाश यादव, प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदन रुपानी, मंत्री विनय शंकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अजय राय, अश्वनी श्रीवास्तव, सुरेश गांधी, विजय शंकर गुप्ता, शैलेन्द्र भारती, राजेंद्र यादव, सुशील मिश्र, राजेश यादव आदि भी मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से गोल्ड लोन के जेवरात गायब, तीन अधिकारी हिरासत में

एजेंसी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में बैंक ऑफ इंडिया की भारोल शाखा की गोल्ड लोन तिजोरी से करोड़ों रुपये मूल्य के जेवरात गायब होने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है।

पुलिस ने बैंक अधिकारियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तीन अधिकारियों को हिरासत में लिया है तथा उनके कब्जे से कुछ जेवरात भी बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सिरसागंज तहसील क्षेत्र के अरांव विकासखंड स्थित बैंक ऑफ इंडिया की भारोल शाखा में तैनात क्रेडिट अधिकारी दिलीप कुमार गत 27 मई से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे थे। इसके कारण गोल्ड लोन से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे थे और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शिकायत मिलने पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य कुमार, अन्य अधिकारियों और बैंक के पैनल अधिवक्ता शिवकुमार शर्मा ने शाखा पहुंचकर वैकल्पिक चाबी की व्यवस्था से तिजोरी खुलवाई। जांच के दौरान तिजोरी से गोल्ड लोन से संबंधित 96 बैग कम पाए गए, जिससे करोड़ों रुपये मूल्य के जेवरात गायब होने की आशंका जताई गई।

मामले को गंभीर मानते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक की तहरीर पर स्थानीय थाने में तत्कालीन शाखा प्रबंधक सहित तीन लोगों के विरुद्ध गबन और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में बैंक ग्राहक शाखा पहुंचने लगे और अपने गिरवी रखे जेवरातों की सुरक्षा को लेकर जानकारी लेने लगे, जिससे शाखा में चिंता और असमंजस का माहौल बन गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि मामले की जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तत्कालीन शाखा प्रबंधक संदीप यादव, क्रेडिट अधिकारी दिलीप कुमार तथा स्टाफ अधिकारी नरेश कुमार को हिरासत में लिया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-AYC-TW-185-26-1 (Parking - Two - Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.06.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.06.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकरण बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2085/2026



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–08–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–26 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ/उत्तर रेलवे मंडल के टीआरडी परिसंपत्तियों की अर्थिंग और बॉन्डिंग प्रणाली को सुदृढ़ और बेहतर बनाना। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 4,60,53,190.00 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 9,21,100.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनाँक 09.07.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो, होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान **प्रत्येक** दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफ़र के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट**: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **सं0 : टीआरडी–08–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–26 दिनाँक 16.06.2026** **2071/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भाजपा के कई सांसद और विधायक सपा के सम्पर्क में : राजभर

एजेंसी

देवरिया। समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद रमा शंकर राजभर ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने सपा के कई सांसदों के भाजपा के संपर्क में होने का दावा किया था। राजभर ने कहा कि भाजपा के कई सांसद और विधायक सपा के संपर्क में हैं तथा वे केवल चुनाव आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में सपा सांसद ने दावा किया कि भाजपा के कई जनप्रतिनिधि सपा के संपर्क में हैं, लेकिन सत्ता के दबाव के कारण खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सपा की बढ़ती राजनीतिक ताकत से घबराई हुई है और अपने समर्थक मीडिया माध्यमों के जरिए भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को वर्ष 2027 तक भ्रम में रहने दिया जाए, क्योंकि प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के समर्थन से सपा की सरकार बनने जा रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर तंज कसते हुए राजभर ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वह अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे। सपा सांसद ने दावा किया कि भाजपा के लगभग 50 प्रतिशत विधायक समाजवादी पार्टी में आने के इच्छुक हैं और चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद राजनीतिक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हालांकि, उन्होंने अपने दावों के समर्थन में किसी विधायक या सांसद का नाम सार्वजनिक नहीं किया।




# तहसीलदार ने खुलवाया बंद रास्ता

❒ जल निकासी विवाद के बाद शिकायत पर हुई कार्रवाई, जनता ने की प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव स्थित बडोखर गांव में तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एक अवरुद्ध रास्ते को खुलवा दिया। इस कार्रवाई से आम जनता ने तहसीलदार की सराहना की है।

यह विवाद बडोखर में बड़ी मस्जिद के पास बनी आरसीसी सड़क से जुड़ा था। सड़क पर नाली न होने के कारण पानी बहता रहता था, जिससे समस्या उत्पन्न हो रही थी। गांव के भरत लाल त्रिपाठी पुत्र देव कृष्ण त्रिपाठी ने जल निकासी के लिए नाली बनाने की कई बार शिकायत की थी। शिकायतों पर कार्रवाई न होने से मजबूर होकर भरत लाल त्रिपाठी ने उक्त रास्ते को अवरुद्ध कर दिया था।



कुछ दिनों पहले राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन रास्ता नहीं खुल सका था। इसके बाद गांव के ही योगेश त्रिपाठी पुत्र मनोकामना ने तहसील दिवस और एसडीएम से शिकायत कर रास्ता खुलवाने की मांग की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार कोरांव रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार राम मूरत और थाना कोरांव के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर अवरुद्ध रास्ते को खुलवाया। तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने बताया कि वे लोगों की समस्याओं का समाधान करना अपना कर्तव्य समझती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी फरियादी बेझिझक उनसे मिल सकता है और न्यायोचित मामलों में पूरी मदद मिलेगी। इस दौरान तहसीलदार ने बडोखर से चिराव जाने वाली सड़क पर बने नाले के विवाद का भी निरीक्षण किया।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन द्वारा शबील एवं प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरु अर्जन देव के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को विजय नगर, कानपुर रोड पर सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन ने श्रद्धापूर्वक शबील (मीठे शीतल जल) एवं प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन किया। सेवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा क्षेत्रीय पार्षद सौरभ सिंह ने सहभागिता कर सेवा कार्य की सराहना की तथा गुरु साहिब के आदर्शों—मानव सेवा, त्याग एवं समर्पण—से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित संगत एवं नागरिकों को श्री गुरु अर्जन देव के जीवन, उनके महान बलिदान तथा सिख इतिहास में उनके अतुलनीय योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने गुरु साहिब के सत्य, सेवा, सहिष्णुता एवं धर्म की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम की शोभा सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता से और भी बढ़ गई। संस्था के अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह डी.पी., वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार लखविंदर पाल सिंह, उपाध्यक्ष सरदार रणवीर सिंह कालसी, लखनऊ अध्यक्ष सरदार कुलवीर सिंह सोढ़ी, सरदार कुलवंत सिंह , जसपाल सिंह, सुदीप सिंह, मनमोहन सिंह, तेजपाल बग्गा , सुरिंदर सिंह बख्शी , भूपिंदर सिंह पिंडा , जसकरण सिंह कोहली , राजिंदर सिंह राजू , त्रिलोचन सिंह जज , सुरजीत सिंह राजा , भूपिंदर सिंह मोनू , सुरिंदर पाल सिंह घई, अमित गौतम , उत्कर्ष द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं सेवादार उपस्थित रहे।

## खुल गई जलालपुर क्रॉसिंग, मिठाइयां बटी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रक्षा मंत्री के आदेश एवं आलमनगर वार्ड की पार्षद रेखा सिंह व पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह एडवोकेट, और कार्यकर्ताओं के सहयोग से जलालपुर क्रॉसिंग को पुनः खोल दिया गया। उल्लेखनीय है कि रेलवे प्रशासन ने उक्त क्रॉसिंग को दिनांक 22/02/2026 को बंद कर दिया गया था। जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे प्रयासों एवं जनहित में किए गए निरंतर अनुरोधों के फलस्वरूप आज यह महत्वपूर्ण क्रॉसिंग पुनः खोली गई, जिससे क्षेत्र की जनता में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता ने एकत्र होकर क्रॉसिंग खुलने की खुशी में आलमनगर वार्ड की पार्षद रेखा सिंह एवं पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह एडवोकेट के साथ मिठाइयाँ बांटीं, पटाके जलाए।

# डंपर में फंसकर दो किमी घिसटी बाइक, दो की मौत

**भंडारे में शामिल होकर बाइक से लौटते समय बाइक सवार सादू के साथ हुआ हादसा**

**सरोजनीनगर से गुजर रहे किसान पथ के गहरू अंडरपास के निकट हुआ हादसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में गहरू अंडर पास के पास गुरुवार को तेज रफ्तार डंपर ने आगे जा रही बाइक में जोरदार ठोकर मारी। बाइक डंपर के पिछले बंपर में फंसकर करीब दो किमी. तक घिसटती चली गई। सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनों साढ़ू थे। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दुर्घटना के बाद भाग रहे चालक को डंपर समेत स्थानीय पुलिस ने नटकुर के पास पीछा कर पकड़ लिया।

इटौंजा के नकरहा निवासी डीसीएम चालक रामू यादव (45) मोहनलालगंज के रानीखेड़ा में 10 साल से मकान बनवाकर रह रहे थे। रविवार को रामू यादव मोहनलालगंज के हरिकंश गढ़ी निवासी दुकानदार अपने साढ़ू राम सेवक यादव (50) के साथ सीतापुर के नकरहा गए थे। गुरुवार की दोपहर दोनों साढ़ू एक ही बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान सरोजनीनगर गहरु अंडरपास के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डंपर के बंपर में फंस गई। बाइक चला रहे रामू और पीछे बैठे रामसेवक भी डंपर में फंस गए। करीब 50 मीटर तक दोनों बाइक समेत घिसटते रहे। फिर दोनों सड़क पर गिर पड़े। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भागा। डंपर में फंसी बाइक दो किमी. तक घिसटती गई। डंपर में फंसकर सड़क पर घिसटती बाइक देखकर राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना पाते ही सरोजनी नगर पुलिस ने भाग रहे डंपर चालक का तुरंत पीछा किया। पुलिस ने उसे बिजनौर के नटकुर अंडरपास के पास रुकवाकर पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे और चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक रामू यादव पेशे से ट्रक चालक थे, जबकि रामसेवक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रामसेवक के परिवार में पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र रिंकू यादव और तीन विवाहित बेटियां सुदामा, रेखा और बबली हैं। वहीं, रामू यादव के परिवार में पत्नी अंजू, बेटा निखिल और बेटी शगुन हैं।

## पारंपरिक भारतीय खानपान को नई पहचान देने की पहल



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में स्वाद, सेहत और भारतीय पारंपरिक खानपान को नई पहचान देने के उद्देश्य से ऑर्गेनिक रूट्स ऽ घर जैसा स्वाद, सेहत के साथ पहल की शुरुआत की गई है। संस्थापक सुनीता सिंह द्वारा शुरू किया गया यह उद्यम महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास है। ऑर्गेनिक रूट्स के माध्यम से लोगों को पारंपरिक भारतीय व्यंजनों के साथ पौष्टिक और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां बाटी-चोखा, फरा, निमोना, मकुनी और खीर जैसे देसी व्यंजनों के अलावा प्रोटीन-रिच फूड्स, स्प्राउट्स सलाद, फ्रूट सलाद, स्टीम्ड सब्जियां और टोफू आधारित हेल्दी मील्स भी उपलब्ध हैं। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और संतुलित पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सुनीता सिंह ने बताया कि ऑर्गेनिक रूट्स केवल एक फूड ब्रांड नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और भारतीय भोजन परंपराओं को बढ़ावा देने की पहल है। संस्था माइक्रोग्रीन्स आधारित खाद्य पदार्थों को भी प्रोत्साहित कर रही है, जिससे लोगों को अधिक पोषणयुक्त भोजन मिल सके। इसके साथ ही जन्मदिन, पारिवारिक समारोह, विवाह और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए कैटरिंग सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। उनका कहना है कि अच्छा भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत समाज की आधारशिला भी है।

## कमरे में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, मासूम बेटी के सिर से उठा मां का साया

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव में गुरुवार को एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान हिना (28) पत्नी नीरज धीमान के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पुलिस टीम, महिला पुलिसकर्मियों व फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा खुलवाकर देखा गया तो महिला का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ शुरू कर दी है। हिना का विवाह वर्ष 2018 में नीरज धीमान से हुआ था। परिवार में पति, छह वर्षीय बेटी नित्या सहित अन्य सदस्य हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हिना की मौत के बाद सबसे बड़ा सदमा उसकी छह वर्षीय बेटी नित्या को लगा। मां के स्नेह से दूर हुई मासूम को देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

## आपसी विवाद में वृद्ध महिला की मौत

**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंथरा थाना क्षेत्र के मवई पड़ियाना गांव में बुधवार रात पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में 75 वर्षीय वृद्ध महिला सियावती की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा राजेंद्र रावत (50) गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र को भी चोटें आई हैं, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्ष पड़ोसी हैं। बुधवार शाम सभी लोग शराब पीकर घर लौटे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र, गोविंद पुत्रगण मनोहर तथा पंचम पुत्र विश्राम राजेंद्र के घर पहुंच गए और मां-बेटे पर हमला कर दिया। हमले में सियावती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनकी बाद में मौत हो गई, जबकि राजेंद्र के सिर में चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच पिछले कुछ वर्षों से विवाद चला आ रहा था। बताया जाता है कि पुराने पारिवारिक विवाद के कारण दोनों पक्षों में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती थी। मृतका के दूसरे बेटे रवि की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने धर्मेंद्र, गोविंद, मनोहर की पत्नी बसंती तथा मनोहर के भाई पंचम के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार सवारों ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहनलालगंज में गुरुवार शाम रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर जुडियो मॉल के सामने एक दर्दनाक हादसा हो गया। नशे में धुत कार सवार युवकों ने बाइक संख्या ठ्प 32 ख्रक3165 में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सर्वेश, निवासी बरियार खेड़ा, मोहनलालगंज सड़क पर गिरकर कार संख्या ठ्प 32 क्इ 0019 के नीचे आ गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक मौके से भागने के प्रयास में घायल सर्वेश को करीब 20 मीटर तक घसीटते ले गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के दुकानदार दौड़े और कार को उठाकर सर्वेश को बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मोहनलालगंज में भर्ती कराया गया हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार युवकों को पकड़ लिया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार सवारों के नशे में होने की पुष्टि मेडिकल जांच के बाद होगी।

## बुद्धेश्वर चौराहे पर ई-रिक्शा सत्यापन एवं HSRP जागरूकता अभियान

**पारा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुद्धेश्वर चौराहे पर गुरुवार को ई-रिक्शा सत्यापन, (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में टीआई देवेश शाही एवं सहायक टीआई काकोरी के साथ ट्रैफिक पार्क के सुमित मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा ई-रिक्शा सत्यापन की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही वाहन चालकों को ब्ल्ह्रटद्ध लगवाने और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और सभी वाहन चालकों से नियमों का पालन करने की अपील की गई।

# योगी ने लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

**41 हजार करोड़ की 4204 विकास योजनाओं पर हुई चर्चा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात अपने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को लेकर बैठक की।

बैठक में लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की प्रमुख नव प्रस्तावित परियोजनाओं, बुनियादी जरूरतों और जनता की अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र की जरूरतों की गहरी समझ होती है। शासन की योजनाओं के निर्धारण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में उनके अनुभव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त प्रस्तावों की प्राथमिकता तय कर कार्ययोजना जल्द शासन को भेजी जाए, जिससे इस माह के अंत तक उन्हें स्वीकृत कर काम शुरू कराया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि लखनऊ मंडल के सभी जनपदों के विभिन्न विकास खंडों से लगभग 41,229 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के 4,204 विकास प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और उनके बताए वरीयताक्रम के आधार पर इन परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल के सभी जनपदों और विधानसभा क्षेत्रों की अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विशेषताएं हैं। इन्हें मजबूत करने के लिए पिछले वर्षों में कई काम हुए हैं। मंडल के हर जनपद और विधानसभा क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। योगी ने कहा कि विकास परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना, समयबद्धता, सतत संवाद और नियमित फीडबैक जरूरी है। राज्य सरकार जनहित से जुड़े हर विषय पर संवेदनशील है और जनप्रतिनिधियों के सुझावों और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। परियोजना निर्माण के दौरान प्रभावितों का व्यवस्थित पुनर्वास किया जाए और उचित मुआवजा भी दिया जाए। लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ी सड़कों, स्टेट हाईवे, बड़े पुल, छोटे पुल, आरओबी, आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कों, फ्लाईओवर निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर वरीयताक्रम के आधार पर तेजी से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय को 4-लेन से जोड़ने, चीनी मिल की सड़कों, सिंगल कनेक्टिविटी वाली सड़कों का निर्माण और ब्लैक स्पॉट सुधार के काम शत प्रतिशत पूरे कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा भी की। उन्हें बताया गया कि 3,238 कार्य पूरे हो चुके हैं और बाकी निर्माण के अलग चरणों में हैं। मुख्यमंत्री ने बचे हुए कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन अधिकारियों के कामों में देरी है या जिन्होंने अभी तक काम शुरू नहीं किया है, ऐसे अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर समयबद्ध, समन्वित और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों के कर कमलों से परियोजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास कराएं। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी या शिथिलता स्वीकार नहीं होगी।

# आईआईटी गांधीनगर पहुंचेंगी उत्तर प्रदेश की कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रयागराज और गाजियाबाद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राएं आईआईटी गांधीनगर में आयोजित ओरिएंटेशन सेशन में शामिल होंगी। आईआईटी गांधीनगर द्वारा संचालित क्यूरियोसिटी प्रोग्राम 2026-27 के अंतर्गत 13 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को आमंत्रित किया गया है।

उत्तर प्रदेश से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार-1, प्रयागराज तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लोनी नगर पालिका, गाजियाबाद का चयन हुआ है। प्रत्येक विद्यालय से दो छात्राएं और एक शिक्षिका कार्यक्रम में भाग लेंगी। आईआईटी गांधीनगर के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग ने पूरे वर्ष क्यूरियोसिटी कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयन किया है। केजीबीवी कौड़िहार-1, प्रयागराज ने 50 में से 46 सत्रों में भाग लेकर 92 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की और 48 में से 39 वर्कशीट जमा कराईं। वहीं केजीबीवी लोनी, गाजियाबाद ने 50 में से 49 सत्रों में भाग लेकर 98 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की और 48 में से 42 वर्कशीट जमा कराईं। इसी उत्कृष्ट सहभागिता के आधार पर दोनों विद्यालयों को चुना गया है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विज्ञान, गणित, नवाचार, रचनात्मक अधिगम और समस्या समाधान आधारित गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा। वे आईआईटी गांधीनगर के शैक्षणिक वातावरण, शोध संस्कृति और नवाचार आधारित शिक्षण मॉडल को करीब से समझ सकेंगी। इससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा और उच्च शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा। प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रभावी केंद्रों के रूप में विकसित कर रही है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2000 से अधिक मरीजों की हुई जांच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। पद्मनाभस्वामी सेवा फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को गहरू गांव में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. दीपक सिंह चौहान के मार्गदर्शन एवं रुद्र दमन सिंह चौहान उर्फ बबलू के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

आयोजकों के अनुसार, शिविर में 2000 से अधिक मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुलभ हो सकीं। शिविर में डॉ. आकांक्षा सिंह और डॉ. प्रियंका सेंगर समेत कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं, वरुनिका अस्पताल की ओर से पात्र लाभार्थियों के लिए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह चौहान ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर की सफलता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, चिकित्सकों और स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# राम मंदिर चढ़ावा मामले में एफआईआर दर्ज हो : संजय सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राम मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़े कथित चोरी के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तथ्यों, बरामदगी और सबूतों के सामने आने के बाद भी अब तक जिम्मेदार लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संजय सिंह ने गुरुवार को लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं । श्री सिंह ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि थाने में औपचारिक तहरीर भेजकर मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े मामलों में पहले भी कई बार अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं।

सांसद ने बताया कि वर्ष 2021 में भी उन्होंने जमीन खरीद से जुड़े कथित घोटालों को सबूतों के साथ उजागर किया था। उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर तब आरोपियों पर एक्शन लिया जाता तो आज यह स्थिति नहीं बनती। संजय सिंह का आरोप है कि मंदिर से जुड़े चढ़ावे, दानपात्र और बहुमूल्य वस्तुओं को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ जमीन खरीद सौदों में भी आर्थिक अनियमितताओं के आरोप हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में इन सभी मामलों को शामिल कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले में कुछ लोगों से नकदी बरामद होने और कई कर्मचारियों के संदेह के घेरे में आने की जानकारी सामने आई है। विपक्ष के सवाल उठाने पर राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए, जबकि असल मुद्दा भ्रष्टाचार और चोरी के आरोपों की जांच का है। संजय सिंह ने कहा कि सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही ट्रस्ट की कार्यप्रणाली की भी जांच जरूरी है। श्री सिंह ने पार्टी के आगामी कार्यक्रम की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की पदयात्रा का छठा चरण 16 से 23 अगस्त तक पूर्वांचल में होगा। यह पदयात्रा आजमगढ़ से जौनपुर तक करीब 110 किलोमीटर की होगी। इसे सात से आठ दिन में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पदयात्रा में बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, सामाजिक न्याय, आरक्षण और भेदभाव जैसे मुद्दों को जनता के बीच उठाया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रियों की सेवा के लिए रवाना हुआ राशन से भरा ट्रक, भव्य शोभायात्रा ने बांधा समां

**श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान का बालटाल में चलेगा तिरंगा भंडारा, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा क्षेत्र**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कश्मीर के बालटाल पुलपार क्षेत्र में आयोजित होने वाले श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान के 20वें भव्य तिरंगा भंडारे के लिए गुरुवार को राशन सामग्री से भरा ट्रक भव्य शोभायात्रा के साथ रवाना किया गया। इससे पहले जानकीपुरम स्थित भंडार गृह में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। संस्थान की ओर से बालटाल में संचालित होने वाले सेवा शिविर के लिए पिछले कई दिनों से समाजसेवियों और शिव भक्तों के सहयोग से राशन सामग्री एकत्रित की जा रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा दान में दी गई सामग्री को ट्रक में लोड कर कश्मीर के लिए रवाना किया गया। भव्य शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भगवा ध्वज और शिवभक्तों का उत्साह लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। जानकीपुरम स्थित भंडार गृह से निकली शोभायात्रा जानकीपुरम थाना, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, टेढ़ी पुलिया और मुंशी पुलिया होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था कर सेवा भाव का परिचय दिया। पूरे मार्ग में ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुणेंद्र मौर्य, मुकेश शुक्ला, कमलेश्वर सोनी, मनोज मिश्रा, किशन सिंह बिष्ट, विजय कुमार यादव, प्रमोद तिवारी, अवधेश अग्रवाल, ए.आर. तिवारी, शेखर कश्यप, अनिल पांडे, उपेंद्र सिंह, आलोक पांडे, विनीत गौड़, नितिन पाल, अधिवक्ता राजकुमार सोनी, कृष्ण कुमार लोधी, राजेश मौर्य, सुशील सिंह, विनोद सिंह, सतीश अवस्थी, अमित सैनी, विनय कुमार गिरि, राजकिशोर शुक्ला, अमर सिंह लोधी, पंकज मौर्य, वीरेन्द्र यादव तथा संस्था के मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि बालटाल में आयोजित तिरंगा भंडारा अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से संचालित किया जाएगा, जिसमें यात्रियों को भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# फर्जी एनकाउंटर करने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित कर रिपोर्ट दर्ज की जाए: पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा

❒ पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने गुड्डू शर्मा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा आज थाना खुटार क्षेत्र के गांव हरनहाई निवासी दुष्कर्म के आरोपी गुड्डू शर्मा के हाफ एनकाउंटर और गुड्डू शर्मा को न्याय दिलाने की मांग करने वाले प्रदर्शनकारियों पर की गई। लाठीचार्ज के मामले में बिजलीपुरा स्थित सपा के जिला कार्यालय पहुंचे।

यहां समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां और विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा आदि ने उनको बुके देकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने गुड्डू शर्मा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं, प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री राम आसरे ने पीड़ित गुड्डू शर्मा का हाफ एनकाउंटर और निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित व उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने तथा पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, राजवीर सिंह बाठ, लखन प्रताप सिंह, हफीज अंसारी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरण कठेरिया, महिला महानगर अध्यक्ष जफरीन, संतोष कुमार पाल, शानू शर्मा, महेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, राजा शर्मा, विकास शर्मा, श्रीनिवास शर्मा एडवोकेट, राजीव शर्मा, श्यामलाल जाटव, डॉ जितेंद्र वर्मा, टिंकू सिंह, सूरज सिंह, गुफरान खान, उवैस, खिजर महबूब खान, दुर्गेश कुमार, आरिफ खान, रानू खान, यश मौर्य आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया की पहल से किसानों में बढ़ी वैज्ञानिक खेती की जागरूकता

❒ विकसित कृषि संकल्प अभियान बना जनजागरूकता का माध्यम, वैज्ञानिकों ने किसानों को लाभकारी खेती का दिया व्यवहारिक ज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान -2026 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों में वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने गांव-गांव पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, फसल सुरक्षा, प्राकृतिक खेती, पोषण सुरक्षा एवं फसल बीमा के संबंध में जागरूक किया।

अभियान के तहत चार टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कृषक गोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। प्रथम टीम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने किया। टीम ने विकास खंड गोंदलामऊ के उत्तर धौना एवं दलहेरा गांवों में किसानों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से एसएमएस श्री पवन जायसवाल, एडीओ कृषि श्री प्रमोद कुमार, एसटीए श्री आदर्श वर्मा, टीए श्री मुकेश कुमार यादव, बीटीएम श्री अवधेश कुमार, एटीएम अजय कुमार एवं श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। प्रगतिशील किसान तेजपाल ने किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता को संरक्षित करना, जल का समुचित प्रबंधन करना और लागत प्रभावी खेती को बढ़ावा देना है। किसान यदि वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप खेती करें तो उत्पादन के साथ-साथ आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने खरीफ फसलों में संतुलित उर्वरक प्रयोग, बीज उपचार एवं खरपतवार प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय टीम में कृषि विज्ञान केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह द्वारा विकास खंड कसमंडा में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कृषि विभाग से एडीओ कृषि श्री कमरुद्दीन एवं एडीओ सहकारिता श्री राजेश कुमार गुप्ता ने किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में लगभग 70 पुरुष एवं महिला किसानों की सहभागिता रही। डॉ. आनंद सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। गो आधारित कृषि प्रणाली अपनाकर किसान अपनी लागत घटा सकते हैं तथा मिट्टी की गुणवत्ता को भी संरक्षित रख सकते हैं।

# जीरो डोज कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत

❒ टीकाकरण से वंचित बच्चों पर फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । स्वास्थ्य विभाग एवं क्ष्थ्यफ्द्ध के द्वारा नियमित टीकाकरण के अंतर्गत जीरो डोज कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल नारायण में किया गया।

सीतापुर में नियमित टीकाकरण से छूटे एवं वंचित बच्चों को टीका सुरक्षा चक्र में शामिल करने के उद्देश्य से 'जीरो डोज' कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुखरंजन समददार ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। सीएमओ ने कहा कि जीरो डोज कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों तक पहुंचना है, जो किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रणनीति के तहत अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 इमरान ने बताया कि दूसरे चरण में ऐसे बच्चों की पहचान, ट्रैकिंग और उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। संचार गतिविधि के माध्यम से वैब (इनकार) बच्चों को टीका के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से जनपद में टीकाकरण कवरेज में उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यशाला में महेंद्र उपाध्याय (प्रोजेक ऑफिसर, एडरा इंडिया), गौरव दीक्षित (मंडलीय स्वास्थ्य समन्वयक, यूनिसेफ), मोहित मेहरोत्रा जिला समन्वयक (गावी जीरो डोज कार्यक्रम), ज़िला स्वास्थ्य शिक्षा एवम सूचना अधिकारी राज कुमार सहित सभी ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक समन्वयक इमरान शाहनवाज़, रीना,मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने जीरो डोज कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत कर टीकाकरण से वंचित बच्चों तक पहुंचने की रणनीति पर जोर दिया।

## समय पर उपचार से क्लबफुट से प्रभावित बच्चे जी सकते हैं सामान्य जीवन : मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

रायबरेली। विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर राणा बेनी माधव जिला चिकित्सालय में क्लब फुट से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्लब फुट की समय पर पहचान, शीघ्र उपचार और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए आमजन में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार पाल तथा डॉ. डी.पी. सरोज मौजूद रहे । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि यदि क्लब फुट का उपचार समय पर शुरू कर दिया जाए तो बच्चों को स्थायी दिव्यांगता से बचाया जा सकता है और उन्हें सामान्य बच्चों की तरह स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सहयोगी संस्था अनुष्का फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के साथ लगातार कार्य कर रही है।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर । थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 16 जून को थाना कोतवाली पुलिस को एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी घर से मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गई थी, जिसके बाद वो वापस घर नहीं लौटी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार के मोहल्ला बाडूजई प्रथम निवासी अरमान उर्फ अज्जू पुत्र साजिद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए किशोरी को बरामद किया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों और उसकी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अरमान उर्फ अज्जू के खिलाफ दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अरमान उर्फ अज्जू को डैम रोड पर बने पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

# भारतीय कृषक दल ने किया किसान कार्यकर्ता सम्म्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। भारतीय कृषक दल ने कटरा क्षेत्र के एक मैरिज लान में विराट किसान कार्यकर्ता सम्म्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित ने की और कहा कि किसानों पर अत्याचार और कृषि क्षेत्र की दुर्दशा किसी भी दशा में सहन नहीं की जाएगी।

उन्होंने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किसानों की उपेक्षा और महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र और प्रदेश की सरकारों को निशाना साधा। कहा कि सरकार किसानों के हितों से खिलवाड़ नहीं करे क्योंकि देश तभी तरक्की करेगा, जब किसान खुशहाल होंगे। संचालन करते हुए कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि स्थानीय कटरा रेलवे स्टेशन पर किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने जनहित में स्थानीय स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कराने और कटरा में प्रस्तावित मंडी का निर्माण कराने, राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन कराने की मांग की। भारतीय कृषक दल के मंडल अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने कहा कि मां गंगा को राष्ट्रीय धरोहर और गाय को राष्ट्र माता की प्रतिष्ठा दिलाई जाए। छुट्टा गौवंशीय पशुओं को गौशाला में भेजा जाए। उन्होंने जर्जर सड़कों की मरम्मत किए जाने की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप गंगवार ने बढ़ती महंगाई का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि सोना-चांदी ही नहीं, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम खाद्य वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन यापन कठिन कर दिया है। इस दौरान संगठन के प्रदेश सचिव संजय शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रजनीश यादव, दिनेश शर्मा, दिनेश पाल, अकबर खां, रामनिवास गौतम, ज्ञानेश सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे।

# नारी चौपाल : महिला स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण पर दिया जाए विशेष बल: सुजीता कुमारी

❒ गोदभराई, अन्नप्राशन एवं पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित

❒ महिलाओं से किया संवाद, सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ''महिलाओं का सशक्तिकरण केवल उन्हें अधिकार प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना भी उतना ही आवश्यक है। जब महिलाएं शिक्षित, स्वस्थ और सशक्त होंगी तभी समाज और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी।'' यह विचार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने विकासखंड पसगवां में आयोजित नारी चौपाल कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

नारी चौपाल के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पोषण एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित विषयों पर जागरूक किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं क्षेत्र की बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व पर चर्चा करते हुए गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें पोषण पोटली वितरित कर बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण का संदेश दिया गया। इस दौरान अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। छोटे बच्चों को विधिवत खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया तथा उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपस्थित अभिभावकों को शिशुओं के समुचित पोषण, स्वच्छता एवं प्रारंभिक देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

# मोहर्रम को लेकर जिला शांति समिति की बैठक, डीएम-एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश

❒ 12 फीट से कम रहेगी ताजिए की ऊंचाई, अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन पर प्रतिबंध, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण एवं परंपरागत ढंग से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने की। इसमें डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

डीएम ने कहा कि मोहर्रम गम और मातम का पर्व है, जिसे गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा तथा ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व घटनाओं से सबक लेते हुए सभी को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा, अन्यथा शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि प्रशासन और पुलिस लगातार सभी समुदायों के संपर्क में हैं तथा त्योहार के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई के निर्देश देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रांतजनों से प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, वहीं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आमजन की भूमिका भी अहम है। उन्होंने लोगों से धैर्य, संयम और आपसी भाईचारे के साथ गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों से सतर्क रहने तथा किसी भी अपुष्ट जानकारी को साझा न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, अन्यथा माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने ईओ व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, अधीक्षण अधीक्षण राजीव कुमार यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, डीपीआरओ विशाल सिंह सहित बड़ी संख्या में धर्मगुरु मौजूद रहे।

## गोला पुलिस का बड़ा एक्शन: 8 मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर तमंचे-कारतूस समेत गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग के अवैध शस्त्र अभियान को गोला पुलिस ने बड़ा झटका दिया है। थाना गोला पुलिस ने देर रात कोंधवा रेलवे क्रॉसिंग के पास से मोहल्ला कुम्हारन टोला के घोषित हिस्ट्रीशीटर अभिषेक शुक्ला को दबोच लिया। एचएस नं0 650ए अभिषेक के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़ा गया अभिषेक कोई मामूली अपराधी नहीं है। 2021 से अब तक गोला और सीतापुर में मारपीट, धमकी, रंगदारी, एससी/एसटी एक्ट और आई टी एक्ट के 8 मुकदमे इसके नाम हैं। पुलिस ने मु0अ0सं0 248/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

## चोरी के माल समेत 02 अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने रोजा पावर प्लांट परिसर से मशीनरी के पुर्जे और अन्य लोहे का सामान चोरी करने के मामले में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है। बुधवार को सर्वेश सिंह अधिन्यास प्रबन्धक, आईएसजीएस इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड रोजा पावर प्लांट ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि चोरों ने रोजा पावर प्लांट परिसर से मोटर पुली, टाई रॉड, एक्सटेंशन स्विच बोर्ड, ग्लैण्ड हाउसिंग, बटरफ्लाई वाल्व, बाल्टी में रखे पीस बोल्ट तथा डिस्चार्ज टूल पीस चोरी कर फरार हो गए। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुवांरी टावर से पहले ओवरब्रिज के पास से अभियुक्त अंकित पुत्र शिवपाल निवासी ग्राम गुवांरी को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अंकित ने बताया कि 15 जून की रात उसने अपने साथी पारस वर्मा और अनिकेत के साथ रोजा पावर प्लांट में चोरी की थी और चोरी का माल ग्राम चैढ़ेरा निवासी अनुभव कबाड़ी को बेच दिया और रूपया खर्च कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने प्रकाश में आए चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी अनुभाव को उसकी दुकान से गिरफ्तार किया और मौके से चोरी का सामान बरामद किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है और फरार अभियुक्त पारस वर्मा और अनिकेत वर्मा की तलाश में जुटी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामचन्द्र मिशन के एसएसआई कैलाश चन्द्र के साथ कांस्टेबल संदीप कुमार, लवकुश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने दिए गुणवत्ता और समयबद्धता के निर्देश

❒ नगर निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के विकास कार्यों, निकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं, टाइड एवं अनटाइड फंड, ऑडिट संबंधी प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों, अवस्थापना सुविधाओं के विकास, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्कों के विकास, सामुदायिक परिसंपत्तियों के संरक्षण एवं अन्य जनहितकारी परियोजनाओं की निकायवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं तथा कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का सत्यापन भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने टाइड एवं अनटाइड फंड के अंतर्गत स्वीकृत एवं संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि उपलब्ध धनराशि का उपयोग शासन की मंशा के अनुरूप किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि टाइड फंड के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य निर्धारित मदों में ही व्यय सुनिश्चित किया जाए तथा अनटाइड फंड का उपयोग स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनसुविधाओं के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने सभी निकायों को निर्देश दिए कि उपलब्ध बजट का समयबद्ध उपयोग करते हुए कार्यों की प्रगति में तेजी लाई जाए तथा किसी भी प्रकार की धनराशि अव्ययित न रहने पाए।

बैठक में अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय), प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय), मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा उठान, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, प्रमुख मार्गों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मलेरिया एवं डेंगू से बचाव हेतु फागिंग करायी जाये। अधिशासी अधिकारियों को कैम्प लगाकर मलेरिया एवं डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता फैलाये जाने हेतु निर्देशित किया। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी जलापूर्ति योजनाएं सुचारु रूप से संचालित रहें तथा खराब हैंडपंपों, पाइप लाइनों एवं पेयजल स्रोतों की मरम्मत समय से कराई जाए। उन्होंने गर्मी एवं वर्षा ऋतु को देखते हुए पेयजल संकट वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यसभा सांसद ने किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के नेतृत्व में पुवायां स्थित ऐतिहासिक हरेराम पक्का तालाब परिसर में एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सांसद मिथिलेश कुमार स्वच्छता ही सेवा है के मूल मंत्र को आत्मसात किया और झाड़ू थामकर तालाब परिसर में श्रमदान किया।

इस दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह 12 वर्ष देश के नवनिर्माण और गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। स्वच्छता हमारे जीवन का संस्कार बननी चाहिए, यही प्रधानमंत्री का सपना है। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया और अपील की कि सभी लोग अपने आस-पास के ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें, क्योंकि एक स्वच्छ समाज ही स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की नींव है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पुवायां नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, ईओ कल्पना शर्मा, मुनेश मिश्रा, प्रशांत पटेल, विपिन शुक्ला, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा, बृजेन्द्र प्रजापति, मदनपाल, सुरेश वर्मा, महेश शर्मा, मधु सिंह, सत्येन्द्र शुक्ला सहित तमाम सभासद और भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने बरेली में जीते 10 पदक, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप-2026 में शाहजहांपुर की एसोसिएशन के 18 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। टीम का नेतृत्व एसोसिएशन के सचिव एवं कोच एडवोकेट डॉ. पुनीत मनीषी ने किया। शाहजहांपुर वापसी पर एबीरिच इंटर कॉलेज में यातायात प्रभारी विनय पांडे ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि शाहजहांपुर की धरती महान क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रही है। यहां के युवा खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन कर रहे हैं। कहा कि खिलाड़ी अपने गुरु का सम्मान सबसे पहले करें, गुरु ही व्यक्ति को सही मार्ग बताता है। एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट डॉ. पुनीत मनीषी ने बताया कि प्रतियोगिता में विराट चतुर्वेदी ने सब-जूनियर लेफ्ट हैंड वर्ग में स्वर्ण पदक, अयान ने सब-जूनियर 50 किलोग्राम राइट हैंड वर्ग में स्वर्ण पदक, नबील ने ओपन 80 किलोग्राम राइट हैंड वर्ग में स्वर्ण पदक तथा अनिकेत ने जूनियर 55 किलोग्राम राइट हैंड वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त अमन ने जूनियर 60 किलोग्राम राइट हैंड वर्ग में रजत पदक, मोहम्मद साहिल ने 60 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक, अनूप यादव ने यूथ 55 किलोग्राम वर्ग तथा अभिनव सिंह ने सीनियर 65 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किया। वहीं डॉ. पुनीत मनीषी ने मास्टर वर्ग के 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाया। चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डॉ. पुनीत मनीषी, नबील, अनिकेत, अयान, विराट चतुर्वेदी एवं अभिनव सिंह का चयन राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस अवसर पर पीयूष मिश्रा, कोच युवराज रस्तोगी, खुशबू, निशा, अलकमा, किरन, नईम खान, शिबू खान, मोहम्मद इब्राहिम, रजीउद्दीन, मंगल कुमार सहित अनेक पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ **वृहद् इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आध्यात्मिक केन्द्रों के विकास, आन्तरिक सुरक्षा के सुदृढ़ मॉडल, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 तथा जनपद के विकास से सम्बन्धित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया**

सम्भल, बहजोई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज डी.आर. रिसोर्ट, बहजोई में तीन दिवसीय (18 जून से 20 जून 2026 तक) विकास प्रदर्शनी एवं कृषि विभाग के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी रहीं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, पूर्व एम.एल.सी. परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व एम.एल.सी. चन्द्रपाल सिंह 'पप्पू चौधरी' तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री ओमवीर सिंह खड़गवंशी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों, युवा, महिला एवं गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं, उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी वृहद् इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आध्यात्मिक केन्द्रों के विकास, आन्तरिक सुरक्षा के सुदृढ़ मॉडल, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 तथा जनपद के विकास से सम्बन्धित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा उसका अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत 07 लाभार्थियों को सम्पूर्ण मातृ आहार एवं सक्षम पोषण किट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा ममता राजपूत के नेतृत्व में सरस्वती वंदना एवं लोक गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री गोरखनाथ भट्ट ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में सभी योजनाएं जनसामान्य के द्वार तक पहुंच रही हैं। हमारी सरकार सभी वर्गों को समान रूप से योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क राशन, पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। माताएं बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती हैं और माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री महिलाओं को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने जनसामान्य से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

गुलाब देवी ने चन्दौसी के आटा ग्राम में अतिथि गृह निर्माण तथा चन्दौसी के पावर हाउस क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण के सम्बन्ध में भी चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब किसान, महिला एवं युवाओं का सशक्तिकरण है तथा विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को सहभागी बनना होगा। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडग़वंशी ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है।

पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जो कार्य हमारे देश में लगभग सौ वर्ष पूर्व सामान्य रूप से होते थे, जैसे गोबर एवं मिट्टी से बने आवास, जैविक खेती तथा ऑर्गेनिक खाद का प्रयोग, आज वही पद्धतियां विदेशों में अपनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन संस्कृति एवं पारम्परिक जीवन शैली को अपनाना होगा तथा जैविक खेती की ओर बढ़ना होगा, जिसके लिए सरकार भी किसानों को निरन्तर प्रेरित कर रही। पूर्व एम एल सी चन्द्र पाल सिंह पप्पू चौधरी तथा भाजपा महामंत्री मनोज कठेरिया द्वारा भी संबोधित किया गया। मंच का संचालन रचना यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषदीय स्कूल के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मा. मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया।

खेत तालाब योजना के अन्तर्गत 05 किसानों तथा प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत 03 किसान तथा केसीसी के अन्तर्गत 02 किसानों तथा 03 एफपीओ लाभार्थियों तथा 03 अधिक फसल उत्पादन करने वाले किसानों को मुख्य अतिथि मंत्री जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगायी गयी है। लाभार्थियों के लिए पंजीकरण काउंटर लगाये गये हैं पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया जाएगा। आज स्वास्थ्य शिविर में लोगों द्वारा अपनी चिकित्सा जांच भी करायी गयी।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए अखिलेश कुमार चौबे तथा कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, भाजपा जिला महामंत्री मनोज कठेरिया, राजेन्द्र सिंह यादव, चन्द्रसेन दिवाकर छोटू, विपिन गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, शिल्पी गुप्ता, विजय यादव एवं भुवनेश राघव, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रि-नीट परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बैठक

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित रि-नीट परीक्षा-2026 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेपर की गोपनीयता, बिजली, पेयजल, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा 21 जून 2026 (दिन रविवार) को प्रथम पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक जनपद रायबरेली के 06 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी, जिसमें 2718 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर लें यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर व्यवस्थापन में कोई कमी है तो उसे ससमय पूर्ण करा लें, समस्त तैनात अधिकारी/कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर परीक्षा को शुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों हेतु परीक्षार्थियों हेतु यातायात आवागमन/मार्ग/संसाधन सुगम रहे। परीक्षा केन्द्रों, यातायात मार्गों, बस स्टॉप आदि में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा।

## चोरी की वारदात का पुलिस ने किया वर्कआउट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फैजगंज बेहटा, बदायूँ। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों से 7260 रुपए व एक जोड़ी पायल बरामद की है। जानकारी के अनुसार ग्राम खेड़ा दास निवासी नीरज सिंह पुत्र दिनेश सिंह ने थाना फैजगंज बेहटा में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर की अलमारी में रखी नगदी और आभूषण चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में थाना फैजगंज बेहटा में मु0अ0सं0 127/2026 के तहत धारा 305 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बिसौली के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने मामले की गहन जांच की। जांच के दौरान सामने आए आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र सरवन निवासी ग्राम बैरीखेड़ा, थाना बनियाठेर, तथा आनंद कुमार पुत्र जसवंत निवासी खंडवा थाना चंदौसी जनपद सम्भल को पुलिस ने 18 जून 2026 को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से 7260 रुपए व एक जोड़ी पायल बरामद की है। एक उनावुक्त सोनू पुत्र सरवन निवासी बेरी खेड़ा थाना बनिया ढेर जनपद संभल अभी फरार चल रहा है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस मामले में थाना फैजगंज बेहटा के एसएचओ सुभाष कुमार विवेचक रविंद्र सिंह राणा की क्षेत्र में इस चोरी की वारदात के खुलासे के लिए लोग भर भर के प्रशंसा कर रहे हैं।

## महिला के शव से ठेका संविदा कर्मचारी ने चुरा लिए कुंडल, घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिले के सरकारी अस्पताल से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के दौरान दम तोड़ चुकी महिला के शव से ठेका संविदा कर्मचारी द्वारा कुंडल चोरी किए जाने की घटना ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोपी की करतूत अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिकदातागंज क्षेत्र की एक महिला को गंभीर हालत में सीएचसी से रेफर कर जिला अस्पताल लाया गया था। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। डॉक्टरों के निर्देश पर शव को मोर्चरी ले जाया जा रहा था, तभी स्ट्रेचर लेकर जा रहा कर्मचारी मौके का फायदा उठाकर महिला के कानों से कुंडल निकालता हुआ कैमरे में कैद हो गया। कुछ देर बाद जब परिजनों को महिला के कानों से कुंडल गायब होने की जानकारी हुई तो उन्होंने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। शिकायत के बाद अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कर्मचारी की पूरी हरकत सामने आ गई। सोशल मीडिया पर फुटेज वायरल होने के बाद मामला और तूल पकड़ गया।प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जी.के. गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी ठेका संविदा कर्मचारी वीरू को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार वार्ष्णेय ने कार्यदायी संस्था को पत्र भेजकर कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति कर दी है।

### क्या बोले अधिकारी

प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जी.के. गुप्ता ने बताया कि परिजनों की शिकायत मिलने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई गई। आरोप सही पाए जाने के बाद संबंधित कर्मचारी को तत्काल हटाते हुए कार्यदायी संस्था को उसकी बर्खास्तगी के लिए पत्र भेज दिया गया है। मृतकों के सम्मान और अस्पताल की व्यवस्था पर यह घटना बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। अब देखना होगा कि दोषी के खिलाफ आगे क्या कानूनी कार्रवाई होती है।

## स्वानिधि योजना प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को सरकारी योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारीयोजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। विशेष रूप से रेहड़ी-पटरी लगाने वाले छोटे दुकानदारों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से लाखों लोगों को बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि जो पथ विक्रेता स्वनिधि योजना के तहत ऋण प्राप्त करना चाहते हैं, वे सीधे मेला स्थल पर पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। नगर पालिका की ओर से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों ने अपने दूसरे ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है अथवा जिनका तीसरा ऋण संचालित है, वे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आज के डिजिटल युग में छोटे व्यापारियों के लिए ऑनलाइन और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। इससे न केवल उनके व्यवसाय में पारदर्शिता आएगी बल्कि ग्राहकों की संख्या भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को मजबूत करने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है और सभी पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाना चाहिए।अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोक कल्याण मेला केवल प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जनजागरूकता और प्रशिक्षण का भी महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों और पथ विक्रेताओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत यूपीआई, क्यूआर कोड, मोबाइल बैंकिंग और अन्य डिजिटल माध्यमों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। सभासद मोहित सक्सेना, आशीष कश्यप , मनोज कश्यप , नवेद , हिमांशु कठेरिया , पंकज शर्मा , केएल गुप्ता,रचना सपरा, दीपक सक्सेना, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, सचिन सक्सेना , मनोज सक्सेन , राकेश सोनकर , अपूर्व अग्रवाल प्रवेश कुमार , दिव्यांश शर्मा , आजाद हुसैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## उच्च शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर महाविद्यालय में नवीन प्रवेश मेला आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ **कार्यक्रम क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश गोस्वामी के निर्देशन में संपन्न हुआ**

बदायूँ। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में जिला स्तरीय प्रवेश मेला आयोजित किया गया, जिसमें इंटरमीडिएट पास छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के विकल्पों से अवगत कराया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2026 -27 के प्रवेश के लिए प्रत्येक जनपद में अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाने वाले प्रवेश मेलों के अनुपालन में यह कार्यक्रम क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश गोस्वामी के निर्देशन में संपन्न हुआ। मेले में जनपद व आसपास के कई महाविद्यालयों ने स्टॉल लगाकर अपने-अपने कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों का प्रचार -प्रसार किया। संस्थाओं में दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय बिसौली, महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बिल्सी, राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं, संगठक राजकीय महाविद्यालय सहसवान, रामपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय उसावां, नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास कॉलेज बदायूं, गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय बदायूं शामिल रहे। साथ ही एचपी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, एस इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, फ्यूचर इंस्टीट्यूट बरेली, इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बरेली तथा सिद्धि विनायक संस्थान बरेली आदि ने भी स्टॉल लगाए और उपलब्ध पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं एवं छात्रवृत्ति व सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थियों को आशीष देते हुए कहा कि युवाओं की उच्च शिक्षा में सक्रिय भागीदारी ही देश को विकसित राष्ट्र के स्तर पर पहुंचाने में मदद कर सकती है।

उन्होंने अभिभावकों और छात्रों से कहा कि वे अध्ययन के अवसरों का पूर्ण लाभ उठाएँ और सहीमार्गदर्शन लेकर करियर चुनें। मेले का निरीक्षण करते हुए जिला उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बदायूं डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने सभी प्रवेशार्थियों एवं भाग लेने वाले महाविद्यालयों का स्वागत किया और छात्रों को समय पर आवश्यक जानकारी लेने व दाखिले की तैयारियाँ करने का सुझाव दिया। आयोजकों ने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को उपलब्ध विकल्पों के बारे में सूचित कर उनका दाखिला सुलभ बनाना था। कार्यक्रम में अभिभावक और छात्र-छात्राओं की अच्छी भागीदारी रही। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता अभियान निरंतर आयोजित करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक युवा उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार, डॉ राकेश कुमार जयसवाल, डॉ सचिन कुमार, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति बिश्नोई, डॉ सत्यम मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

## उझानी में दहेज की मांग बनी मौत की वजह, विवाहिता ने लगाया मौत को गले

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ **परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में बाइक की मांग को लेकर स्वाति को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा**

उझानी, बदायूँ। दहेज की कथित मांग ने एक और परिवार की खुशियां छीन लीं। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मानिकपुर की 22 वर्षीय विवाहिता स्वाति की मौत के बाद परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद मायके पक्ष में मातम पसरा हुआ है, जबकि गांव में भी शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर निवासी मेवाराम ने अपनी पुत्री स्वाति का विवाह 30 अप्रैल 2025 को बिल्सी क्षेत्र के गांव गुधनी खौसारा निवासी युवक के साथ किया था।

परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में बाइक की मांग को लेकर स्वाति को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। बताया जाता है कि कथित प्रताड़ना से परेशान होकर स्वाति करीब दो माह पहले अपने मायके आ गई थी। पिता मेवाराम के अनुसार, इस दौरान पति उसे वापस ले जाने नहीं आया और फोन पर भी बाइक मिलने के बाद ही साथ ले जाने की बात कहता था। इससे स्वाति मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थी। परिजनों के मुताबिक, इसी तनाव के बीच स्वाति की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र रतापुर में आयोजित ल्लविकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनीङ्क कार्यक्रम के द्वितीय दिवस मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने सर्वप्रथम सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। स्टालों के निरीक्षण के समय मा0 मंत्री जी द्वारा तीन बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा तीन गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर गोद भराई की और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के 05 लाभार्थियों व स्पॉन्सरशिप योजना के 02 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, वृद्धावस्था पेंशन के 11 लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाण पत्र, बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत 13 लाभार्थियों को नई रेसिपी पोषाहार किट का वितरण किया गया। साथ ही ल्लकन्या जन्मोत्सवङ्क कार्यक्रम के अंतर्गत 25 नवजात कन्याओं का जन्म दिवस केक काट कर व बेटी किट वितरित कर उत्साहपूर्वक मनाया गया, जो ल्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओङ्क अभियान की भावना को सशक्त करता है। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनकल्याण के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। विगत वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ल्लविकसित भारत संकल्पङ्क केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का जन आंदोलन है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे उनका लाभ उठा सकें। मंत्री ने कहा कि जनपद के अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी लगन व निष्ठा के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाने का कार्य कर रहें है, आज बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। इस अवसर पर उपायुक्त (श्रम रोजगार) प्रमोद सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

## कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने कसी कमर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उझानी, बदायूं। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एसडीएम मोहित कुमार के साथ बदायूं से कछला गंगा घाट तक कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, बैरिकेडिंग, संवेदनशील स्थलों तथा श्रद्धालुओं कीसुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। जहां कहीं भी कमियां दिखाई दीं, वहां संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। रोड सेफ्टी और यातायात व्यवस्था पर विशेष जोर---डीएम अवनीश कुमार राय ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।वहीं एसएसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा मार्ग पर चौबीसों घंटे सतर्क रहने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों परअतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश---निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को मार्ग पर साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का उद्देश्य है कि कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए और यात्रा पूरी तरहशांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विभाग में बैठे विभीषण ने अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई पहले से कर दी लीक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ **छापे में बंद मिले फर्जी नर्सिंगहोम**

सहसवान, बदायूँ। सहसवान नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, जच्चा-बच्चा केंद्र और बिना मानकों के चल रहे क्लीनिकों को लेकर एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां नियमों की अनदेखी कर मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया जा रहा है कि अकबराबाद क्षेत्र में संचालित एक जच्चा-बच्चा केंद्र में गंभीर अनियमितताओं के साथ अवैध गर्भपात कराए जाने की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।इसी बीच, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा सहसवान क्षेत्र में प्रस्तावित निरीक्षण और छापेमारी को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की सूचना पहले ही कुछ अस्पताल संचालकों तक पहुंच गई, जिसके चलते टीम के पहुंचने से पहले कई संदिग्ध अस्पताल और अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद मिले। कार्रवाई से पहले बंद मिले कई केंद्र--क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि छापेमारी की जानकारी पहले ही लीक हो जाती है तो अवैध चिकित्सा कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाना मुश्किल हो जाएगा। लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारियों और बिचौलियों की मिलीभगत के कारण कार्रवाई का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है।जनता ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग---पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सूचना लीक होने के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि किसी कर्मचारी या व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है और स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## 25 जून तक विधवा पेंशन लाभार्थी फैमिली आईडी, राशन कार्ड संख्या कराए उपलब्धः शक्ति त्रिपाठी

रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश राशन कार्ड न बन पाया है। वह लाभार्थी जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवाते हुए फैमिली आई0डी0/राशन कार्ड संख्या 25 जून तक जिला प्रोबेशन कार्यालय, विकास भवन, रायबरेली में उपलब्ध करा दें। अन्यथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

# मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने पीस कमेटी संग की बैठक

❒ बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द पूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधि कारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृ ष्ण कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी के सदस्यों धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की। अ धिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफ वाह पर ध्यान न दें तथा कोई भी भ्रामक सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें।उन्हों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अथवा भ्राम क सामग्री प्रसारित न करने की भी अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलि स बल तैनात किया जाएगा।साथ ही सभी आयोज कों को निर्देश दिए गए कि कोई नई परंपरा शुरू न की जाए और पूर्व निर्धारित व्यवस्थाओं के अनु सार ही कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई,विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।संबंधित विभा गों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असु विधा न हो।अधिकारियों ने सभी सभ्रांत नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरु सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नान वेंडिंग जोन में दुकानें सजने से लगता है जाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। नॉन-वेंडिंग जोन में ठेला, रेहड़ी व पटनी पर दुकान लग रही है,जबकि यहां पर दुकान नहीं लग सकती है।नॉन वेंडिंग जोन में दुकान लगने के कारण जाम लगता है।आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।सबसे अधिक परेशानी गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक होती है।

नगर पालिका क्षेत्र में पथ विक्रेताओं के लिए बनाए गए वेंडिंग जोन खाली है।इसके उलट फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है।पथ विक्रेता फुटपाथ पर अपनी दुकानें लगा रहे हैं।ऐसे में राहगीरों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।कहने के लिए तो जनपद में तीन जगहो पर वेंडिंग व एक जगह पर नान वेंडिंग जोन है।मगर पथ विक्रेता वेंडिग जोन में दुकान लगाने के बजाए फुटपाथ पर दुकाने लगा रहे हैं।प्रशासन की ओर से घोषित वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन बेमतलब साबित हो रहे हैं।जहां तय शुदा वेंडिंग जोन मे करोड़ों की लागत से बनकर तैयार हुआ वह आवंटन के लिए इंतजर कर रहा है।तो वहीं नॉन वेंडिंग जोन में दुकान दार पटरियों पर कब्जा कर दुकान सजाए हैं।ऐसे में बनाए गए वेंडिंग जोन का दुकानदार लाभ नहीं उठा पा रहे।दूसरी तरफ सड़क की पटरियों पर लगाई गई दुकानों से जाम लग रहा है।जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे जगह-जगह सजी दुकानों को हटाकर सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया गया।ऐसे में प्रशासन ने वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन तय किए।लेकिन उसका कड़ाई से पालन नहीं कराया जिला प्रशासन की ओर से गुरु नानक चौकी से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक नॉन वेंडिंग जोन चिह्नि त कर बोर्ड लगाए गए हैं।वहीं फखरुद्दीन अली अहमद इंटर कॉलेज के शहर दिवारी के बगल गुरु नानक चौकी से लेकर रोडवेज बस स्टॉप तक

लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज गांधी पार्क के किनारे व सिंचाई विभाग के बाउंड्री वॉल के कि नारे सड़क मार्ग पर मॉडल बेंडिंग जोन में 105 दुकान बनाई गई थी।जहां पर बाकायदा करोड़ों की लागत से टीन सेड का निर्माण कराया गया है।जिला महिला अस्पताल के सामने रास्ते पर नॉन वेंडिंग जोन निर्धारित कर बोर्ड लगाए गए हैं। जहाँ पर और दुकानदारों की भरमार है।ले किन जहां तीन जगहों पर वेंडिंग जोन बना है वहां पर दुकानों का अता-पता नहीं है।मॉडल बेंडिंग जोन आवंटन से पहले कूड़ा घर बन गया है भ्रष्टाचार और लापर वाही ने बेंडिंग जोन की सूरत बिगाड़ दी है जहां पर बेंडिंग जोन बना हु आ है वह शराबियों का अड्डा बन गया है।आवंटन से पहले बेंडिंग जोन खंडहर की तरह नजर आने लगा है।

# बीच सड़क पर खड़े होते वाहन,फुटपाथ पर सजती दुकानें,जाम से जूझते राहगीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। शहर में जाम की समस्या आम होती जा रही है।शहर में यातायात की अव्यवस्था से पूरे दिन लो ग जूझते रहते हैं। गुरुनानक चौक से सरकारी बस स्टॉप के दो सौ मीटर दूरी में भले ही दो पुलिस चौकी हो लेकिन इसका असर सड़कों पर नहीं दिख ता है। सड़कों पर ही टैक्सी के वाहन जमे रहते हैं और फिर जाम की स्थिति से लोगों की मुश्किलें ब नी रहती हैं।

इसी तरह एलबीएस चौराहे का भी हाल है यहां यातायात व्यवस्था सुधारने में होमगार्ड पूरे दिन हांफते नजर आते हैं। उनके संकेतों को स मझने की फुर्सत वाहन चालकों को नहीं होती और जाम से दो-चार होना पड़ता है।शहर की यातायात व्यवस्था टैक्सी वाहन चालकों की दबंगई की भेंट चढ़ गई है और यातायात पुलिस सिर्फ चंद दुकान दारों को फटकारकर कोरम पूरा कर रही है।गुरुना नक चौराहे से बस स्टॉप,चौक बाजार, गुरु नानक चौराहे से लेकर जिला महिला अस्पताल तक,लख नऊ रोड व स्टेशन रोड की तरफ वाहन जाते और आते हैं। यहीं पर सबसे अधिक वाहनों का दबाव रहता है।गुरुनानक चौराहे से बस स्टॉप तक हर रो ज एक से सैकड़ो वाहन जमे रहते हैं।दो पुलिस चौ की होने के बाद भी सड़कों पर जमे वाहनों को को ई फर्क नहीं पड़ता है।खुलेआम प्राइवेट टैक्सी वा ले वाहनों की बुकिंग कर सवारियां ढोते रहते हैं। इसी से यहां पर जाम की स्थिति रहती हैं।यहां पर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के गेट पर ही बड़ी सं ख्या में वाहनों को मेला रहता है और स्कूल के गेट से अंदर घुसने में सांसत बन जाती है।स्थिति यह है कि स्कूली बच्चों को इस समस्या का रोज सामना करना पड़ता है।पुलिस चौकी के लोग और याता यात पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती रहती है।गुरुना नक चौराहे से बहराइच रोड जाने से कतराते हैं लो ग गुरुनानक चौराहे के पास से बस स्टॉप तक वाह नों के कारण लगने वाले जाम से लोग खासे परेशा न हैं।बस स्टॉप के पास तो सरकारी वाहनों का द बाव तो रहता ही है,प्राइवेट वाहनों की भीड़ भी रह ती है। इससे जाम की स्थिति यह रहती है कि लोग बहराइच रोड पर जाने तक से लोग कतराते हैं जा म की स्थिति यह रहती है कि सड़क पर ही वाहन खड़े कर लोग सवारियां भरते हैं और बाइक तक निकलने में जद्दोजहद करनी पड़ती है।

**एलबीएस चौराहे पर जाम से जूझते हैं लोग,हांफ ते हैं होमगार्ड**

जिले का सबसे अहम चौराहा एलबीएस डिग्री कॉ लेज चौराहा है,यहां पर पूरे दिन जाम की स्थिति र हती है।चौराहे पर यातायात व्यवस्था के लिए होम गार्ड लगे तो हैं लेकिन वह कारगर नही हो पाते हैं। काफी कोशिश के बाद भी वाहन चालक संकेतों को नही मानते हैं और फिर राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ता है।इससे डिग्री कॉलेज तक जाम की स्थिति हो जाती है।

**नगर कोतवाली के सामने बैंक पर पार्किंग न होने से जाम का रहता है झाम**

कोतवाली नगर के सामने बैंक ऑफ़ बडौदा औरभारतीय स्टेट बैंक है, यह मुख्य शाखा होने से यहां काफी भीड़ रहती है।पार्किंग की सुविधा न होने से यहां सड़क पर ही वाहन खड़े किए जाते हैं और इ सके कारण जाम की स्थिति दोनो तरफ बन जाती है,अक्सर यह स्थिति सुबह 11 बजे से चार बजे के बीच होता है।छुट्टियों के दिन को छोड़ दें तो यहां से निकलना आसान नहीं है। सड़क तक बैंक का गेट हैं और फिर सड़क पर उपभोक्ताओं के वाहन खड़े होते हैं।

**दुखहरणनाथ मंदिर से जिला अस्पताल तक सड़क निजी वाहनों का कब्जा,राहगीर परेशान**

आम स्थानों पर छोड़ दीजिए,यहां तो बीच सड़क पर चलना आसान नही है।शहर के बीचों-बीच जि लाअस्पताल को ले लीजिए,यहां पर सुबह सात ब जे से ही बीच सड़क पर निजी वाहनों कि पार्किंग से आधी सड़क कब्जा हो जाता है।वही निजी वाह न चालकों का कहना है कि वह दुकान के सामने ख़डी कर रहे है,जिलाअस्पताल के मुख्य गेट पर मरीज और तीमारदारों का निकलना मुश्किल हो जाता है वहाँ पूरे दिन ई-रिक्शा चालक अस्पताल के मुख्य गेट पर खड़े होकर सवारियां भरते रहते है डॉक्टर, मरीज और तीमारदार हों या फिर आम लोग हों जिलाअस्पताल में जाना आसान नही है।

वही राहगीरों का कहना है कि यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल होनी चाहिए।शहर के लोगों की मांग है कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए वि शेष पहल की जरूरत है।अनूप सिंह कहते हैं कि सड़कों पर वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे दूर करना चाहिए और यातायात व्यवस्था नये सिरे से बनाई जाए।अमन कुमार का कहना है कि दुकानदारों को पार्किंग बनवाना चा हिए या फिर गोंडा नगर पालिका परिषद को भी वाहन अड्डा के लिए एक स्थान तय किया जाना चा हिए।इसके अलावा पुलिस को सड़कों पर खड़े हो ने वाले वाहनों को हटवाया जाना चाहिए।पवन कु मार कहते हैं कि चौराहों पर पुलिस की पर्याप्त व्य वस्था नहीं है और जो पुलिसकर्मी लगे भी वह सि र्फ दो पहिया वाहनों की ही जांच करते हैं। राजेश कहते हैं कि यातायात पुलिस हर चौराहे पर हो और यातायात के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर व्यव स्था बनाई जाए।रमेश कुमार का कहना है कि अ धिकारियों को एक ऐसी व्यवस्था तय करनी चाहि ए कि आम लोगों को राहत मिले।जाम से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी नीट प्रवेश परीक्षा की बैठक

❒ परीक्षा में सम्मिलित होंगे 3437 अभ्यर्थी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 21 जून 2026 को आयोजित टद्न-गक्क्ठ-ठक्क-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्दों का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों में प्रकाश तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने बताया कि जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे को नोडल अधिकारी प्रशासन नामित किया गया है।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि 792 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज के लिए प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरि को स्टैटिक तथा डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 648 परिक्षार्थियों के लिए महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार नानपारा हर्षित पाण्डेय को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक कैसरगंज श्रीमती पूजा चौधरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 389 परिक्षार्थियों के लिए महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रकाश गुप्ता को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट सदर लालधर सिंह यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 384 परिक्षार्थियों के लिए आज़ाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) राजदीप यादव को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार पयागपुर सौरभ सिंह को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट पयागपुर अश्वनी पाण्डेय को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 360 परिक्षार्थियों के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार नानपारा मथुरा प्रसाद को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा अमिता यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 240 परिक्षार्थियों के लिए आर्य कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती किरन कुमारी यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, तहसीलदार मुख्यालय रविकान्त द्विवेदी को स्टैटिक तथा उप जिला मजिस्ट्रेट महसी प्रकाश सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 240 परिक्षार्थियों के लिए तारा महिला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू उपाध्याय को केन्द्र व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार महसी हरिशंकर पटेल को स्टैटिक तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मोनालिया जौहरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, डीएफओ बहराइच सुन्दरेषा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, सीआरओ सौरभ दुबे, सम्बन्धित एसडीएम, नामित ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# जीआरपी में तबादला होने की बावजूद एक महीने बाद भी 25 पुलिस कर्मियों ने नहीं लिया चार्ज

❒ तबादला सूची में तीन उपनिरीक्षक, 35 मुख्य आरक्षी/आरक्षी और छह महिला आरक्षी शामिल हैं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा 13 मई को राजकीय रेलवे पुलिस गोंडा में किए गए 44 पुलिस कर्मियों के तबादले के एक माह बीत जाने के बाद भी सभी कर्मियों की आमद नहीं हो सकी है।अब तक केवल 19 पुलिसकर्मियों ने ही जीआरपी गोंडा में अपनी आमद दर्ज कराई है, जबकि 25 पुलिसकर्मी अभी तक अपने पूर्व तैना ती स्थलों से रिलीव नहीं हुए हैं।

तबादला सूची में तीन उपनिरीक्षक, 35 मुख्य आरक्षी/आरक्षी और छह महिला आरक्षी शामिल हैं। एसपी विनीत जाय सवाल ने सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त कर नई तैनाती स्थल पर भेजने के निर्दे श दिए थे, लेकिन निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन नहीं हो सका।सूत्रों के अनुसार,जिन पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है,उनके संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं वे किसी न किसी विवा द से जुड़े रहे हैं। इसी के मद्देनजर उन्हें जीआरपी गोंडा में तैनात किया गया है।जीआरपी गोंडा प्रभा री ने बताया कि 44 में से केवल 19 पुलिसकर्मी ही आमद करा पाए हैं। शेष 25 पुलिसकर्मी अभी तक जीआरपी गोंडा नहीं पहुंचे हैं, जबकि उनका तबादला 13 मई को ही कर दिया गया था।तबाद ला किए गए पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक राकेश कुमार, मोहम्मद सरफराज खान और नीरज कुमार के अलावा मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी वर्ग के कई कर्मचारी शामिल हैं।

इनमें महिला आरक्षियों को भी जीआरपी गोंडा में तैनाती दी गई है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एक बार फिर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तबा दला किए गए सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल रिलीव कर जीआरपी गोंडा में कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित किया जाए।

# गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की सर्वेश पाठक के जनसेवा कार्यों की प्रशंसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। तहसील मनकापुर,थाना मोतीगंज निवासी भारतीय श्रमिक कामगार के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के नेतृत्व में संचालित रक्तदान, पर्या वरण संरक्षण एवं जनसेवा अभियानों को उस सम य नई पहचान और ऊर्जा मिली, गुजरात के महा महिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सर्वेश पाठक द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों, विशेष रूप से उनके जन्मदिवस 15 जुलाई के अवसर पर देशव्यापी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजन तथा प्रतिदिन एक वृक्ष लगाने के संक ल्प की प्रशंसा की।उन्होंने इसे मानव सेवा, पर्यावर ण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में अनुकरणीय पहल बताया।राज्यपाल के संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सर्वेश पाठक ने क हा कि यह सम्मान और शुभकामना उनके लिए ही नहीं, बल्कि देशभर में सेवा कार्यों से जुड़े हजारों कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है तथा वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।सर्वेश पाठक ने बताया कि उनके जन्मदिवस के अवसर पर 15 जुलाई को देश के विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान को भी और अधिक गति प्रदान की जाएगी।महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा व्यक्त शुभकामनाओं एवं प्रशंसा से संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।कार्यकर्ताओं ने इसे जनसेवा, राष्ट्रसेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान बताया है।

## नगर पंचायत महोली का डीएम ने किया निरीक्षण, लंबित शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने नगर पंचायत महोली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक लिया। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को देखते हुये लम्बित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुये शिकायतों का ससमय एवं गुणत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोली से वार्डो एवं कूड़ा उठान करने वाले वाहनों की संख्या की जानकारी ली। जल-कल पटल पहुंचकर वाहन की लॉकबुक का अवलोकन करते हुये पटल बाबू से हाउस टैक्स के बारे में जानकारी जिलाधिकारी ने प्राप्त की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र पटल का अवलोकन करते हुये पटल बाबू को निर्देशित किया कि किसी भी आवेदनकर्ता के प्रमाण-पत्र अधिक समय तक लम्बित न रखे जायें, जल्द से जल्द आवेदनकर्ता के प्रमाण-पत्र जारी किये जायें।

# डीएम ने जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग व्यक्ति को मौके पर ही दिलाई ट्राईसाइकिल

❒ तबादला सूची में तीन उपनिरीक्षक, 35 मुख्य आरक्षी/आरक्षी और छह महिला आरक्षी शामिल हैं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान संवेदनशील एवं सराहनीय पहल देखने को मिली। जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग शिकायतकर्ता अनमोल पुत्र अयोध्या प्रसाद,निवासी ग्राम रुदौ लिया करनैलगंज ने अपनी समस्या को लेकर उपस्थित हुए। उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिका री निरंजन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने कार्यालय कक्ष से बाहर आ कर उनकी बातों को गंभीरता एवं भावपूर्ण ढंग से सुना। अनमोल ने अपनी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए आवागमन में आ रही स मस्याओं से अवगत कराया।जिलाधिकारी ने तत्का ल मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित वि भाग के अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिए। उनकी तत्परता और सकारात्मक पहल के परिणाम स्वरूप कलेक्ट्रेट परिसर में ही दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। साथ ही उपरोक्त व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ शीघ्रातिशीघ्र दिलाने के निर्देश दिये हैं । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी की इस संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना की।यह पहल न केवल प्रशासन की जवाबदेही को दर्शाती है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। मौके पर अपर उपजिलाधिकारी विशाल कु मार,वसीम अहमद दिव्यांग विभाग उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधानों के कार्यकाल विस्तार पर बलहा में आयोजित हुआ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

❒ कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बहराइच के जिलाध्यक्ष कृपाराम वर्मा भी मौजूद रहे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच । ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में 6 माह की वृद्धि किए जाने के बाद विकास खंड बलहा परिसर में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख बलहा श्री विजय कुमार वर्मा ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को बढ़े हुए कार्यकाल से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बहराइच के जिलाध्यक्ष कृपाराम वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने सरकार के इस निर्णय को ग्रामीण क्षेत्रों के हित में बताते हुए कहा कि इससे पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा और ग्राम पंचायतें और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, पंचायतों को मजबूत बनाने और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। अंत में सभी ग्राम प्रधानों को उनके विस्तारित कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# विकास प्रदर्शनी में दिखी बारह वर्षों की उपलब्धियों की झलक

❒ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये अमेठी में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला, जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं आत्मा योजनांतर्गत किसान मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसानों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर प्राकृतिक खेती की तकनीकों एवं कृषि संबंधी नवीन जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय चौहान ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये कहा कि वर्तमान कृषि पद्धति में उत्पादन तो बढ़ रहा है, लेकिन रासायनिक खेती के बढ़ते प्रभाव से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित खाद्यान्न स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित इस कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. लाल पंकज सिंह ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत एवं नीमास्त्र तैयार करने की विधि तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खरीफ फसलों एवं धान की नर्सरी प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव भी किसानों को दिए। वहीं डॉ. रेनू सिंह ने श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व, उपयोगिता एवं पोषण संबंधी लाभों पर विस्तृत चर्चा की। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, किसानों को मिलने वाले लाभों एवं खरीफ अभियान की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा नवीन कृषि उपकरणों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विगत बारह वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में युवा, महिला, किसान, गरीब एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के साथ-साथ एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक गलियारा, डिजिटल गवर्नेंस, हरित ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदर्शित की गईं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम तथा प्रयागराज महाकुंभ सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास कार्य भी प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कटआउट के साथ स्थापित सेल्फी प्वाइंट आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने हुये हैं। यह प्रदर्शनी बीस जून तक जनसामान्य के अवलोकन हेतु खुली रहेगी। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा लोक गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से किसानों को कृषि एवं प्राकृतिक खेती के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## रघुनाथपुर में रोजगार सेवक पर गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रियंका की अनुपस्थिति में उनके भाई गौतम पाण्डेय एवं रामप्रकाश पाण्डेय द्वारा कार्यों का संचालन किया जा रहा है जो बैद्यानिक नहीं है

पूरनपुर। विकास खंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में तैनात रोजगार सेवक के कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है शिकायतकर्ता ने रोजगार सेवक पर पद के संचालन में अनियमितता बरतने और नियमों के विपरीत सरकारी लाभ लेने के आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में करीब 12 वर्ष पूर्व प्रियंका का रोजगार सेवक पद पर चयन हुआ था आरोप है कि 18 अप्रैल 2018 को विवाह होने के बाद वह अपने ससुराल में रहने लगीं इसके बावजूद रोजगार सेवक पद का कार्य उनके स्थान पर उनके परिजनों द्वारा संचालित किए जाने का आरोप लगाया गया है शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रियंका की अनुपस्थिति में उनके भाई गौतम पाण्डेय एवं रामप्रकाश पाण्डेय द्वारा मास्टर रोल तैयार करने, मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने तथा अन्य कार्यों का संचालन किया जा रहा है साथ ही मनमाने तरीके से मास्टर रोल तैयार कर भुगतान कराने और फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से धनराशि निकाले जाने के भी आरोप लगाए गए हैं शिकायत में यह भी कहा गया है कि रोजगार सेवक द्वारा बाल देखभाल अवकाश नहीं लिया गया तथा वेतन प्राप्त करने में भी नियमों का पालन नहीं किया गया इसके अलावा आधार कार्ड और मतदाता सूची में वैवाहिक स्थिति से संबंधित विवरणों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज प्रार्थना पत्र में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है फिलहाल आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी प्रशासनिक स्तर पर शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना है।

## भुवनेश्वर रवाना हुईं नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष आस्था अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल 19 एवं 20 जून को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय शहरी सेमिनार में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हो गई हैं।''सामुदायिक सहभागिता से शहरी सेवाओं को मजबूत बनाकर समावेशी शहरों का निर्माण''

विषय पर आयोजित इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधि एवं शहरी विकास से जुड़े अधिकारी भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश से डॉ. आस्था अग्रवाल के अलावा लखनऊ के विधायक नीरज बोरा तथा असिस्टेंट डायरेक्टर, अर्बन लोकल बॉडीज सविता शुक्ला भी प्रतिभाग करेंगी। सेमिनार का आयोजन भुवनेश्वर स्थित ओडिशा अर्बन अकादमी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में समावेशी शहरों के विकास, शहरी गरीबों के लिए बेहतर सेवाओं की उपलब्धता, सामुदायिक भागीदारी, आजीविका, आवास, स्वच्छता तथा सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भुवनेश्वर के स्वच्छता प्रबंधन मॉडल, माइक्रो कम्पोस्टिंग सेंटर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा पुरी में पेयजल आपूर्ति परियोजना का भी अवलोकन कराया जाएगा। साथ ही विभिन्न शहरों में सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से शहरी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के सफल अनुभव साझा किए जाएंगे।डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंचों पर सहभागिता से विभिन्न राज्यों के नवाचारों और सफल मॉडलों की जानकारी मिलती है, जिनका उपयोग पीलीभीत शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।

## दस्तावेज लेखको ने राज्यपाल ने नाम सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय, सुलतानपुर। उपनिबंधक कार्यालय बल्दीराय में लागू की जा रही ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में दस्तावेज लेखकों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के चलते रजिस्ट्री संबंधी कार्य प्रभावित रहे, जिससे कार्यालय पहुंचे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दस्तावेज लेखकों का कहना है कि नई ई-पंजीकरण व्यवस्था में कई तकनीकी एवं व्यावहारिक कमियां हैं। उनका आरोप है कि वर्तमान स्वरूप में व्यवस्था लागू होने से उनके कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा आम नागरिकों को भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हड़ताल के दौरान दस्तावेज लेखक उपनिबंधक कार्यालय परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जाता और ई-पंजीकरण व्यवस्था को सरल एवं व्यावहारिक नहीं बनाया जाता, तब तक उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस संबंध में दस्तावेज लेखको ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सब रजिस्टार बीना झा को दिया। अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण रजिस्ट्री कराने आए लोगों को वापस लौटना पड़ा, जिससे उन्हें समय और धन दोनों की हानि उठानी पड़ी। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालकर रजिस्ट्री कार्य सुचारु रूप से संचालित कराने की मांग की है। इस दौरान विपिन मिश्रा, प्रदीप यादव, दिलीप सिंह, जेपी श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, राम अंजोर यादव, अमरनाथ यादव, नंदकुमार यादव, अरविंद श्रीवास्तव, करुणेश सिंह, निखिल श्रीवास्तव, आदर्श अंकुर, हसनैन, नीरज, दीपक यादव, अरविंद पांडेय, सुनील यादव, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखक मौजूद रहे।

## 179 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज का विरोध,बरेली के कुतुबखाना मॉडल की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सर्वे के दौरान किए गए चिन्हांकन में रामलीला ग्राउंड, आर्य समाज इंटर कॉलेज की इमारत, विश्वकर्मा मंदिर से जुड़ी दुकानें तथा करीब 500 छोटे व्यापारियों की दुकानें प्रभावित होने की आशंका है

पूरनपुर। 179 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ऊपरगामी सेतु (ओवरब्रिज) निर्माण के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा व्यापारियों ने प्रस्तावित पुल के निर्माण से सैकड़ों दुकानों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक संपत्तियों पर मंडरा रहे खतरे को लेकर चिंता जताई ज्ञापन में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व रेलवे और सेतु निगम शाहजहांपुर द्वारा संयुक्त सर्वे किया गया था।

सर्वे के दौरान किए गए चिन्हांकन में रामलीला ग्राउंड, आर्य समाज इंटर कॉलेज की इमारत, विश्वकर्मा मंदिर से जुड़ी दुकानें तथा करीब 500 छोटे व्यापारियों की दुकानें प्रभावित होने की आशंका है व्यापारियों का कहना है कि प्रस्तावित निर्माण से बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार प्रभावित होगा व्यापारियों ने कहा कि 179 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर भारी यातायात का दबाव नहीं है, जबकि 180 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर पहले से ही ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है इसी मार्ग से उत्तराखंड, पलिया, धनाराघाट रोड और शेरपुर बाईपास की ओर जाने वाला अधिकांश यातायात आसानी से संचालित हो सकता है ऐसे में 179 नंबर क्रॉसिंग पर नया पुल बनाना न तो जनहित में है और न ही व्यापारिक दृष्टि से उचित ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि रेलवे लाइन के पार रहने वाली आबादी के लिए पहले से एक ऊपरगामी सेतु मौजूद है और 180 नंबर क्रॉसिंग पर प्रस्तावित पुल बनने के बाद आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। व्यापारियों का आरोप है कि 179 नंबर क्रॉसिंग पर पुल निर्माण से शहर में जाम की समस्या बढ़ सकती है तथा सरकारी धन का अनावश्यक व्यय होगा इस दौरान व्यापारियों ने बरेली के कुतुबखाना ओवरब्रिज का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि यदि तकनीकी कारणों से पुल निर्माण आवश्यक हो तो इसकी चौड़ाई 11 मीटर के बजाय 8 मीटर रखी जाए उनका कहना था कि ऐसा होने पर बड़ी संख्या में दुकानें और प्रतिष्ठान बचाए जा सकते हैं।

जिससे व्यापारियों को राहत मिलेगी व्यापारियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से छोटे एवं लघु व्यापारियों, प्राचीन रामलीला मैदान तथा धार्मिक स्थलों को सुरक्षित रखते हुए 179 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के संबंध में पुनर्विचार करने की मांग की है ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे है।

# टीईटी की अनिवार्यता से खफा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

❒ जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से बड़ी संख्या में शिक्षक नवीन कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आहवाहन पर गुरुवार को जनपद अमेठी के शिक्षकों ने टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा एवं सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की मांग को लेकर नवीन कलेक्ट्रेट भवन में विशाल प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला संयोजक विवेक शुक्ला ने किया।

जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से बड़ी संख्या में शिक्षक नवीन कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए तथा जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में टीईटी व्यवस्था लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे शिक्षकों पर बाद में बनाये गये नियमों को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्याय संगत नहीं है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मांग की है कि टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय तथा इस सम्बंध में उत्पन्न विधिक विसंगतियों को दूर करने के लिये केंद्र सरकार आवश्यक कदम उठाये।जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि यह आंदोलन केवल कुछ शिक्षकों का नही बल्कि पूरे शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार और सेवा सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस विषय पर सकारात्मक निर्णय नही लिया गया तो देशभर के शिक्षक व्यापक आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से केंद्र सरकार को अवगत कराने का अनुरोध किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से आलोक तिवारी, पंकज शुक्ला, सत्येन्द्र तिवारी, अमित पाण्डेय,सुरेश कनौजिया,अनुराग यादव अभिषेक तिवारी,दल बहादुर सिंह, अजय सिंह,विमलेंद्र पाण्डेय,अतुल शर्मा, ओंकार पाण्डेय,अजेंद्र सिंह,संतोष कुमार तिवारी, संजीव कुमार,शैलेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, पवन तिवारी, बब्बन यादव ,दिलीप शुक्ला,सचिन श्रीवास्तव,विजय वर्मा, कमलेश यादव,पंकज पाण्डेय, योगेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी,विकल्प श्रीवास्तव,सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## भाकियू भानु से निष्कासित सदस्य के खिलाफ छेड़छाड़ समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन भानु की महिला सदस्यों ने संगठन के निष्कासित सदस्य के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पूरनपुर में मुकदमा दर्ज कराया है दर्ज मुकदमे में ग्राम गोरा निवासी लुकमान पुत्र अब्दुल अहद पर महिला कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार, अनुचित टिप्पणियां करने तथा छेड़छाड़ के प्रयास के आरोप लगाए गए हैं महिला सदस्यों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, आरोपी लंबे समय से संगठन की महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक व्यवहार करता रहा है, जिससे महिला कार्यकर्ताओं में असुरक्षा और भय का माहौल बना हुआ है शिकायत में दावा किया गया है कि संगठन की मर्यादा के विपरीत गतिविधियों के कारण उसे पूर्व में भारतीय किसान यूनियन (भानु) से निष्कासित भी किया जा चुका है, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया महिलाओं का आरोप है कि 15 जून 2026 को तहसील पूरनपुर में आयोजित संगठन की बैठक में आरोपी एक अन्य व्यक्ति के साथ पहुंचा और वहां मौजूद महिला सदस्यों के साथ अनुचित व्यवहार तथा छेड़छाड़ का प्रयास किया विरोध के बावजूद उसका रवैया आपत्तिजनक बना रहा, जिससे महिलाओं में रोष व्याप्त हो गया शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संगठन की एक महिला सदस्य ने पूर्व में भी उक्त व्यक्ति के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई थी।

## गांव-गांव पहुंचकर ओबीसी नेता संतराम विश्वकर्मा ने किया जनसंपर्क

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा ने सबलपुर, भायपुर, पड़रिया समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से संवाद किया इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व सांसद के कार्यकाल को याद करते हुए उनके कार्यों की खुलकर सराहना की ग्रामीणों ने कहा कि व के सांसद रहने के दौरान क्षेत्र की छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान होता था ओबीसी नेता ने किसानों ने कहा कि सूखे जैसी परिस्थितियों में भी वे स्वयं गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते थे और राहत पहुंचाने के प्रयास करते थे संतराम विश्वकर्मा ने कोरोना महामारी के दौर को याद करते हुए कहा कि पूर्व सांसद ने अपने निजी संसाधनों से पीलीभीत के अस्पतालों में ऑक्सीजन उपलब्ध कराने में सहयोग किया था उन्होंने बताया कि 'जनता रसोई' के माध्यम से लंबे समय तक जरूरतमंद लोगों तक भोजन के पैकेट पहुंचाए गए और यह अभियान जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में संचालित किया गया उन्होंने कहा कि वरुण गांधी ने पीलीभीत को अपने परिवार की तरह माना और जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों की सेवा की यही कारण है कि आज भी लोग उनके कार्यों को याद करते हैं और उन्हें जनसेवा का उदाहरण मानते हैं।

## गुमशुदगी दर्ज होने के अगले दिन मिला महिला का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम रामनगर टपरा में एक 22 वर्षीय महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना मिलने पर थाना हजारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की पुलिस के अनुसार दिनांक 17 जून 2026 को यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रामनगर में एक महिला का शव पड़ा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका की पहचान शीला पत्नी बलविन्दर सिंह (22 वर्ष), निवासी ग्राम रामनगर टपरा, थाना हजारा, जनपद पीलीभीत के रूप में की जांच में सामने आया कि मृतका के पति बलविन्दर सिंह ने 17 जून को थाना हजारा में सूचना दी थी कि उनकी पत्नी 16 जून की रात करीब नौ बजे घर से कहीं चली गई थीं, जिसके संबंध में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी दर्ज होने के कुछ ही समय बाद महिला का शव मिलने से मामला गंभीर हो गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## नाबालिग पुत्री से अश्लील हरकत का आरोप, पिता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने एक नाबालिग बालिका से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ के आरोप में उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तहरीर मे बताया गया कि वह बहन और पिता के साथ कुल तीन व्यक्ति है जो कि एक ही घर मे निवास करते हैं और जबकि उसकी माँ की मृत्यु बीमारी के चलते कुछ वर्ष पूर्व हो चुकी है तभी से वह लोग बिना मां के रह रहे हैं वही आरोपी युवक के बेटे की ओर से दर्ज मुकदमे मे बताया कि वह मोहल्ला वमनपुरी का निवासी है आरोपी युवक के बेटे ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसकी 13 वर्षीय बहन के साथ उसके पिता ने अश्लील हरकत की विरोध करने पर बालिका के साथ मारपीट भी की गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी पूर्व में भी बालिका के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ कर चुका है पीड़िता द्वारा घटना की जानकारी अपने भाई को देने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा तहरीर के आधार पर कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 115 (2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

## बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर हिन्दू महासभा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की महिला टीम ने जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा संगठन ने हाल ही में एक मासूम बालिका के साथ हुई घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा संबंधी कई सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे ज्ञापन में सभी कोचिंग संस्थानों का सत्यापन कराने, छात्राओं की सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी बढ़ाने तथा बाजारों, चौराहों और कोचिंग क्षेत्रों में सिविल ड्रेस में पुलिस टीम तैनात करने की मांग की गई साथ ही तेज रफ्तार वाहन चलाने, स्टंटबाजी करने और महिलाओं को परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई गई संगठन ने महिला पुलिसकर्मियों की सक्रिय तैनाती बढ़ाने, महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ को और प्रभावी बनाने तथा स्पा सेंटर, जिम, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का समय-समय पर निरीक्षण कराने की मांग की इसके अलावा अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों और सोशल मीडिया उपयोग के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया महिला टीम ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है संगठन ने कानून के दायरे में रहकर पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया

## रिटेल व्यापारियों की सैम्पलिंग पर उठा सवाल, व्यापार मंडल बोला, निर्माता और थोक विक्रेताओं पर हो कार्रवाई

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छोटे खाद्य कारोबारियों और रिटेल व्यापारियों के प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाने के विरोध में व्यापार मंडल की नगर इकाई ने सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई में बदलाव की मांग की है जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल के निर्देश एवं जिला महामंत्री अवनीश जायसवाल की संस्तुति पर नगर अध्यक्ष अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में व्यापारियों ने ज्ञापन देकर कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग जनपद में छोटे रिटेल व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कर रहा है, जबकि खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशों के अनुसार सैम्पलिंग मुख्य रूप से निर्माता कंपनियों, डिस्ट्रीब्यूटरों और थोक विक्रेताओं के स्तर पर की जानी चाहिए व्यापारियों ने मांग की कि यदि किसी शिकायत के आधार पर किसी व्यापारी के यहां सैम्पलिंग की जाती है तो उस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री अथवा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे ज्ञापन में यह भी कहा गया कि खाद्य सुरक्षा विभाग समय-समय पर व्यापार मंडल के साथ बैठक एवं जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन करे, जिससे व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों और कानूनों की जानकारी मिल सके तथा अनावश्यक विवादों से बचा जा सके व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी स्थिति में व्यापारियों का उत्पीड़न या शोषण नहीं होना चाहिए। इसलिए विभागीय कार्रवाई करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष अलाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष फराज खान, प्रदीप कुमार, नरेंद्र भारद्वाज, मोइन खान, प्रतीक कुमार टिन्नी, फराज शम्सी, रेहान शम्सी, दीपु, सहगल, अंकित अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे है।

## तहसील मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा



**सुलतानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील मुख्यालय बल्दीराय स्थित स्थानीय कस्बे में मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग के थाना मोड़ पर बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत पटैला की सरकारी भूमि पर एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा वर्षों से कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है, जबकि राजस्व विभाग इस मामले में कार्रवाई करने के बजाय मौन बना हुआ है। अवैध कब्जा हटवाने में तहसील बल्दीराय के जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय बल्दीराय में ग्राम पंचायत पटैला की गाटा संख्या 263 (नवीन परती ) (क) तथा गाटा संख्या 264 (.षि योग्य बंजर) भूमि पर एक रसूखदार व्यक्ति द्वारा आवासीय निर्माण कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। यह भूमि तहसील मुख्यालय के प्रमुख मार्ग पर स्थित होने के कारण काफी मूल्यवान मानी जाती है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अमरजीत सिंह ने मुख्यमंत्री मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर मंडला आयुक्त अयोध्या अध्यक्ष राजस्व परिषद उप जिलाधिकारी बल्दीराय सहित कई उच्च अधिकारियों को भेजी शिकायत में मामले की जांच कराकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि पर निजी कब्जा राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि तहसील मुख्यालय पर स्थित इस भूमि पर लंबे समय से कब्जा होने के बावजूद राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने राजस्व विभाग की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए कहा कि यदि जल्द ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो वह मामले को उच्च न्यायालय में उठाने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे। फिलहाल मामले में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। शिकायत के बाद स्थानीय लोगों की नजरें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## सम्पादकीय

# ‘चिट्टा’ को चुनौती

हाल के दिनों में पंजाब के बाद, हिमाचल के लिए भी नशीले पदार्थों का तेजी से बढ़ता दुरुपयोग एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन गया है। नशे के बढ़ते सेवन की जो समस्या कभी सीमावर्ती राज्यों व सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित मानी जाती थी, अब दुर्भाग्य से वह इस पहाड़ी राज्य के गांवों तक पहुंच गई है। जिससे कई परिवारों का अस्तित्व, लोगों की आजीविका और युवा पीढ़ी का भविष्य भी खतरे में नजर आ रहा है। ऐसे हालात में राज्य सरकार का वह फैसला एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया है, जिसमें नशीले पदार्थों से मुक्ति के अभियान ‘चिट्टा-मुक्त गांव’ में पंचायतों को शामिल करने का रणनीतिक निर्णय लिया गया है। सालों तक इस संकट को कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न माना जाता रहा है। नशीले पदार्थों की समस्या से निपटने के लिये सप्लायरों व नशे की आदत का शिकार लोगों की गिरफ्तारी, नशीले पदार्थों की बरामदगी और पुलिस की कार्रवाई को प्राथमिकता बना लिया गया था। निस्संदेह, कानून के अनुपालन के बिना इस संकट का समाधान संभव भी नहीं था, लेकिन सिर्फ इन प्रयासों से सफलता कम ही मिली। नशीले पदार्थ बेचने वालों की गिरफ्तारी के बाद सप्लाई चेन तेजी से बदल जाती है। नशे के कारोबारी स्थानीय तंत्र की कमजोरी का लाभ उठाते और नये लोग नशे की लत की चपेट में आ जाते थे। इस संकट के बने रहने ने संकेत दिए कि यह समस्या सिर्फ कानूनी नहीं है बल्कि इसे एक सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संकट के रूप में भी देखा जाना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी ग्रामीण समाज में पंचायतों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पंचायतें ग्रामीण परिवेश में स्थानीय हालात को बेहतर ढंग से समझती हैं। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्थानीय समुदायों का विश्वास भी हासिल होता है। वे गांव के लोगों के व्यवहार संबंधी बदलावों को आसानी से से पहचान सकती हैं। ऐसे बदलाव जिन्हें दूर बैठे प्रशासन व पुलिस के अधिकारी नहीं समझ सकते।इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि यदि पंचायतों को प्रभावी अधिकार और संसाधन उपलब्ध करा दिए जाएं तो वे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। साथ ही ग्रामीण परिवारों को समय रहते मदद लेने को प्रोत्साहित कर सकती हैं। इतना ही नहीं, वे इस जागरूकता अभियान का दायरा बढ़ाने और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये स्कूल तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सार्थक तालमेल स्थापित कर सकती हैं। साथ ही बिना किसी भेदभाव के, संवेदनशील ढंग से पुनर्वास के प्रयासों में मदद कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गांव स्तर पर निगरानी समितियां बनाकर पंचायतें नशे की आपूर्ति शृंखला पर नजर रख सकती हैं। वे समय रहते कानून के क्रियान्वयन करने वाली एजेंसियों को भी सतर्क करने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसके अलावा बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और काम को बेहतर ढंग से करने के लिये जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये जा सकते हैं। यह भी हकीकत है कि पेशेवर अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद के बिना गांवों की चुनी हुई संस्थाओं के द्वारा नशे की समस्या से पूरी तरह निपट पाना संभव नहीं है। इसके साथ ही सरकार को नशा-मुक्ति केंद्रों को सशक्त बनाने की भी जरूरत होगी। इसके अलावा नशे पर शिकंजा कसने के लिये जरूरी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। वहीं दूसरी ओर नशीले पदार्थों के सेवन के खतरे का सामना कर रहे युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ाने की भी जरूरत होगी। यह भी कि मानसिक तनाव से मुक्ति के लिये मनोरंजन के अवसर बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के क्रम में हिमाचल सरकार का यह प्रयोग एक महत्वपूर्ण सच को सामने लाता है कि स्थायी बदलाव सरकारी दफ्तरों से नहीं बल्कि हकीकत में गांव से ही शुरू हो सकता है।

# विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन हो जी-7 बैठक में

जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषत: ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे। यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती।

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है।

जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे। यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं। ईरान युद्ध ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रश्न पर, वैश्विक व्यापार के नियमों पर और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह अपेक्षा करना कठिन है कि यह संगठन विश्व की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए कोई सर्वमान्य और प्रभावी रणनीति प्रस्तुत कर पाएगा। इस सम्मेलन में भारत की उपस्थिति विशेष महत्व रखती है। भारत भले ही जी-7 का सदस्य न हो, लेकिन उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिष्ठा और विकासशील देशों के प्रतिनिधि स्वरूप ने उसे इस मंच का एक महत्वपूर्ण सहभागी बना दिया है। यह अवसर केवल भारत की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का नहीं, बल्कि उन विकासशील और निर्धन देशों की आकांक्षाओं को मुखर करने का भी है, जिनकी आवाज अक्सर वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में दब जाती है। आज अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देश आर्थिक संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु आपदाओं और ऋण के बोझ से जूझ रहे हैं। उनकी प्राथमिकताएं जी-7 देशों की प्राथमिकताओं से भिन्न हैं। इसलिए भारत को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि क्या विश्व की दिशा तय करने का अधिकार केवल कुछ विकसित देशों तक सीमित रहना चाहिए? क्या वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रतिनिधिक नहीं बनाया जाना चाहिए? यह समय विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देने और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं को केंद्र में लाने का है। जी-7 की प्रासंगिकता पर सबसे बड़ा प्रश्न उसकी प्रभावशीलता को लेकर है। यदि कोई संगठन विश्व की प्रमुख समस्याओं को रोकने या सुलझाने में सक्षम नहीं है, तो उसकी उपयोगिता स्वतः प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से जारी है। पश्चिम एशिया लगातार अशांत बना हुआ है। आतंकवाद और कट्टरता की चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक नेतृत्व देने का दावा करने वाले मंचों की उपलब्धियां सीमित दिखाई देती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा शांति और सहमति की दिशा में बढ़ने की खबरों ने पूरी दुनिया को राहत दी है। लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ रही थी और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा था। जैसे ही दोनों देशों के बीच समझौते और संवाद की संभावनाएं मजबूत हुईं, दुनिया भर के वित्तीय बाजारों में सकारात्मक संकेत दिखाई दिए। निवेशकों का विश्वास बढ़ा, ऊर्जा बाजार में स्थिरता के संकेत मिले और तेल की कीमतों में नरमी आई। इससे स्पष्ट है कि शांति केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि उसका सीधा संबंध वैश्विक आर्थिक स्थिरता और आम नागरिक के जीवन से भी होता है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। यदि संवाद और समझौता ही अंततः समाधान का मार्ग था, तो फिर टकराव और तनाव की स्थिति को इतना लंबा क्यों खींचा गया? आखिर राष्ट्रपति ट्रंप को समझौते और सहमति के लिए राजी होने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? क्या इसके पीछे आर्थिक दबाव थे? क्या वैश्विक बाजारों की चिंता थी? क्या अमेरिकी जनता की अपेक्षाएं थीं? या फिर यह स्वीकारोक्ति थी कि युद्ध और दबाव की राजनीति की भी सीमाएं होती हैं? ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर जी-7 जैसे मंचों में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। विश्व समुदाय केवल औपचारिक शांति समझौतों से संतुष्ट नहीं हो सकता। आवश्यकता इस बात की है कि शांति स्थायी, विश्वसनीय और न्यायपूर्ण हो। यदि समझौते केवल राजनीतिक छवि निर्माण, चुनावी लाभ या अस्थायी रणनीतिक उद्देश्यों के लिए किए जाते हैं, तो वे लंबे समय तक टिक नहीं पाते। जी-7 को यह सुनिश्चित करने की दिशा में पहल करनी चाहिए कि विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले शांति प्रयास वास्तविक हों और उनका उद्देश्य मानवता के हितों की रक्षा करना हो। आज वैश्विक व्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है। दुनिया अब एकध्रूवीय नहीं रही। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक शक्ति संतुलन को नया स्वरूप दे रही हैं। ऐसे समय में जी-7 को भी अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण में परिवर्तन करना होगा। यदि यह मंच केवल अमेरिकी नेतृत्व और पश्चिमी हितों का प्रतिनिधि बना रहेगा, तो इसकी स्वीकार्यता और प्रभावशीलता लगातार घटती जाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जी-7 स्वयं को अधिक समावेशी बनाए, विकासशील देशों को निर्णय प्रक्रिया में अधिक स्थान दे, आर्थिक न्याय और जलवायु न्याय के प्रश्नों पर ठोस पहल करे तथा वैश्विक शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करे। अमेरिका को भी यह समझना होगा कि नेतृत्व और प्रभुत्व में अंतर होता है। नेतृत्व विश्वास अर्जित करता है, जबकि प्रभुत्व विरोध को जन्म देता है। फ्रांस में हो रहा यह सम्मेलन केवल आर्थिक या राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का मंच नहीं होना चाहिए, बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। जी-7 को यह विचार करना होगा कि बदलती दुनिया में उसकी भूमिका क्या है और वह किस प्रकार अधिक उपयोगी, प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता है। यदि यह संगठन अपने भीतर बढ़ते मतभेदों को दूर कर, समानता और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ता है, तभी वह विश्व समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेगा। भारत को इस अवसर पर साहसपूर्वक यह संदेश देना चाहिए कि विश्व का भविष्य शक्ति-संतुलन, संवाद, सहयोग और समावेशिता में निहित है। किसी एक देश या समूह की प्रभुत्ववादी सोच से नहीं, बल्कि साझी जिम्मेदारी और साझा विकास की भावना से ही विश्व में स्थायी शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। यही इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही जी-7 जैसे मंचों की वास्तविक कसौटी भी। **– ललित गर्ग**

# तुलना की आंच में तपते हम

**सुधाकर आशावादी**

राजाओं के शासन काल की उपलब्धियों और नकारापन की तुलना आदिकाल से की जाती रही है, जो व्यक्ति को आत्म चिंतन हेतु विवश करती है। तुलना का कोई स्थाई मानक नहीं होता,कि तुलना का आधार क्या हो।

किसी से किसी की तुलना करना मानवीय स्वभाव है। यदि ऐसा न होता, तो कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली जैसी कहावत न बनती। राई को पर्वत करै पर्वत राई माहि जैसा दोहा कबीर न रचते। तेरी कमीज मेरी कमीज से उजली क्यों जैसे विज्ञापन प्रचार न पाते। जीवन के हर क्षेत्र में एक दूसरे की आपस में तुलना किया जाना नई बात नहीं है । राजाओं के शासन काल की उपलब्धियों और नकारापन की तुलना आदिकाल से की जाती रही है, जो व्यक्ति को आत्म चिंतन हेतु विवश करती है। तुलना का कोई स्थाई मानक नहीं होता,कि तुलना का आधार क्या हो। किसी मृतक की तुलना किसी जीवित व्यक्ति से भी की जा सकती है। किसी के चाल चरित्र और चेहरे की तुलना किसी के चाल चरित्र और चेहरे से की जा सकती है, किसी की आर्थिक स्थिति की तुलना भी की जा सकती है। किसी के व्यक्तिगत शौक की तुलना भी दूसरे के व्यक्तिगत शौक से की जा सकती है । यानी तुलना के लिए कुछ बिंदु निर्धारित करके अध्ययन किया जा सकता है।अपने एक मित्र थे, जो अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे, उनकी जीवन शैली में राजशाही आचरण झलकता था। पढ़ने गए तो कभी साइकिल से नही गए। महंगी लग्ज़री कार से नौकर स्कूल तक छोड़ने जाता था, फिर वापस लाता था । घर में भौतिक सम्पन्नता थी, किसी भी विलासिता की वस्तु को खरीदने के लिए कुछ सोचना नहीं पड़ता था। मन की बात कहने भर की देर होती, कि उसकी चाहत पूरी हो जाती। दूसरी ओर एक और बालक था, उसके परिवार की ऐसी भी स्थिति नहीं थी, कि बालक का सही से भरण पोषण भी कर सके। जैसे तैसे संघर्ष करके वह उच्च स्तर तक पहुँच गया। अब कोई कहे कि गरीब और अमीर की एक दूसरे से तुलना की जा सकती है। अमीर के मुकाबले गरीब की उपलब्धियां कम रही या अमीर ने अपने परिवार की अमीरी के चलते समाज सेवा की, तब कहाँ राजा भोज और कहाँ गंगू तेली जैसी कहावत चरितार्थ होगी ही। ऐसे अनेक लोग होते हैं , जो विलक्षण प्रतिभा के धनी होते हैं, जिनके कार्यों की तुलना किसी अन्य के कार्य से नहीं की जा सकती, फिर भी तुलना की जाती है। किसी कवि के रचना कर्म की तुलना किसी अन्य कवि के रचना कर्म से भला कैसे की जा सकती है। किसी गली में कविता पढ़ने वाला कवि कब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर अतुलनीय बन जाए, कौन सा कवि ओज का हिमालय बन जाए और कौन सा कवि गीतों का राजकुमार, कौन सा कवि फूहड़ चुटकुले सुनाकर हास्य सम्राट बन जाए और कौन सा कवि साहित्य की गठरी लादे रस छन्द अलंकार और मात्राओं के विधान से कविता और प्रस्तुति में कमियाँ खोजता रहे तथा कवियों की रचनाधर्मिता की तुलना करता रहे। यह तो ठीक वैसा ही हुआ न , कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा भानुमति ने तुलना के लिए बेमेल कुनबा जोड़ा। अतीत और वर्तमान की तुलना नित्य होती है । कभी एक रुपए के सवा सेर शुद्ध घी के भाव को याद करके आज के रेट की तुलना की जाती है। तुलना करने वाला कभी भी देश, काल और परिस्थिति का अध्ययन नहीं करता। बैलगाड़ी और इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के युग में महंगाई की तुलना करता है। तुलना का आधार तुलना के मानक कोई नही तय करता। कोई कह रहा है कि अमुक प्रधान अमुक प्रधान का पासंग भी नही है, कोई कह रहा है कि जिसे तुम पासंग भी नही समझते, वह महा मानव है। सब अपने अपने मतानुसार तुलना कर रहे हैं। असलियत कोई नहीं समझना चाहता । अब तुलना भी अंधभक्ति और अंध आस्था का चश्मा लगाकर की जा रही है। अपने अपने तुलनात्मक निष्कर्ष में कोई यह स्पष्ट करने में समर्थ नहीं हो पा रहा है कि चारित्रिक, सामाजिक और व्यावहारिक आचरण के आधार पर किसे पर्वत की संज्ञा दी जाए और किसे राई की । वैसे भी संसार के सभी प्राणियों में इतनी विविधता है, कि प्रत्येक मानक पर उनकी तुलना ही नही हो सकती।

## सेहत मंत्र

# वज़न कम करने में सहायक होती है गुणकारी लौकी

लौकी एक गुणकारी सब्ज़ी है और यह हर घर में पकाई व बड़े ही चाव के साथ खाई जाती है। गर्मियों में लौकी का सेवन न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि मौसमी बीमारियों से भी बचाता है। यह पचाने में काफी आसान है और वज़न घटाने के लिए भी बहुत अच्छी मानी जाती है। वज़न कम करने के लिए यदि आप डायट पर हैं, तो लौकी को अपने आहार का हिस्सा ज़रूर बनाएं। वैसे वज़न कम करने के लिए लोग जाने क्या-क्या करते हैं पर आप सिर्फ लौकी की सब्ज़ी खाकर घर बैठे-बैठे वज़न कम कर सकते हैं। एक लौकी में लगभग 15 कैलोरी और ढेर सारा विटामिन, खनिज और फाइबर पाया जाता है। इसलिए वज़न घटाने के लिए इसे एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जाता है। हालांकि बहुत से लोग वज़न घटाने के लिए लौकी के जूस का सेवन करते हैं, जो की गलत है। लौकी के जूस से बेहतर है कि इसे उबाल कर या इसको सलाद के रूप में खाया जाए। एक शोध के मुताबिक, एशियन पैसिफिक जर्नल ऑफ द ट्रॉपिकल मेडिसिन में प्रकाशित जानवरों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि लॉकी ने चूहों में वेट गेन होने से रोका, जिन्हें उच्च वसा वाला आहार खिलाया गया था। हालांकि, मनुष्यों पर अभी तक ऐसा कोई शोध नहीं किया गया है। इस सब्जी में बहुत ही कम फैट और कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है। वज़न घटाने के लिए इसमें आवश्यक पानी और पोषक तत्व मौजूद होते हैं। साथ ही इसमें विटामिन बी, विटामिन ई, विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन ए, आयरन, फोलेट, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। अक्सर सुझाव दिया जाता है कि वज़न घटाने के लिए हमें जूस के बजाय समूचा फल और सब्जियां खानी चाहिए। यहीं बात लौकी के लिए भी लागू होती है। लौकी के जूस में फाइबर की कमी होती है और इसमें साबुत लौकी की तुलना में अधिक कैलोरी होती है। एक कप उबली हुई लौकी में सिर्फ 19 कैलरी और 2 ग्राम फाइबर होता है। लेकिन एक कप लौकी का जूस तैयार करने में ढेरों लौकी का इस्तेमाल होता है, जिससे इसमें कैलरी की मात्रा अपने आप ही बढ़ जाती है।

## धर्म मंत्र

# सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं सालासर बालाजी

हजारों लोगों की आस्था, श्रद्धा और विश्वास का धार्मिक स्थल सालासर बालाजी धाम भगवान हनुमानजी को समर्पित हैं। यह पवित्र धाम राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर चुरू जिले में सुजानगढ़ के समीप सालासर नामक स्थान पर स्थित है। सालासर धाम सालासर कस्बें के मध्य में स्थित है। यहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु देश कोने-कोने से प्रतिदिन मनोकामना लेकर बालाजी के दर्शनार्थ आते हैं। चैत्र पूर्णिमा एवं आश्विन पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है तथा यहां भव्य मेले भरते है जिसमें लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सालासर में स्थित हनुमानजी को भक्तगण भक्तिभाव से बालाजी के नाम से पुकारते हैं। मंदिर के संदर्भ में प्रचलित कथानक के अनुसार माना जाता है कि बहुत समय पूर्व असोता गांव में एक खेती करते हुए एक किसान का हल किसी वस्तु से टकरा गया। वह वहीं पर रूक गया और जब किसान ने देखा तो उसे शिला दिखाई दी। उसने वहां खुदाई की तो पाया कि वह मिट्टी से सनी हुई हनुमानजी की मूर्ति थी। वह दिन श्रावण शुक्ल की नवमी का दिन और उस दिन शनिवार था। किसान इस घटना के बारे में लोगों को बताया। जब वहां के जमींदार को भी उसी दिन सपना आया कि भगवान हनुमान उसे आदेश देते है कि उन्हें सालसर में इस मूर्ति को स्थापित किया जाए। कहा जाता है कि एक निवासी मोहनदास को भी हनुमान जी ने सपने में दर्शन देकर आदेश दिया कि मुझे असोता से सालासर में ले जाकर स्थापित करें।

## पर्यटन



# पांगोंग झील: बर्फीले रेगिस्तान का सतरंगी इंद्रधनुष

विश्वास करना कठिन हो रहा था कि पानी अपने रंग को बदल रहा है। लेकिन दुनिया के आठवें आश्चर्य को अपनी आंखों से देखते हुए कभी कभार यूं लगता कि आंखें भी धोखा खा रही हैं। लेकिन यह सब अक्षरशः सच था कि पानी ने अपना रंग बदला था और वह भी उस समय जब सूर्य या आदमी अपने आप को हिलाता था। इस दुनिया के आठवें आश्चर्य को देखने के लिए आदमी को भारत-चीन सीमा पर स्थित इस झील के किनारे किनारे आगे पीछे होना पड़ता था ताकि वह विश्वास न किए जाने वाले तथ्य पर भी विश्वास करने को मजबूर हो जाए। यह सब महज एक सपना या जादू नहीं है बल्कि हकीकत है कि सात रंगों में अपने पानी को बदलने वाली झील भी इस दुनिया में मौजूद है। और सतरंगी झील का प्यारा का नाम है- पांगोंग सो। (सो-को लद्दाखी भाषा में झील कहा जाता है।) एक और आश्चर्यजनक पहलू इस झील का यह है कि यह विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित नमकीन पानी की झील भी है जिसे देख आदमी स्वर्ग की छटा को भी भूलने को मजबूर हो सकता है। पूरी तरह से प्राकृतिक तौर पर बनी विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित इस झील का क्षेत्रफल भी कम नहीं है बल्कि यह एक समुद्र के समान है जिसकी लंबाई 150 किमी के लगभग है। हालांकि आधिकारिक रिकार्ड में यही लंबाई दर्ज है मगर आम लोगों (जो उसके आसपास के गांवों में रहते हैं) के अनुसार यह 138 किमी लंबी है और चौड़ाई भी कुछ कम अचंभित करने वाली नहीं है। 700 फुट से लेकर 4 किमी की चौड़ाई लिए यह झील समुद्रतल से 14256 फुट की ऊंचाई पर स्थित है जो बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख की राजधानी लेह से करीब 160 किमी की दूरी पर है। समुद्र रूपी इस झील का सफर कोई आसान नहीं है। कई ऊंचे ऊंचे दर्रों को पार करना पड़ता है जिसमें सबसे ऊंचा दर्रा 17350 फुट की ऊंचाई पर है। ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ ऊंचे दर्रे ही इसकी राह में हैं बल्कि मन को लुभावने वाले रेतीले और पथरीले पहाड़ भी नजर आ जाते हैं। सितम्बर के दूसरे सप्ताह में ही इन पर्वतों पर बर्फ अपनी चादर बिछा देती है।

# कहीं क्षमता से अधिक पंचायत सचिव, तो कहीं आधे पदों पर ही व्यवस्था !

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका

बाराबंकी। जनपद में पंचायत सचिवों की तैनाती को लेकर गंभीर असंतुलन सामने आया है। आरोप है कि विकास खंडों में सचिवों की नियुक्ति वास्तविक आवश्यकता और क्लस्टर संख्या के आधार पर न होकर प्रभाव, पैरवी और मनमाने ढंग से की जा रही है। इसका परिणाम यह है कि कुछ ब्लॉकों में आवश्यकता से अधिक पंचायत सचिव तैनात हैं, जबकि कई विकास खंड सचिवों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। इससे ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार कई खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) ने जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर अपने विकास खंड में आवश्यकता से अधिक सचिव तैनात होने की जानकारी दी है तथा उनका अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने का अनुरोध किया है। वहीं दूसरी ओर कई विकास खंड ऐसे हैं जहां सचिवों की कमी के कारण ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और वहां अतिरिक्त सचिवों की तैनाती की मांग की गई है। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। जानकारों का कहना है कि पंचायत सचिवों के तबादलों में पारदर्शिता का अभाव दिखाई दे रहा है। प्रभावशाली संपर्कों और व्यक्तिगत जुगाड़ के आधार पर सचिव अपनी पसंद के विकास खंडों में तैनाती कराने में सफल हो जाते हैं, जबकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों की मांग लगातार उपेक्षित रह जाती है। परिणामस्वरूप सचिवों का संतुलित वितरण नहीं हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खंड रामनगर में 17 क्लस्टरों पर 17 सचिव, मसौली में 17 क्लस्टरों पर 19 सचिव, बंकी में 18 क्लस्टरों पर 20 सचिव तथा हैदरगढ़ में 17 क्लस्टरों पर 18 सचिव तैनात हैं। इसके विपरीत बनीकोडर विकास खंड में 21 क्लस्टरों के सापेक्ष मात्र 12 सचिव और दरियाबाद में 16 क्लस्टरों के लिए केवल 8 सचिव ही कार्यरत हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय दरियाबाद और बनीकोडर की स्थिति को माना जा रहा है, जहां एक सचिव को कई ग्राम पंचायतों और क्लस्टरों का अतिरिक्त कार्यभार संभालना पड़ रहा है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेखों के रखरखाव, पंचायत बैठकों, सरकारी पत्राचार तथा विकास कार्यों की निगरानी पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि सचिवों की तैनाती क्लस्टर संख्या और कार्यभार के अनुसार नहीं की गई तो ग्रामीण विकास योजनाओं की गति प्रभावित होगी। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस असंतुलन को दूर कर सभी विकास खंडों में सचिवों की तैनाती का न्यायसंगत एवं पारदर्शी पुनर्गठन करता है या नहीं।

प्रमुख प्रश्न यह है कि जब कुछ विकास खंड सचिवों की अधिकता और कुछ सचिवों के घोर अभाव से जूझ रहे हैं, तो आखिर प्रशासन संतुलित तैनाती सुनिश्चित करने में अब तक सफल क्यों नहीं हो पाया?

# बिना किसी खर्च भार जगमगाएगा विकास खंड कार्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। रंगरोगन, हरियाली और बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था के लिए अपनी अलग पहचान बना चुका विकासखंड निंदूरा परिसर अब रात के समय भी सौर ऊर्जा संचालित लाइटों की रोशनी से जगमगाएगा। परिसर को और अधिक आकर्षक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से यूपी नेडा द्वारा यहां दो हाईमास्ट तथा छह छोटी सौर ऊर्जा संचालित लाइटें स्थापित की जा रही हैं। गुरुवार को तकनीकी टीम द्वारा विकासखंड परिसर में सोलर हाईमास्ट और अन्य सौर लाइटों के स्थापना कार्य की शुरुआत की गई। लाइटों के लिए सोलर पैनल, पोल और अन्य उपकरण परिसर में पहुंच चुके हैं तथा तेजी से स्थापना कार्य किया जा रहा है।

एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी नेडा के माध्यम से दो हाईमास्ट और छह छोटी सौर ऊर्जा संचालित लाइटें लगाई जा रही हैं। यह पूरी तरह स्वचालित प्रणाली होगी, जिसमें दिन के समय सोलर पैनलों द्वारा ऊर्जा संग्रहित कर बैटरियों को चार्ज किया जाएगा और रात्रि में लाइटें स्वतः संचालित होकर परिसर में उजाला बिखेरेंगी।

विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी सौर ऊर्जा से संचालित ये लाइटें परिसर को रोशन रखेंगी। इससे ब्लॉक परिसर में आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।

बताते चले कि विकासखंड निंदूरा परिसर पहले से ही अपने आकर्षक रंगरोगन, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के लिए चर्चा में रहा है। अब सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था जुड़ने से परिसर की सुंदरता में और वृद्धि होगी तथा यह ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जल्द ही स्थापना कार्य पूर्ण होने के बाद विकासखंड परिसर रात के समय भी पूरी तरह रोशनी से नहाया नजर आएगा।

## पंजीयन समस्याओं को लेकर बार का ज्ञापन

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील बार एसोसिएशन ने पंजीकरण व निबंधन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपनिबंधक कार्यालय के माध्यम से भेजा।अधिवक्ताओं ने दस्तावेज पंजीकरण निजी संस्थाओं को सौंपने की व्यवस्था का विरोध करते हुए वापस लेने की मांग की।वकीलों ने कहा कि नई व्यवस्था से अधिवक्ता बैनामा लेखकों व स्टांप विक्रेता के आर्थिक हित प्रभावित होंगे।ज्ञापन में पंजीकरण कार्यालय की अव्यवस्थाओं को दूर कर कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा जनहित की परेशानियों के समाधान की मांग की गई।इस दौरान अध्यक्ष शिवप्रकाश अवस्थी महामंत्री कमलापति तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिजेश शुक्ला उपाध्यक्ष द्वितीय चैतन्य नारायण रामकुमार सोनी गौरव मिश्र व गौरीशंकर तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बस की टक्कर से मौत, गांव में कोहराम

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम केसियापुर मजरे लोहटी जई निवासी 40 वर्षीय दीपक पांडेय की थाना जरवल रोड क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से मौत हुई।वह मोटरसाइकिल यूपी 41ए एल 2590 से जा रहे थे तभी जरवल रोड के पास सामने से आ रही सरकारी बस यूपी 41बी टी 0221ने टक्कर मार दी।मौके पर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दीपक को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया।पुलिस ने बस को नियंत्रण में लकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गांव मे शोक की लहर।

## झाला मन्ना के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वीर बलिदानी झाला मन्ना के बलिदान दिवस पर नगर पालिका परिषद नवाबगंज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झाला मन्ना स्वामिभक्ति, वीरता और बलिदान के प्रतीक हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप के साथ मेवाड़ की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए युद्ध करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे इतिहास हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम का आयोजन बारह संघ विमुक्त घुमंतू जनजाति समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम गिहार ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राम मगन रावत, युवा नेता अविरल सिंह, बिन्नू जायसवाल, वीरेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सीएम डैशबोर्ड में बेहतर रैंकिंग और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, सीडीओ ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्रेटर नोएडा कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों, सीएमआईएस पोर्टल, जीरो पॉवर्टी अभियान, ई-ऑफिस, फैमिली आईडी एवं आधार सीडिंग से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गुरुवार को बैठक के संबंध जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी जानकारी साझा की गई, उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रभारी जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह ने सीएम डैशबोर्ड और विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए प्रोबेशन विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, जल निगम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, दुग्ध विकास विभाग, नेडा, वन विभाग तथा पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की स्थिति का आकलन किया। समीक्षा के दौरान फैमिली आईडी एवं आधार सीडिंग की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए डेटा अपडेट और सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और सौर ऊर्जा कार्यक्रमों के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। बैठक में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में चल रहे कायाकल्प कार्यों और विद्यालय निरीक्षण की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

# पसमांदा मुसलमानों के साथ राजनीतिक अन्याय का आरोप, बैठक में गरजे वसीम राईन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सट्टी बाजार स्थित कार्यालय में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की बैठक नगर अध्यक्ष निसार राईन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर पसमांदा मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज को वर्षों तक केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया, जबकि सत्ता, संगठन और सदन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों ने पसमांदा समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी से वंचित रखा और लोकसभा चुनाव 2024 में भी इस वर्ग को पर्याप्त अवसर नहीं मिला। वसीम राईन ने कहा कि पसमांदा समाज में कुरैशी, राईन, मंसूरी, फकीर और दलित मुस्लिम समुदायों को उनकी आबादी के अनुरूप राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज अब अपने अधिकारों और हिस्सेदारी को लेकर जागरूक हो रहा है।

बैठक में वाजिद शाह, तय्यब राईन, जावेद राईन, अब्दुल कलाम, शफीक राईन, इमरान राईन, मौलाना मकबूल, सिराज जोगी, नईम सिद्दीकी, सिराज राईन, इमरान अंसारी, शब्बीर अहमद, सलमान राईन, महमूद चौधरी, अशफाक राईन, रिजवान राईन, नदीम नवाब, रियाज राईन, मुक्ताार मंसूरी, इरफान अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण, परखी सुरक्षा व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए तथा सभी उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) निरंकार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार विश्वास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस राज्य सुप्रीमों का कोटवा में हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। अयोध्या जा रहे प्रदेश कांग्रेसअध्यक्ष अजय राय का आज कोटवा सड़क में कांग्रेसियों द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अब्दुल्लाह शेर खान के नेतृत्व एवं बनीकोडर ब्लॉक अध्यक्ष भानू वर्मा के संयोजन भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जय श्रीराम के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राम सबके हैं, आस्था का विषय राजनीति से ऊपर है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन से नई ऊर्जा मिलती है। कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने,जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस दौरान जिला सचिव डॉ मिथिलेश गौतम,मनीष रावत, अकील इदरीसी, शिव मंगल सिंह,विकास वर्मा, फतेह बहादुर वर्मा, अजय शुक्ला,नीरज मिश्रा,देवी प्रसाद वर्मा,सुरेश वर्मा, मुशीर अहमद, सुमेश,अफजल अहमद,सत्य प्रकाश वर्मा,पन्ना लाल वर्मा, फूलचंद रावत, अजय शुक्ला,माया राम,राम फ़ेर सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कुर्सी में गरजे शेखर आजाद बोले, राजनीतिक सत्ता ही बदलेगी समाज की तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। आगामी चुनावी गतिविधियों के बीच आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को फतेहपुर जाते समय कस्बा कुर्सी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजनीतिक भागीदारी और सत्ता में हिस्सेदारी को सामाजिक बदलाव की कुंजी बताया। उनके आगमन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जिससे क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती का प्रदर्शन देखने को मिला।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि राजनीतिक सत्ता वह चाबी है जो समाज की अधिकांश समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज लंबे समय से सत्ता से दूर है, जिसके कारण गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक उपेक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी गांवों में महिलाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर नहीं हैं और बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने पार्टी द्वारा उठाए गए 33 प्रमुख मुद्दों को जनता तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी मजबूत किए बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है।

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में विभिन्न दलों द्वारा सामाजिक न्याय, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण और वंचित वर्गों की राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। ऐसे माहौल में चंद्रशेखर आजाद का यह दौरा और उनका सत्ता में हिस्सेदारी पर जोर आगामी राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में आगामी चुनावों को लेकर उत्साह दिखाई दिया तथा संगठन विस्तार को लेकर चर्चा भी हुई।

# जिलाधिकारी ने तहसील रामनगर का किया औचक निरीक्षण

❒ जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लंबित राजस्व वादों में तेजी एवं कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता के दिए निर्देश

## न्यायालयों में पारित आदेशों के अमलदरामद एवं राजस्व अभिलेखों की स्थिति का किया सत्यापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी : जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा गुरुवार को तहसील रामनगर का औचक निरीक्षण किया गया।उन्होंने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखागार, न्यायालयों एवं जनसुविधाओं का अवलोकन कर राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि तहसील में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन के प्रति संवेदनशील, सहयोगात्मक एवं सम्मानजनक व्यवहार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा शिकायतों के नियमित अनुश्रवण पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय एवं अन्य राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय में पूर्व में पारित आदेशों से संबंधित पत्रावलियों को औचक रूप से निकलवाकर उनका परीक्षण किया तथा संबंधित प्रकरणों की खतौनियां मंगवाकर आदेशों के अनुपालन एवं अमलदरामद की स्थिति का सत्यापन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए लंबित प्रकरणों में तेजी लाई जाए। साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, राजस्व अभिलेखों के नियमित अद्यतन एवं कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम(वि/रा)श्निरंकार सिंह, उपजिलाधिकारी रामनगर आनंद तिवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

तहसील निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य अपेक्षित गति से न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना से संबंधित सभी कार्यों में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा धाम जनपद का प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, इसलिए कॉरिडोर निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश भी दिए।

# स्वनिधि मेले में 35 पथ विक्रेताओं को मिला ऋण स्वीकृति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सफल छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 जून से 30 जून तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को नगर पालिका परिषद नवाबगंज में वृहद लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में शहरी पथ विक्रेताओं ने भाग लेकर योजना के अंतर्गत आवेदन किए तथा विभिन्न सरकारी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। परियोजना अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को क्रमशः 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक वेंडर नगर पालिका एवं डूडा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह (मोनू) ने कहा कि स्वनिधि योजना ने समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का काम किया है तथा डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया है। डूडा की मिशन मैनेजर गरिमा सिंह ने बताया कि योजना से लाभान्वित वेंडर सरकार की अन्य आठ कल्याणकारी योजनाओं से भी स्वतः आच्छादित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि अब योजना में क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान साजिद, ऊषा, पंकज, राकेश, अनुराग, सबीना, कामिनी, हनीफ, मासूम अली और गुड़िया देवी समेत 35 पथ विक्रेताओं को बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के बैंक प्रबंधक, जनप्रतिनिधि, सभासद, डूडा कर्मी, स्वनिधि मित्र एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सीनियर टीम के माहौल में आसानी से ढलने के लिये वैभव के माता पिता दौरे पर साथ : सैकिया

एजेंसी



नयी दिल्ली। वैभव सूर्यवंशी के माता पिता को इस महीने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर साथ जाने की अनुमति देने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले के बारे में बोर्ड सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि 15 साल के एक स्कूली बच्चे को सीनियर टीम में आसानी से ढलने की सहूलियत देना जरूरी है। भारतीय टी20 टीम में पहली बार जगह बनाने वाले सूर्यवंशी को सात मैचों (आयरलैंड के खिलाफ दो और इंग्लैंड के खिलाफ पांच) के लिये चुना गया है। दौरे की शुरूआत 26 जून को बेलफास्ट में होगी। सैकिया ने दिये इंटरव्यू में कहा ,'' सभी राष्ट्रीय टीमों में सीनियर स्तर पर 14.15 साल का खिलाड़ी टीम में नहीं होता है। कई दशक बाद हमारे पास वैभव सूर्यवंशी जैसा खिलाड़ी है। उन्होंने कहा ,'' एक समय सचिन तेंदुलकर ( टेस्ट पदार्पण के समय 16 वर्ष छह महीने) थे जिन्होंने कम उम्र में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया। जब टीम में इतनी कम उम्र का खिलाड़ी हो तो मसले हो सकते हैं। उन्होंने कहा ,'' उसे सहज बनाने और सीनियर टीम में आसानी से ढलने के लिये हमें लगा कि इससे मदद मिलेगी। टीम में बाकी सभी खिलाड़ी 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और टीम प्रबंधन के सदस्य भी वयस्क हैं। हमें लगा कि इस फैसले से वैभव के लिये काफी आसान हो जायेगा। सैकिया ने कहा ,'' जब स्कूल के बच्चे ट्रिप पर जाते हैं तो एक सीनियर व्यक्ति उनके साथ होता है। वैभव अभी बच्चा है। अभी स्कूल में ही है। हमें लगा कि उसके माता पिता का साथ जाना सही होगा। सैकिया ने सोशल मीडिया पर चल रही इन अटकलों पर भी हैरानी जताई कि भारतीय बोर्ड श्रीलंका ए के खिलाड़ी के साथ हाल ही में एक मैच के दौरान मैदान पर हुई बहस को लेकर सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा ,'' सोशल मीडिया पर बहुत कुछ चल रहा है कि बीसीसीआई कार्रवाई करेगा। क्या बीसीसीआई मैच रैफरी है। ऐसे मामलों में अंपायर और मैच रैफरी फैसले लेते हैं। जो कुछ हुआ, वह खेल का हिस्सा था और बीसीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं है। यह मैच रैफरी का काम है। अगर कोई गलती कर रहा है तो वह फैसला लेंगे।

# स्मृति हमेशा मुझे मैदान पर शांत रहने के लिए कहती है: शेफाली वर्मा

एजेंसी



लीड्स। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि मानसिक रूप से मजबूत रहने से उन्हें हाल के खराब प्रदर्शन से उबरने में मदद मिली और इसके साथ ही टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने भी सहज और शांत होकर खेलने में उनकी सहायता की। अपने पहले महिला टी20 विश्व कप खिताब की कवायद में लगी भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से और दूसरे मैच में नीदरलैंड को 95 रन से हराया। नीदरलैंड के खिलाफ शेफाली ने 38 गेंदों में 55 रन बनाकर लय में लौटने के संकेत दिए। उन्होंने मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की जिससे भारत पांच विकेट पर 209 रन बनाने में सफल रहा। शेफाली ने विश्व कप से पहले खेले गए द्विपक्षीय मैचों के संदर्भ में कहा, ''इंग्लैंड के खिलाफ (द्विपक्षीय श्रृंखला में) हम अच्छी साझेदारियां नहीं कर पाए लेकिन हम आपस में इस संदर्भ में काफी बातचीत कर रहे थे और एक दूसरे का हौसला बढ़ा रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसके बाद मैंने नेट पर काफी अभ्यास किया। मैंने जमीन पर शॉट खेलने की कोशिश की, मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाए रखने की कोशिश की और हमारी साझेदारी बहुत अच्छी रही। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने कहा कि बल्लेबाजी करते समय मंधाना को उन्हें ज्यादा निर्देश देने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा, ''उन्हें मुझे बहुत ज्यादा निर्देश देने की जरूरत नहीं पड़ती। वह बहुत समझदार है। मैं हर गेंद पर छक्का लगाने के बारे में सोचती हूं लेकिन वह मुझे शांत बनाए रखती है। वह कहती है कि मुझे अधिक शॉट जमीन पर खेलने होंगे। शेफाली ने कहा, ''सबसे अच्छी बात यह है कि जिन गेंदबाजों के सामने मैं खुलकर नहीं खेल पाती उन पर वह अच्छे शॉट खेलती है। हम दोनों जानते हैं कि जब कोई ऑफ-स्पिनर या बाएं हाथ का स्पिनर गेंदबाजी करने आता है तो स्ट्राइक किसे लेनी चाहिए। हम कई साल से साथ में खेलते आ रहे हैं और जानते हैं कि स्ट्राइक किसे देनी चाहिए।


# उम्रदराज और युवा खिलाड़ी दोनों ही आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं विश्व कप में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। केप वर्डे  के 40 वर्षीय गोलकीपर इस विश्व कप में स्टार बन गए हैं जबकि सेनेगल के एक किशोर ने टूर्नामेंट में अपने पहले ही मैच में गोल किया। इस टूर्नामेंट में खेल रही 48 टीम में कुछ उम्रदराज तो कुछ युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिन्होंने अब तक मिश्रित प्रदर्शन किया। अगर उम्रदराज खिलाड़ियों की बात आती है तो सबसे पहला नाम 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो का आता है। यह स्टार खिलाड़ी पहले मैच में गोल करने में नाकाम रहा जिससे उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। 40 वर्षीय लुका मोड्रिक ने क्रोएशिया को 2018 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था, लेकिन बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ उनकी शुरुआत खराब रही। उनके फाउल के कारण ही इंग्लैंड को पेनल्टी मिली जिसे हैरी केन ने गोल में बदला। विश्व कप टीमों में कई गोलकीपर ऐसे हैं जिनकी उम्र 40 वर्ष है। इनमें जर्मनी के मैनुअल नेउर शायद सबसे प्रसिद्ध हैं, लेकिन अब केप वर्डे  के वोज़िन्हा भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। इस गुमनाम गोलकीपर ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। लियोनेल मेस्सी 38 साल के हैं और काफी चुस्त-दुरुस्त हैं। वह अगले सप्ताह 39 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक बनाकर अर्जेंटीना को पहले मैच में जीत दिलाई। अगर सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों पर गौर करें तो मैक्सिको की दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 से जीत के दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे मैक्सिको के 17 वर्षीय मिडफील्डर गिलबर्टो मोरा का घरेलू दर्शकों ने जोरदार स्वागत किया। वह मौजूदा विश्व कप में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

# घरेलू क्रिकेट में खेलने से खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया: गुरनूर बराड़

एजेंसी



लखनऊ। भारत के उभरते हुए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ का मानना है कि घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक अपने कौशल को निखारने और सबसे बड़े मंच पर कदम रखने से पहले भारत ए की टीम की तरफ से खेलने के कारण वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सहजता से प्रवेश करने में सफल रहे। पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी पहली वनडे श्रृंखला में अपनी गति और नियंत्रण से सबको प्रभावित किया है। बराड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 170 रन से जीत के बाद पत्रकारों से कहा, ''मेरे लिए भारत ए के टीम में जगह बनाना बड़ी बात थी। अगर हम रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हमें भारत ए, दलीप ट्रॉफी या ईरानी कप के लिए चुना जाएगा। जब मुझे भारत ए टीम में शामिल किया गया तो मैं बहुत खुश था। इस 20 वर्षीय तेज गेंदबाज ने वर्तमान श्रृंखला में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी गति, उछाल और दबाव में यॉर्कर डालने की क्षमता से बल्लेबाजों को परेशान किया है। बराड़ ने दोनों वनडे मैचों में 15.5 ओवर में छह विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह बिल्कुल वैसा ही था जैसा रणजी में गेंदबाजी करते समय होता था। तेज गेंदबाजी करना, सटीक लेंथ पर गेंद डालना और गेंद को स्विंग कराना। मैंने भारत ए की तरफ से खेलते हुए भी ठीक वैसा ही करने की कोशिश की और उसी लाइन पर गेंद डाली। छह फीट पांच इंच लंबे बराड़ ने अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया है। उन्होंने कहा, ''मैं खुद पर और अपने काम पर भरोसा रखता हूं। मैं जिस तरह की गेंद भी करूं उस पर भरोसा रखता हूं। मैं इन दोनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मुझे पता है कि मैं इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। उम्मीद है कि आगामी मैचों में मैं और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा। बराड़ ने इसके साथ ही कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलने से उन्हें फायदा मिला।

## टीम का हौसला बढ़ाने के लिए सरकारी खर्चे पर वैंकूवर पहुंचे कतर के प्रशंसक

वैंकूवर। कतर के प्रशंसक विश्व कप फुटबॉल में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए सरकारी खर्चे पर यहां पहुंच गए हैं। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के प्रयास से कतर के लगभग 1000 प्रशंसक चार्टर्ड जेट विमानों से कनाडा के खिलाफ होने वाले मैच से पहले वैंकूवर पहुंच गए हैं। प्रशंसक फ़ेयरमोंट और जेडब्ल्यू मैरियट पार्क जैसे आलीशान होटलों में ठहरे हुए हैं। कतर के प्रशंसक शहर में पारंपरिक दरबुका ढोल बजाकर सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। कतर के कप्तान अब्दुलअज़ीज़ हातेम ने कहा, ''सबसे पहले मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जो यहां पहुंचे हैं। हम अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से जानते हैं और हम इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे जिससे कि वे स्टेडियम से खुश होकर जाएं और हम पर गर्व महसूस करें।

# महिला हॉकी नेशंस कप: भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

एजेंसी



ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत शामिल हैं। अमेरिका पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में भारत के लिए दीपिका (24वें मिनट, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए चियारा एपेंनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल दागे। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए एक खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। मुकाबले के पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद उरुग्वे ने 13वें मिनट में चियारा के गोल से बढ़त हासिल कर ली। हालांकि भारत ने जोरदार वापसी करते हुए हाफ टाइम से पहले अपनी शानदार फॉर्म में चल रही खिलाड़ी दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर को 24वें मिनट में सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। पहले हॉफ के बाद भारत ने अपनी खेल की तीव्रता बढ़ाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा। 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग के शानदार गोल की बदौलत भारत ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

# मनप्रीत सिंह बने भारत के सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले हॉकी खिलाड़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मिडफील्डर मनप्रीत सिंह बुधवार को भारत के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले पुरुष हॉकी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोटर्डम में जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2025-26 मैच के दौरान अपना 413वां इंटरनेशनल मैच खेला। 33 वर्षीय मनप्रीत ने भारत के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष दिलीप टिर्की को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अपने करियर में नेशनल टीम के लिए 412 मैच खेले थे। मनप्रीत का 413वां मैच उन्हें पुरुषों के इंटरनेशनल हॉकी मैचों की ऑल-टाइम लिस्ट में पांचवें स्थान पर ले आया। बेल्जियम के जॉन-जॉन डोहमेन 481 मैचों के साथ लिस्ट में सबसे आगे हैं, उनके बाद नीदरलैंड के ट्यून डी नूइजर (453), ऑस्ट्रेलिया के एडी ओकेंडेन (451) और ग्रेट ब्रिटेन के बैरी मिडलटन (432) हैं। यह भारतीय मिडफील्डर अभी एकमात्र ऐसे एक्टिव पुरुष इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं जिन्होंने 400 से ज़्यादा मैच खेले हैं। 2011 में सीनियर डेब्यू करने के बाद से, मनप्रीत सिंह इंटरनेशनल मंच पर भारत की वापसी में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने टोक्यो 2020 ओलंपिक में टीम की कप्तानी करते हुए ब्रॉन्ज़ मेडल जिताया और वे उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने पेरिस 2024 ओलंपिक में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता था। इसके अलावा, मनप्रीत ने 2014 और 2022 एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल, 2017 और 2025 में एशिया कप खिताब और कई बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में भारत की मदद की है। मनप्रीत ने कहा, भारत के लिए इतने सारे मैच खेलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और इस मुकाम तक पहुंचना मुझे बेहद खुशी देता है। मैं यह कामयाबी अपनी टीम के साथियों को समर्पित करता हूँ और अपने करियर के हर कदम पर साथ देने के लिए हॉकी इंडिया का शुक्रिया अदा करता हूँ।

# संक्षिप्त समाचार

### इनियान पा ग्लोबल शतरंज महोत्सव में खिताब जीतने के करीब

**मुंबई।** ग्रैंडमास्टर इनियान पा को ग्लोबल शतरंज महोत्सव के मास्टर वर्ग में खिताब जीतने के लिए अब केवल ड्रॉ की जरूरत है। इनियान अन्य खिलाड़ियों से एक अंक आगे शीर्ष पर काबिज हैं जबकि अब केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। इनियान के अब सात अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज बोरिस सावचेंको, सुरेश, आकाश शरदचंद्र दलवी, अपूर्व कांबले और अजय संतोष परवथारेड्डी पर एक अंक की बढ़त बनाए हुए हैं। इनियान नौवें दौर में परवथारेड्डी का सामना करेंगे।

### खराब शुरुआत के बावजूद पुर्तगाल का विश्व कप अभी खत्म नहीं हुआ है: क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**ह्यूस्टन।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व कप के अपने पहले मैच में कांगो के खिलाफ पुर्तगाल के प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि विश्वकप अभी समाप्त नहीं हुआ है हम आगे की ओर देख रहे हैं। बुधवार को हुआ यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था हालांकि मैच में पुर्तगाल ने गेंद पर अधिक देर तक कब्जा बनाए रखा, लेकिन वह एक ही गोल करने में सफल रहा। मैच के बाद 41 वर्षीय रोनाल्डो ने पत्रकारों से कहा , कोई कमी नहीं थी। यही तो फुटबॉल है। पुर्तगाल जीत सकता था, लेकिन हार भी सकता था। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, ्ल्यह वह शुरुआत नहीं थी जो हम चाहते थे, लेकिन यह अभी खत्म नहीं हुआ है। सावधान रहो और अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करो।

### एनएसई ने आईपीओ के लिए सेबी के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का प्रारूप जमा कराया

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का प्रारूप जमा करा दिया है। कंपनी देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का संचालन करती है। एनएसई ने बुधवार देर रात बताया कि कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अलावा शेयर बाजार बीएसई के पास भी रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का प्रारूप जमा कराया है, जहां वह सूचीबद्ध होगी। प्रारूप के अनुसार, आईपीओ के तहत एक रुपये अंकित मूल्य वाले 14,89,05,525 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। उसके इस प्रस्ताव को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। आईपीओ का समय बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से बाद में तय किया जायेगा। एनएसई के जो शेयरधारक अपने शेयर बेच रहे हैं उनमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, जेनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अलावा तीन विदेशी संस्थान एमएस स्ट्रेटेजिक (मॉरिशस) लिमिटेड, कनाडा पेंशन प्लान इनवेस्टमेंट बोर्ड और एरांडा इनवेस्टमेंट (मॉरिशस) पीटीई लिमिटेड शामिल हैं।

### फ़ेडरल रिजर्व ने अमेरिका की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया, ब्याज दर स्थिर रखी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व ने बुधवार को समाप्त अपनी दो दिवसीय बैठक में महंगाई को लेकर चिंता जताते हुए नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। साथ ही, पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान कम कर दिया है। फ़ेड की मुक्त बाजार समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री केविन वार्श ने कहा कि समिति ने नीतिगत ब्याज दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया है। यह फ़ेड की दोहरी जिम्मेदारी को समर्थन देने के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक बैंकिंग तंत्र में पर्याप्त रिजर्व रखने की अपनी नीति को एक बार फिर दोहराता है। नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के फैसले के पक्ष में समिति में 12 वोट पड़े जबकि विपक्ष में कोई वोट नहीं पड़ा। समिति के बयान में कहा गया है कि आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण ऊर्ज़ा समेत कतिपय सेक्टरों में कीमतों में उछाल आया है। समिति कीमतों में स्थिरता लाने के लिए काम करेगी। बैठक के बाद जारी आर्थिक अनुमान में इस साल के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 2.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

# टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों की कीमत में एक जुलाई से करेगी 2.5 फीसदी की वृद्धि




नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अब अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई कीमतें आगामी एक जुलाई से लागू होंगी। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि यह मूल्य वृद्धि उसके सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। हालांकि अलग-अलग मॉडल एवं संस्करण के अनुसार बढ़ोतरी की दरें अलग-अलग हो सकती है। टाटा मोटर्स के मुताबिक यह कदम कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए उठाया जा रहा है। इससे पहले कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। टाटा मोटर्स के कार के दाम में यह बढ़ोतरी भी आगामी एक जुलाई से लागू होगी। कंपनी ने बताया था कि उसकी पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक कारों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका पुराना नाम टेल्को था। ये टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसकी उत्पादन इकाइयां भारत में जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित देश के कई शहरों में हैं।

# इंडिगो एयरलाइन ने 'कैब्स विद इंडिगो' एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइन ने गुरुवार को 'कैब्स विद इंडिगो' नाम से एक नई एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की है। यह सर्विस देश के सभी शहरों में उपलब्ध होगी और इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़ी होगी। इसके जरिए हवाई सफर करने वाले यात्रियों को 49 रुपये में कैब रिजर्वेशन, 100 फीसदी कन्फर्म राइड, बिना सर्ज प्राइसिंग, फ्री कैंसिलेशन और 30 मिनट फ्री वेटिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कंपनी ने कहा कि आसान और बिना किसी परेशानी वाली यात्रा देने के अपने वादे को पूरा करते हुए भारत की पसंदीदा एयरलाइन इंडिगो ने 'कैब्स विद इंडिगो' सर्विस शुरू की है। यह एक खास एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस है, जिसे भारत के सभी शहरों में एयरपोर्ट तक और वहां से आने-जाने के लिए भरोसेमंद, समय पर और तनाव-मुक्त कनेक्टिविटी देने के लिए बनाया गया है। एयरलाइन के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगो ब्लूचिप' के साथ आसानी से जुड़ी यह सर्विस सदस्यों को 'कैब्स विद इंडिगो' पर खर्च किए गए हर 100 रुपये के लिए 5 'इंडिगो ब्लूचिप' कमाने का मौका देगी, जिससे तेजी से पॉइंट जमा होंगे और पूरी यात्रा एक फायदेमंद अनुभव बनेगी। इंडिगो के चीफ डिजिटल और इन्फॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा कि इंडिगो में हमारा ध्यान सिर्फ उड़ानें चलाने से कहीं ज्यादा है। हम एक ऐसा आसान और पूरा ट्रैवल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि 'कैब्स विद इंडिगो' की शुरुआत इस विजन को और मजबूत करती है। यह पक्का करती है कि यात्रा का हर चरण, 'घर से एयरपोर्ट और फिर आखिरी मंज़िल तक' आसान, भरोसेमंद और तनाव-मुक्त हो। नीतन चोपड़ा ने कहा कि जैसे-जैसे हम अपनी ट्रैवल सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, यह सर्विस हमारे ग्राहकों को काम की, बिना किसी परेशानी वाली और एक जैसी ट्रैवल सुविधा देने के हमारे वादे को और मज़बूत करती है। 'कैब्स विद इंडिगो' अब इंडिगो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के ज़रिए बुकिंग के लिए उपलब्ध है। इंडिगो ग्राहकों के लिए शुरू से आखिर तक की यात्रा को आसान बनाने पर ध्यान देते हुए एक बेहतर ट्रैवल इकोसिस्टम में लगातार निवेश कर रही है और 'कैब्स विद इंडिगो' का लॉन्च उसी वादे का एक स्वाभाविक विस्तार है।

# भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल

## एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक की क्षमताओं को मजबूत करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को देश के पहले स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) को समुद्री बेड़े में शामिल किया गया। भारतीय तटरक्षक फ्लीट में एसीवी का शामिल होना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिहाज से अहम है।

कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक के वरिष्ठ अधिकारियों और शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह समारोह गोवा में हुआ। यह मौका स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ाने और जरूरी समुद्री प्लेटफॉर्म पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में कई स्टेकहोल्डर्स की लगातार कोशिशों के सफल नतीजे का प्रतीक है। इस एयर कुशन व्हीकल को भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है, जो देश के समुद्री इंडस्ट्रियल बेस की बढ़ती ताकत को दिखाता है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्वदेशी इनोवेशन को बढ़ावा देने, घरेलू शिपबिल्डिंग विशेषज्ञता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर डिफेंस इकोसिस्टम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को सहयोग करने की दिशा में जरूरी कदम है। यह जहाज समुद्री कार्यों में ऑपरेशनल मदद करेगा और समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा। यह मौका भारतीय तटरक्षक, रक्षा मंत्रालय और भारत की इंडस्ट्री के बीच राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के हिसाब से एडवांस्ड स्वदेशी सॉल्यूशन देने में करीबी सहयोग को भी दिखाता है। ऐसी पहल देश की रक्षा विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने और समुद्री क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी उत्प्रेरक का काम करती हैं। एसीवी का शामिल होना स्वदेशी क्षमता विकास की दिशा में भारत की यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक, काबिल और भविष्य के लिए तैयार समुद्री सेना बनाने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर किए गए प्रयासों को दिखाता है।

# आध्यात्मिक चेतना, आदिवासी मूल्यों से बनेगा विकसित भारत : मुर्मु

एजेंसी

बैतूल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा समाज बनाने का संकल्प है जो मानव कल्याण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज की जीवन शैली प्रकृति के साथ संतुलन और आध्यात्मिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे पूरे देश को प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने यहां ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित ''आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवासी समाज का सशक्तिकरण'' महा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासी महिला-पुरुषों का अभिवादन किया। राष्ट्रपति ने सम्मेलन के आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल केवल बैतूल या मध्य प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज की उपभोगवादी और तेज़ गति वाली दुनिया में आध्यात्मिक शुचिता तथा प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास



ऐसा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दर्शन है, जो विश्व को मानवीय तथा प्रकृति-पोषक विकास का मार्ग दिखा सकता है। देश की परंपराएं केवल भौतिक उन्नति पर नहीं, बल्कि संतुलित और सर्वांगीण विकास पर आधारित रही हैं। आदिवासी समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवन शैली स्वाभाविक रूप से आध्यात्मिक मूल्यों के निकट होती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सुख, शांति, प्रेम और सामंजस्य के साथ जीवन जीना जानता है तथा हिंसा से दूर रहता है। प्रकृति के प्रति उनका सम्मान और संरक्षण का भाव आज के समय में पूरी मानवता के लिए अनुकरणीय है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आदिवासी समाज धरती, जल, वायु, आकाश, सूर्य और चंद्रमा सहित पंचतत्वों की पूजा करता है। वे प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता मानते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय धरती को नुकसान नहीं पहुंचाता, जल को प्रदूषित नहीं करता और पेड़-पौधों का संरक्षण करता है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनकी जीवन शैली एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उस कथन को याद किया जिसमें उन्होंने भारत को केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक जीवंत राष्ट्रपुरुष बताया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का कोई भी वर्ग या क्षेत्र विकास की यात्रा में पीछे नहीं रहना चाहिए। इसलिए आदिवासी समाज को आधुनिक शिक्षा, तकनीक और विकास की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है।

# प्रधान ने की नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) पुनर्परीक्षा की तैयारियों के आकलन के लिए गुरुवार को यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

श्री प्रधान ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने और पूरी तैयारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुनर्परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए मंत्रालय की ओर से नामित अधिकारी सभी राज्यों में भेजे जायेंगे, जो परीक्षा संबंधी गतिविधियों का समन्वय करेंगे और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक की अध्यक्षता वाले कमांड सेंटर को नियमित रिपोर्ट देंगे। उन्होंने राज्य सरकारों के नोडल अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर तनावमुक्त वातावरण मिले और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा कि परीक्षार्थियों को बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि वे बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी ने पुनर्परीक्षा से पहले के समय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सक्रिय समन्वय, समयबद्ध निर्देशों के प्रसार और सभी निर्धारित प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन पर बल दिया। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि एजेंसी जिला स्तर की समन्वय समितियों, राज्य पुलिस विभागों और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर परीक्षा के सुरक्षित और सुचारु आयोजन के लिए कार्य कर रही है।

# ममता बनर्जी के दो निजी सुरक्षा अधिकारी हटाए जाने पर छिड़ा राजनीतिक विवाद

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुरक्षा में तैनात दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अचानक हटाए जाने के बाद राज्य में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है।

राज्य प्रशासन के अनुसार सुरक्षा अधिकारियों को रोटेशनल तरीके से तैनात किया जाता है ताकि सुरक्षा से जुड़ी कोई भी संवेदनशील जानकारी लीक न हो लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन के इस आरोप के बाद इस मुद्दे ने राजनीतिक मोड़ ले लिया कि यह बदलाव राजनीति से प्रेरित है। श्री ओ'ब्रायन ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए और सुश्री बनर्जी के सुरक्षा इंतजामात पर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, ''यह अचानक बदलाव क्यों किया गया? क्या भवानीपुर चुनाव नतीजे से जुड़े मामले की वजह से ऐसा किया गया है? क्या इसलिए कि उन्होंने बुधवार को फ़ेरीवालों को हटाने के खिलाफ एक विरोध-मार्च का नेतृत्व किया था? आखिर यह सब क्या हो रहा है?'' यह विवाद बुधवार रात उस समय शुरू हुआ जब श्री ओ'ब्रायन ने सुश्री बनर्जी के कालीघाट घर के बाहर से सोशल मीडिया पर लाइव दिखाया और दावा किया कि गेट पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी व्यक्ति बिना रोक टोक के परिसर में प्रवेश कर सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सुश्री बनर्जी की सुरक्षा में तैनात उनके दो विश्वसनीय निजी सुरक्षा अधिकारी स्वरूप गोस्वामी और कुसुम कुमार द्विवेदी को पुलिस ने अचानक हटा दिया है। श्री ओ'ब्रायन का यह लाइव वीडियो तेजी से वायरल हो गया और राजनीतिक अटकलों को जन्म देने लगा कि क्या पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती कर दी गई है। नबन्ना के शीर्ष अधिकारियों ने ऐसे दावों को खारिज करते हुए कहा कि सुश्री बनर्जी की सुरक्षा में लगी कर्मी को वापस नहीं बुलाया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक उनकी जेड कैटेगरी सुरक्षा बरकरार है और उनके घर के आसपास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला सिर्फ निजी सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती से जुड़ा है और इस बात पर जोर दिया कि अधिकारियों को सरकारी ड्यूटी रोस्टर और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार तैनात किया जाता है। आधिकारिक सुरक्षा कार्य में निजी पसंद का कोई प्रावधान नहीं है।

# फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले पीएम मोदी

एजेंसी

पेरिस। भारत में निवेश और विस्तार योजनाओं पर हुई चर्चा पेरिस, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस दौरे के दौरान गुरुवार को दिग्गज कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की। उनके साथ भारत में निवेश के अवसरों और कारोबारी विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। इन बैठकों में सतत निर्माण, परिवहन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर रहा। पीएम मोदी जी 7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए इन दिनों फ्रांस में हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार मोदी ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के चेयरमैन एवं सीईओ बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच निर्माण और सामग्री क्षेत्र में अवसरों तथा टिकाऊ विकास पर चर्चा हुई।

मोदी ने भारत में कंपनी की मजबूत मौजूदगी और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और नए अवसर सृजित हो रहे हैं। बाजिन ने भारत में और अधिक निवेश तथा विस्तार की योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा मोदी ने एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियन से भी मुलाकात की और रेलवे के आधुनिकीकरण के अवसरों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने भारत में एल्सटॉम के निवेश और विनिर्माण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन के साथ भारतीय रेल क्षेत्र को मजबूती मिली है। सियन ने भी भारत में कंपनी के विस्तार और नए निवेश की योजनाओं से अवगत कराया। मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की उभरती कंपनी मिस्ट्रल एआई के को-फाउंडर और सीईओ आर्थर मेन्श से भी मुलाकात की।

# मोदी कल बंगाल के हुगली जिले से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी इसी कार्यक्रम में 'विकसित भारत- विकसित पश्चिम बंगाल' कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों की अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण, राष्ट्र को समर्पण एवं शिलान्यास करेंगे। वह फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीटेक, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन तथा प्रधानमंत्री धन?धान्य कृषि योजना जैसी महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत भी करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में पश्चिम बंगाल में होने वाला यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम किसानों, ग्रामीण समुदाय और युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित होगा।

# स्काई एयर मोबिलिटी ने शुरू किया देश का सबसे बड़ा डाक ड्रोन नेटवर्क

नयी दिल्ली। ड्रोन डिलिवरी कंपनी स्काई एयर मोबिलिटी ने डाक विभाग के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डाक ड्रोन नेटवर्क शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि डाक विभाग के साथ उसके समझौते के तहत विभाग के शाखा कार्यालयों और लेखा कार्यालयों के बीच मेल बैग ले जाने के लिए ड्रोन उड़ानों का संचालन किया जायेगा। यह साझेदारी हिमाचल प्रदेश और असम के 150 मार्गों को कवर करती है। ये दोनों ऐसे राज्य हैं जहां पहाड़ी भू-भाग और मानसून लंबे समय से डाक सेवाओं में बाधक रहे हैं। पहली उड़ान अनुबंध पर हस्ताक्षर के 72 घंटे के भीतर हिमाचल प्रदेश के मंडी से शुरू की गयी। राज्य में सर्दियों में बर्फबारी से सड़कें हफ्तों तक बंद रहती हैं। ऐसे समय में ड्रोन डिलीवरी से पेंशन, सरकारी दस्तावेज और दवाइयां समय पर पहुंच सकेंगी। असम में हर साल बाढ़ से गांव और द्वीप क्षेत्र कट जाते हैं। उस समय ड्रोन सेवाएं जीवन रेखा की तरह काम करेंगी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिमाचल प्रदेश के मंडी-रेहरधार मार्ग पर ड्रोन आधारित डाक और पार्सल डिलीवरी की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जो यात्रा पहले घंटों लेती थी, अब मात्र सात मिनट में पूरी होगी और रियल-टाइम ट्रैकिंग भी उपलब्ध है। यह पहल ग्रामीण डाक सेवकों से मिले फीडबैक से प्रेरित है। इस काम में स्काई एयर की फिजिकल एआई तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

# शाह से मिले सर्जियो गोर, आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने पर हुई बात

एजेंसी



नयी दिल्ली। फ्रांस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने विशेष रूप से आतंकवाद तथा नशील पदार्थों की तस्करी से निपटने के मुद्दों पर बात की। श्री गोर श्री ट्रंप और श्री मोदी की मुलाकात के दौरान बुधवार रात फ्रांस के शहर एवियन में ही थे और वहा से सीधे यहां आये हैं। श्री शाह ने श्री गोर के साथ मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुलाकात की जानकारी दी। दोनों ने विशेष रूप से सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह मंत्री ने कहा, '' आज नयी दिल्ली में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत 'भारत- अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि दोनों देशों के लोगों को इस द्विपक्षीय रिश्ते का लाभ मिले। श्री गोर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा, '' गृह मंत्री अमित शाह के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद से निपटने, अपने लोगों को नशीले पदार्थों और अवैध ड्रग्स से बचाने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने और दोनों देशों में अपराधियों को सज़ा दिलाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की। अमेरिका और भारत के अधिकारी नियमित रूप से सीमाओं को सुरक्षित करने, अपराधियों को सजा दिलाने और युवाओं को नशीली दवाओं से बचाने के लिए रणनीतिक बैठकें करते रहे हैं।

# पेज एक का शेष

### जांच में मिले...

जवाब नहीं दे पा रहे हैं। कई सवालों के गोलमोल जवाब दे रहे हैं। वहीं, दान के दिए गए रिकॉर्ड से भी एसआईटी संतुष्ट नहीं है क्योंकि उसमें भी कई चीजें अस्पष्ट हैं। इसलिए एसआईटी को जांच में अधिक समय लग रहा है। विशेष जांच दल ने पूछताछ के लिए करीब दो सौ लोगों की सूची तैयार की है। इनमें से सवा सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इनमें से कुछ से कई बार पूछताछ की है। पकड़े गए पांच संदिग्धों से भी एसआईटी ने पूछताछ की है। उनके पास से रकम भी बरामद हुई थी। सूत्रों के मुताबिक इन संदिग्धों ने कई नामों का खुलासा किया है, जिनको इस खेल में शामिल बताया है। एसआईटी ने उनके बयानों की तस्दीक कर रही है। अब सवाल है कि क्या एसआईटी की जांच के बीच एफआईआर दर्ज की जाएगी या जांच पूरी होने के बाद। या केस दर्ज ही नहीं होगा...ये सवाल अभी भी बना हुआ है।

### मेरे लिए पूरा उत्तर...

नौजवानों को यहीं रोजगार प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर में चार जातियां (गरीब, किसान, महिला, युवा) ही हैं। योजनाएं इन्हें केंद्र में रखकर ही बन रही हैं। मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए अब गरीब हाथ नहीं फैलाते, बल्कि अधिकारी घर जाकर बताते हैं कि आपका चयन हुआ है। पहले घूस देकर भी योजना का लाभ नहीं मिलता था, आज बिना सिफारिश रसोई गैस, राशन, पेंशन, आयुष्मान आदि सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में प्रभु श्रीराम, बांके बिहारी, बाबा विश्वनाथ, मां गंगा का आशीर्वाद बरसता है, यहां पैसे की कमी नहीं है। अब कोई उपद्रव नहीं करता है। हर त्योहार अब गरीबों के लिए भी खुशहाली लाते हैं। गरीब इन त्योहारों पर अच्छे कपड़े पहनकर परिवार के साथ उत्साहित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव भी स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का अंग बना है। अमर नायक वीर गुलाब सिंह लोधी देश को आजाद कराने के लिए कभी उन्नाव से हजरतगंज, लखनऊ तक पहुंचे थे। अब विकास लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक जाएगा। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ तक पहुंची है। ऐसे ही लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। चारों ओर रिंग रोड बनेगी। लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली जनपद आपस में जुड़ेंगे, विकास में सबकी बराबर की सहभागिता होगी। हमारे पास ऊर्जावान युवा, मेहनती किसान, आधी आबादी की ताकत, मां गंगा का आशीर्वाद है। अब यह जनपद भी विकसित उन्नाव के रूप में प्रस्तुत होगा। अलग-अलग जनपदों में इंडस्ट्रियल कलस्टर विकसित किए जा रहे हैं। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की तैयारी चल रही है। सरकार 100 वर्ष की कार्ययोजना को लेकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सांसद साक्षी महाराज, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, विधायक पंकज गुप्ता, अनिल सिंह, आशुतोष शुक्ल, बंबालाल दिवाकर, श्रीकांत कटियार, ब्रजेश रावत, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### 'आतंकी गतिविधियों...

दरअसल इस ऐप में एक फीचर है जिससे डेट और टाइम तक को एडिट किया जा सकता है। दरअसल टेलीग्राम के कुछ फीचर्स ऐसे हैं जिससे लोगों को ट्रेस कर पाना मुश्किल होता है। उदाहरण के तौर पर इस ऐप पर बिना फोन नंबर दिखाए हुए चैटिंग कर सकते हैं। इस वजह से स्कैमर्स इस प्लेटफॉर्म का यूज करने लगे हैं। हाल ही में नीट पेपर लीक मामले में सरकार ने एग्जाम होने तक एक हफ्ते के लिए इस ऐप पर बैन लगा दिया है। ये ऐप भारत में फिलहाल यूज नहीं किया जा सकता है। भारत में इस ऐप के करोड़ों यूजर्स हैं और कंपनी के सीईओ लगातार इसके विरोध में है। टेलीग्राम के सीईओ ने कहा है कि ऐप बैन करने से लीक नहीं रुकेंगे। क्योंकि जो लोग लीक कर रहे हैं वो दूसरे ऐप से भी लीक कर सकते हैं। हालांकि सरकार का रूख कड़ा है और मामला कोर्ट में पेंडिंग है।

### 'ईपीएफ में 8.25...

के निर्णय को अनुमादित कर दिया गया है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब इस ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत के इसी स्तर पर बरकरार रखा गया है। वर्ष 2022-23 में ईपीएफ पर ब्याज 8.15 प्रतिशत थी। सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर वर्ष 2020-21 के 8.50 प्रतिशत से घटाकर 8.10 प्रतिशत कर दी थी। यह चार दशकों में इसका न्यूनतम स्तर था । वर्ष 2025-26 में ईपीएफ खाताधारकों की संख्या सात करोड़ से अधिक थी। ईपीएफओ के प्रबंधन के अंतर्गत 31.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सम्मति है। इसके कोष का 15 प्रतिशत शेयर प्रतिभूतियों में और 85 प्रतिशत सरकारी ऋण पत्रों और अन्य भरोसेमंद ऋण प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है।

### झारखंड राज्यसभा...

था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह परिणाम कांग्रेस और महागठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। चुनाव परिणाम के दौरान तीन वोटों के अमान्य होने की चर्चा भी तेज रही। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि तीन वोटों की स्थिति स्पष्ट नहीं थी और उन्हें पहले होल्ड पर रखा गया था। बाद में इन वोटों को अमान्य घोषित किए जाने की जानकारी सामने आई। सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के भीतर ही मतदान को लेकर गड़बड़ी हुई। चर्चा है कि राजद और भाकपा-माले के विधायक पूरी तरह एकजुट नहीं रह पाए। राजनीतिक गलियारों में इसे महागठबंधन के भीतर हुआ ''खेला'' बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से कांग्रेस उम्मीदवार को नुकसान हुआ और परिमल नाथवानी को फायदा मिला। राज्यसभा चुनाव के इस नतीजे ने झारखंड की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। अब सभी की नजर निर्वाचन आयोग की आधिकारिक घोषणा और उसके बाद आने वाली राजनीतिक प्रतिक्रियाओं पर टिकी हुई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी को जीत की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी को कुल 28 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को केवल 20 वोट मिले। निशिकांत दुबे ने इसे महागठबंधन की बड़ी राजनीतिक हार बताते हुए कहा कि चुनाव परिणाम ने विपक्ष की एकजुटता के दावों की पोल खोल दी है।

### छह सांसदों ...

देसाई के साथ बुधवार को बिरला से मुलाकात की थी। इस बैठक में श्री बिरला से इन बागियों की अनदेखी करने का अनुरोध किया गया था। इसके अलावा श्री सावंत ने श्री बिरला को लिखे एक पत्र में अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे पार्टी की आधिकारिक स्थिति सुने बिना किसी भी अलग हुए गुट को मान्यता न दें। उन्होंने लिखाः ''शिवसेना (यूबीटी) सदन में अपने विधिवत अधिकृत नेता और सचेतक के माध्यम से प्रतिनिधित्व करने वाले एक एकल राजनीतिक दल के रूप में मान्यता प्राप्त करना जारी रखे हुए है, और पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले किसी भी कथित गुट या अलग हुए समूह को कोई अलग मान्यता, दर्ज़ा, विशेषाधिकार या सुविधा न दी जाए; यदि ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त होता है, तो शिवसेना (यूबीटी) को आपके कार्यालय के समक्ष अपनी प्रस्तुतियाँ देने का अवसर दिए बिना उस पर कोई निर्णय न लिया जाए। इसके अलावा पार्टी के मुख्य सचेतक अनिल देसाई ने आज संसदीय दल की बैठक बुलाई है, इस कदम को व्यापक रूप से विद्रोह के बीच वफादारी की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी ने इससे पहले 2022 में भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक बड़े विभाजन का सामना किया था।

### अमेरिका-ईरान...

होगा। फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए श्री ट्रंप ने इस समझौते का बचाव किया और इसे दुनिया को एक गंभीर आर्थिक संकट से बचाने के लिए जरूरी कदम बताया। उन्होंने कहा, ''मैं आर्थिक तबाही नहीं देखना चाहता था। अगर यह संघर्ष जारी रहता, तो दुनिया की अर्थव्यवस्था पर इसके बेहद बुरे परिणाम हो सकते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि जब भी शांति की उम्मीदें बढ़ीं, दुनिया के बाजारों ने हमेशा इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने तर्क दिया कि आर्थिक भरोसे को बहाल करने के लिए कूटनीतिक समाधान बेहद जरूरी था। इस युद्ध के सबसे बड़े आर्थिक नुकसानों में से एक ईरान द्वारा होर्मुज के समुद्री मार्ग को बंद करना था, जिससे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं और दुनिया भर में महंगाई बढ़ गई। शांति समझौते की खबर के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई है, हालांकि वे अभी युद्ध से पहले के स्तर से काफी ऊपर हैं। इस सहमति पत्र में अगले 60 दिनों तक होर्मुज मार्ग से बिना किसी रुकावट और बिना किसी शुल्क के व्यापारिक जहाजों के आने-जाने की गारंटी दी गयी है। हालांकि ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि यह अवधि समाप्त होने के बाद उस जलमार्ग में युद्ध-पूर्व की स्थिति शायद ही पूरी तरह से लौटे। ईरान की संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने समझौते का स्वागत किया, लेकिन अमेरिकी इरादों को लेकर सतर्कता भी जताई। उन्होंने ईरान के सरकारी मीडिया से कहा, ''अमेरिका पर हमारा अविश्वास बरकरार है। अगर दुश्मन तर्क की भाषा नहीं समझता है, तो हम फिर से ताकत की भाषा में बात करेंगे। इस समझौते में लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तुरंत और स्थायी रूप से रोकने की भी मांग की गई है। हालांकि, इसे लागू करने को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं, खासकर तब जब इजरायल ने संकेत दिया है कि उसका फिलहाल लेबनानी क्षेत्र से सेना हटाने का कोई इरादा नहीं है । समझौते की घोषणा के बाद भी हिजबुल्ला के खिलाफ उसके अभियान जारी रहने की रिपोर्ट हैं। श्री ट्रंप ने क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ी चिंताओं को स्वीकार किया और संकेत दिया कि उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से आगे के सैन्य अभियानों में अधिक संयम बरतने का आग्रह किया है।

# उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में उपनल, उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने सहित 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद राज्य सरकार इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजेगी। प्रदेश की साक्षरता दर 98 प्रतिशत से अधिक होने के आधार पर यह फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने उपनल कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए समान कार्य-समान वेतन के लाभ के लिए निर्धारित कटऑफ तिथि को 12 नवंबर 2018 से बढ़ाकर 2024 करने को मंजूरी दी। इससे बड़ी संख्या में कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट ने उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा संशोधन नियमावली-2026 को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत संस्कृत विद्यालयों की मान्यता, पाठ्यक्रम और परीक्षा व्यवस्था में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव के तहत अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण बढ़ी बिटुमेन कीमतों के मद्देनजर सड़क निर्माण कार्यों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए आवश्यक प्रबंधन संबंधी निर्णय लिए गए। आबकारी विभाग के प्रस्ताव में होलोग्राम दोहराव की स्थिति में दोबारा कर नहीं लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इससे विभागीय प्रक्रियाओं में सरलता आएगी। कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए सेलाकुई स्थित सगंध एवं हर्बल केंद्र में मिलावट जांच सुविधा स्थापित करने और इसके लिए पांच नए पद सृजित करने को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक में पर्यटन क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हिमालयन कार रैली के आयोजन को स्वीकृति दी गई। इस आयोजन में लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय कारों के भाग लेने की संभावना है, जिससे राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। गृह विभाग से संबंधित प्रस्तावों के तहत उत्तराखंड कारागार नियमावली में संशोधन और कारागार अधीनस्थ सेवा नियमावली को मंजूरी दी गई। इससे जेल प्रशासन और सेवा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को राहत देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की कनिष्ठ सहायक और पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2024 में प्रमाणपत्र संबंधी विलंब के कारण प्रभावित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान एक विशेष अवसर देने का निर्णय लिया गया। चारधाम यात्रा से जुड़े प्रस्ताव के तहत यात्रा में संचालित घोड़ा-खच्चरों के लिए बीमा सहायता उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया। 20 प्रतिशत सरकार और 80 पशुपालन वहन करेंगे। इससे पशुपालकों और संचालकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। पशुपालन विभाग के प्रस्ताव के अंतर्गत एम्ब्रियो ट्रांसफर तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले गौवंश के विकास और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पायलट परियोजना को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल ने खंडूड़ी और जसपाल राणा को दी श्रद्धांजलि सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी और प्रसिद्ध निशानेबाज पद्मश्री जसपाल राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

# चंडीगढ़ के 'झाड़ू योद्धा' इंदरजीत सिंह सिद्धू 23 जून को पद्मश्री से होंगे सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ 88 वर्षीय पूर्व आईपीएस अधिकारी ने स्वच्छता सेवा को बनाया जीवन का मिशन

चंडीगढ़। पंजाब कैडर के 88 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी इंदरजीत सिंह सिद्धू 23 जून को राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किये जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान करेंगी। इसी साल गणतंत्र दिवस पर उनके नाम की घोषणा की गई थी। इंदरजीत सिंह सिद्धू उन 65 सम्मानित व्यक्तियों में शामिल होंगे, जिन्हें समारोह के दूसरे चरण में सम्मानित किया जाना है। इससे पहले 25 मई को पहले चरण में 66 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया था। पूर्व पुलिस अधिकारी इंदरजीत सिंह सिद्धू देशभर में चंडीगढ़ को स्वच्छ रखने के अपने अनूठे अभियान के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 1996 में पंजाब पुलिस से उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ को अपना निवास बनाया। चंडीगढ़ के सेक्टर-49 में रहने वाले सिद्धू हर सुबह तड़के उठकर सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हैं। वह स्वयं कचरा एकत्र करते हैं और साइकिल-रेहड़ी के माध्यम से उसे उचित स्थान तक पहुंचाते हैं। उनकी यह सेवा पिछले कई वर्षों से लगातार जारी है। इंदरजीत सिंह सिद्धू का मानना है कि पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति उनकी सोच श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रेरित है। उनका कहना है कि पवन गुरु, पानी पिता और धरती माता है। जो व्यक्ति अपनी मां समान धरती पर गंदगी फैलाता है, उससे बुरा कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि लोगों को सफाई करने में नहीं, बल्कि गंदगी फैलाने में शर्म महसूस करनी चाहिए। उनके अनुसार समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इंदरजीत सिंह सिद्धू की सफाई करते हुए और कचरे से भरी रेहड़ी खींचते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसके बाद उनकी सेवा भावना को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। इंदरजीत सिंह सिद्धू का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल स्वयं सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को इसके लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि यदि 88 वर्ष की आयु में भी वह अपने हाथों से सफाई कर सकते हैं, तो समाज का हर व्यक्ति इस अभियान में योगदान दे सकता है। उद्योगपति आनंद महिंद्रा सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें अनुशासन, समर्पण और सेवा का प्रतीक बताया।पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने भी उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंदरजीत सिंह सिद्धू ने यह साबित कर दिया है कि समाज सेवा के लिए न उम्र मायने रखती है और न ही पद। उनकी निस्वार्थ सेवा देशभर के नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान, व्यवसायी वर्ग एवं प्रबुद्धजनों से किया संवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने गुरुवार को शहर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक वर्गों के लोगों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद स्थापित किया ।क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सांसद विवेक ठाकुर ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्याम अग्रवाल के आवास पर आयोजित बैठक में व्यापारियों, उद्यमियों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से भेंट की। बैठक में क्षेत्र के विकास, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ने उपस्थित लोगों के सुझावों एवं विचारों को गंभीरता से सुना और उन्हें विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बताया ।सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल एवं गौरवशाली 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश में हुए व्यापक विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ''सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण'' के मूल मंत्र के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर व्यवसायी अमित अग्रवाल, गौरव वर्णनवाल, गुड्डू, आलोक, सौरव अग्रवाल, अमित बोहरा, सुजीत चौहान, ममता अग्रवाल, चेतन सुहार्षीया,पियूष सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शांतिकुंज में तीन दिवसीय कन्या कौशल शिविर का शुभारंभ

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में जम्मू-कश्मीर प्रान्त की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वावलंबन को दिशा देने के लिए तीन दिवसीय कन्या कौशल शिविर शुरू हो गया। इस शिविर में भाग लेने के लिए जम्मू-कश्मीर से बेटियां और अभिभावकों सहित 200 से अधिक परिजनों का दल शांतिकुंज पहुँचे हैं। गुरुवार को शिविर का शुभारंभ गायत्री विद्यापीठ की प्रबंधन समिति की प्रमुख शैफाली पण्ड्या ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर शैफाली पण्ड्या ने कहा कि आज के दौर में बेटियों का सशक्त होना अनिवार्य है।

# पंजाब के वित्त मंत्री का दावा, विवादित वीडियो में सीएम भगवंत मान नहीं

■ आआपा ने 1191 एंगल से जांच करवाकर जारी की अलग रिपोर्ट, अकाल तख्त की रिपोर्ट को बताया झूठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के विवादित वायरल वीडियो को एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर सही करार दिया है। दूसरी ओर, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने गुरुवार को दो लैब की रिपोर्ट जारी करते हुए दावा किया कि विवादित वीडियो में मुख्यमंत्री भगवंत मान नहीं हैं। अकाल तख्त साहिब में मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट को तलब किए जाने के बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप है कि उन्होंने गुरुओं की तस्वीर के सामने शराब पी और उसके छींटे मारे। इसका कथित तौर पर वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसकी जांच अकाल तख्त ने करवाई और इसे सही करार देते हुए सीएम मान को गुरुदोषी और पंथ विरोधी करार दिया गया। अकाल तख्त की तरफ से मुख्यमंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्रियों को 29 जून को तलब किया गया। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने कहा कि अब 2 लैबों से जांच करवाई गई है।

उन्होंने दावा किया कि इन रिपोर्टों में कुल 1191 अलग-अलग एंगल से मुख्यमंत्री की बॉडी का विश्लेषण किया गया है, जिसमें चेहरे, कद-काठी और चाल-ढाल तक का अध्ययन शामिल है। उन्होंने कहा कि ये दोनों लैब स्वतंत्र और भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि वीडियो में सीएम भगवंत मान नहीं हैं, बल्कि किसी अभिनेता का इस्तेमाल करके वीडियो तैयार किया गया है। आम आदमी पार्टी इस मामले में पंजाब पुलिस महानिदेशक से भी मुलाकात करेगी। आज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीजीपी से मिलेगा। इस साजिश के पीछे जो लोग हैं, उनकी पड़ताल और जांच की मांग करेगा। भले ही वे देश या विदेश में बैठे हों। वित्त मंत्री ने कहा कि अकाली दल व सुखबीर बादल एंड कंपनी ने सीएम को बदनाम करने की कोशिश की है। चीमा ने कहा कि जनता के सामने आ गया है कि अकाली दल, सुखबीर सिंह बादल और उसकी समूची पार्टी किस तरह के फर्जी वीडियो बनवाती है और लोगों की भावनाओं से खेलती है। पंजाब के लोगों की धार्मिक भावनाएं भडक़ाना चाहती है। अशांति फैलाना चाहती है।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: डीयू ने वैश्विक स्तर पर 322वां स्थान किया प्राप्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में अपनी स्थिति पहले से और बेहतर की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि इस बार डीयू ने वैश्विक स्तर पर 322वीं ग्लोबल रैंक हासिल की है, जबकि पिछले वर्ष, रैंकिंग में डीयू 328वें स्थान पर था। कुलपति ने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालयों में डीयू पहले स्थान पर है और देश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में डीयू का 7वां स्थान रहा है, इससे देश के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में डीयू की जगह और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स के ताजा संस्करण में दुनिया भर के 8,808 संस्थानों का मूल्यांकन किया गया है, जिसमें 106 देशों और क्षेत्रों के 1,504 विश्वविद्यालयों को रैंकिंग में स्थान मिला है। योगेश सिंह ने बताया कि इस रैंकिंग में शामिल किए गए 52 भारतीय संस्थानों में दिल्ली विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर अपनी स्थिति मजबूत की है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 जून से पंजाब में शुरू करेंगे चुनाव अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन 20 जून से पंजाब के तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत अमृतसर स्थित श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेककर करेंगे। इसके बाद वह अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में भी दर्शन करेंगे। यह नितिन नवीन का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालने के बाद पंजाब का पहला दौरा होगा। अमृतसर से नितिन नवीन जालंधर और लुधियाना जाएंगे, जहां वह भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 21 जून को लुधियाना में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें करीब 7,500 पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान नवीन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने इस बार शिरोमणि अकाली दल के बिना अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व पंजाब को लेकर संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता बढ़ा रहा है। अमृतसर से दौरे की शुरुआत को सिख समुदाय तक पहुंच बनाने और पार्टी के जनाधार को पारंपरिक शहरी हिंदू वोट बैंक से आगे बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा नेताओं के अनुसार लुधियाना में होने वाला बड़ा सम्मेलन मालवा क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक ताकत दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी के एक नेता ने कहा कि यह दौरा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अप्रैल में पंजाब चुनावों को लेकर दिए गए संदेश की अगली कड़ी है, जिसमें उन्होंने भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने और पंजाब के सर्वांगीण विकास का दावा किया था।

# प्रदूषित हो रही गंगा, डॉल्फिन के अस्तित्व पर संकट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। विलुप्तप्राय राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन के संरक्षण को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि डॉल्फिन के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बिहार में पांच अक्टूबर को डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय जलीय जीव को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के किनारे भारत का पहला राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (एनडीआरसी) स्थापित किया गया है, जहां गंगा डॉल्फिन के व्यवहार और संरक्षण पर शोध किया जाता है। भागलपुर जिले में सुल्तानगंज से लेकर कहलगांव के बीच गंगा नदी का करीब 60 किलोमीटर लंबा क्षेत्र विक्रमशिला गांगेय डॉल्फिन अभ्यारण्य बनाया गया है। यहां अवैध शिकार और मछली पकड़ने वाले जालों पर कड़ी नजर रखी जाती है। केंद्र सरकार भी प्रोजेक्ट डॉल्फिन नामक परियोजना के तहत बिहार को केंद्र में रखकर इसकी आबादी बढ़ाने तथा उनके आवास परिक्षेत्र को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त बनाने पर काम कर रही है। इसके अलावा बिहार सरकार वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्थानीय मछुआरों को जागरूक कर रही है। केंद्र की नमामि गंगे योजना के तहत गंगा नदी में प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि, जैव विविधता कायम रहे और जलीय जीवों की आबादी बढ़ती रहे। गंगा प्रहरी और डॉल्फिन मित्र भी इस अभियान में शामिल है। वर्ल्ड बैंक और राज्य के वन विभागों की मदद से स्थानीय मछुआरों और युवकों को प्रशिक्षित कर डॉल्फिन मित्र बनाया गया है, ताकि संकट में फंसी गंगा डॉल्फिन को समय रहते मदद मिल सके और लोगों के बीच इसके संरक्षण को लेकर जागरुकता फैल सके। पर्यावरण विद दीपक कुमार उर्फ झुन्नू बताते हैं कि सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास एक हद तक कारगर रहे हैं, तभी तो इनकी संख्या लगभग स्थिर है और अवैध शिकार में भी कमी आई है। मूल बात यह कि हम गंगा डॉल्फिन या अन्य जलीय जीवों को तभी बचा सकेंगे, जब हम गंगा को बचाएंगे। इसके साथ ही गंगा नदी डॉल्फिन प्लेटफॉर्म के सभी हितधारकों को पूरे समन्वय के साथ मिलकर काम करना होगा। गांगेय डॉल्फिन के संरक्षण और भागलपुर स्थित डॉल्फिन अभयारण्य के विकास को लेकर प्रशासनिक सुस्ती और फंड के इस्तेमाल पर अब सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि डॉल्फिन अभयारण्य के एनओसी के नाम पर क्लीयरेंस फंड में करोड़ों की राशि जमा है, लेकिन विकास कार्य फाइलों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। नियम के अनुसार इस राशि का उपयोग डॉल्फिन अभयारण्य के विकास और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए होना चाहिए था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि गंगा नदी डॉल्फिन मछलियों से भरपूर और अशांत गहरे जल में पनपती है और कम तेज धारा वाले क्षेत्र में निवास करती है। 2009 में इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। इसका शिकार प्रतिबंधित है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जन कल्याण शिविर का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिल्लीवासियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आज संदेश विहार स्थित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कम्युनिटी हॉल में जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण की प्रेरणा से दिल्ली सरकार 18 से 20 जून तक राजधानी के 42 स्थानों पर जन कल्याण शिविर आयोजित कर रही है, जहां केंद्र एवं दिल्ली सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीकरण एवं सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपने निकटतम जन कल्याण शिविर में पहुंचकर इन सुविधाओं का लाभ अवश्य उठाने का आग्रह किया है। इसके अलावा दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) सामुदायिक केंद्र, बंगाली मार्केट में जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से केंद्र एवं दिल्ली सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, पंजीकरण और सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और जनभागीदारी के माध्यम से विकसित दिल्ली के संकल्प को साकार करने के लिए शिवरों को आयोजन किया जा रहा है।

## शहीदी दिवस याद किए गए सिक्खों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी महाराज

भागलपुर। सिक्खों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर गुरुवार को जिले भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम बीच शहर स्थित गुरुद्वारा परिसर में हुआ जहां श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दौरान राहगीरों और आम लोगों के बीच लस्सी का वितरण किया गया, जबकि परिसर में सामूहिक अरदास और कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं के बीच कच्ची लस्सी दूध, पानी, चीनी और गुलाब जल मिलाकर तैयार की शर्बत वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि सिख परंपरा के अनुसार जेठ माह में गुरु अर्जन देव जी की शहादत की स्मृति में देशभर के गुरुद्वारों में कच्ची लस्सी का वितरण किया जाता है। इस मौके पर गुरुद्वारा के संरक्षक खेमचंद बच्चानी ने कहा कि मुगल शासक जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव जी को अनेक प्रकार की शारीरिक यातनाएं देकर धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करने का प्रयास किया था, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों और धर्म से समझौता नहीं किया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063